# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी





**जय बाबा केदार**

◆ केंद्रीय कैबिनेट में पर्वतमाला प्रोजेक्ट की मंजूरी, निर्माण की समयसीमा चार से छह वर्ष

## सोनप्रयाग से केदारनाथ तक बनेगा रोपवे

# नौ घंटे का सफर सिर्फ 36 मिनट में, 2 महीने की जगह 6 महीने तक होंगे दर्शन

**1 केदारनाथ रोपवे**
- खर्च: 4,081 करोड़ रुपए
- लंबाई: 12.9 किलोमीटर
- क्षमता: 36 लोग बैठ सकेंगे

**2 हेमकुंड रोपवे**
- खर्च: 6,811 करोड़ रुपए
- लंबाई: 12.4 किलोमीटर

*रोपवे परियोजना निर्माण और संचालन के दौरान और साथ ही पूरे वर्ष आतिथ्य, यात्रा, खाद्य और पेय (एफएंडबी) और पर्यटन जैसे संबद्ध पर्यटन उद्योगों में पर्याप्त रोजगार के अवसर पैदा करेगी*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय रोपवे विकास कार्यक्रम की पर्वतमाला परियोजना के तहत उत्तराखंड में सोनप्रयाग से केदारनाथ तक 12.9 किलोमीटर लंबी रोपवे परियोजना को मंजूरी दे दी है। इसके अलावा गोविंदघाट से हेमकुंड साहिबजी के बीच भी 12.4 किमी लंबा रोपवे बनेगा। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। फैसले की जानकारी देते हुए मंत्री ने कहा कि इस परियोजना का बड़ा फायदा यह होगा कि जिस यात्रा में वर्तमान में 8-9 घंटे लगते हैं, इसके बनने के बाद घटकर 36 मिनट की हो जाएगी।





यह सबसे उन्नत ट्राई-केबल डिटैचेबल गोंडोला (3एस) तकनीक पर आधारित

**सबसे उन्नत तकनीक से विकसित होगा**

इसमें 36 लोगों के बैठने की क्षमता होगी। वैष्णव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को केदारनाथ रोपवे परियोजना को मंजूरी दे दी। इस रोपवे को डिजाइन, निर्माण, वित्त, संचालन और हस्तांतरण (डीबीएफओटी) मोड पर विकसित किया जाएगा। यह सबसे उन्नत ट्राई-केबल डिटैचेबल गोंडोला (3एस) तकनीक पर आधारित है।

### रोपवे रोजाना 18 हजार यात्रियों को ले जाएगा

*केदारनाथ रोपवे डिजाइन क्षमता 1,800 यात्री प्रति घंटे प्रति दिशा (पीपीएचपीडी) होगी और यह प्रतिदिन 18,000 यात्रियों को ले जाएगा। रोपवे परियोजना निर्माण और संचालन के दौरान और साथ ही पूरे वर्ष आतिथ्य, यात्रा, खाद्य और पेय (एफएंडबी) और पर्यटन जैसे संबद्ध पर्यटन उद्योगों में पर्याप्त रोजगार के अवसर पैदा करेगी। केदारनाथ मंदिर की यात्रा गौरीकुंड से 16 किलोमीटर की चुनौतीपूर्ण चढ़ाई है और वर्तमान में पैदल या टट्टू, पालकी और* ▶▶ शेष पेज 5 पर




### हेमकुंड साहिबजी रोपवे डीबीएफओटी प्रारूप पर

गोविंदघाट से हेमकुंड साहिबजी (12.4 किमी) रोपवे परियोजनाएं शामिल हैं, जिनपर कुल 6,811 करोड़ रुपए की लागत आएगी। इन दो महत्वाकांक्षी परियोजनाओं के निर्माण की समय-सीमा चार से छह वर्ष निर्धारित की गई है। वैष्णव ने बताया कि गोविंदघाट से हेमकुंड साहिबजी तक 12.4 किमी लंबी रोपवे परियोजना को भी डीबीएफओटी प्रारूप पर विकसित किया जाएगा, जिसपर कुल लागत 2,730.13 करोड़ रुपए आएगी। वर्तमान में हेमकुंड साहिबजी की यात्रा गोविंदघाट से 21 किमी की चुनौतीपूर्ण चढ़ाई है और इसे पैदल या टट्टुओं या पालकियों द्वारा पूरा किया जाता है। प्रस्तावित रोपवे की योजना हेमकुंड साहिबजी के दर्शन करने वाले तीर्थयात्रियों और फूलों की घाटी में आने वाले पर्यटकों को सुविधा प्रदान करने के लिए बनाई गई है, और यह गोविंदघाट तथा हेमकुंड साहिब जी के बीच सभी मौसम में कनेक्टिविटी सुनिश्चित करेगा।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### औरंगजेब प्रेम: अबू आजमी विधानसभा सत्र से सस्पेंड



**मुंबई।** औरंगजेब की तारीफ करना विधायक अबू आजमी को भारी पड़ गया। बजट सत्र में पूरे सेशन से अबू आजमी को सस्पेंड कर दिया गया है। उन्होंने मुगल बादशाह औरंगजेब की तारीफ वाले बयान दिए थे। राज्य के मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने सदन में निलंबन का प्रस्ताव पेश किया। सत्ता पक्ष ने कहा कि औरंगजेब की प्रशंसा करना शिवाजी महाराज का अपमान है।

### भारतीय शेयर बाजार में जबरदस्त उछाल



**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार बीएसई सेंसेक्स 740 अंकों की बढ़त के साथ 73,730.23 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 254.65 अंक चढ़कर 22,337.30 पर पहुंच गया। लगातार 10 दिनों की गिरावट के बाद बाजार में निवेशकों को राहत दी। सेंसेक्स ने दिनभर के कारोबार में 943.87 अंकों की छलांग लगाई। लगाते हुए 73,933.80 का उच्चतम स्तर छुआ।

### डीजीपी के बेटी रान्या 14.8 किग्रा सोने के साथ पकड़ी



**नई दिल्ली।** राजस्व खुफिया निदेशालय के अधिकारियों ने सोमवार रात केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (केआईए) पर सोने की तस्करी के आरोप रान्या राव को गिरफ्तार किया। अभिनेत्री पर 14.8 किलोग्राम सोना रखने का आरोप था। रान्या ने दावा किया कि वह बिजनेस के लिए दुबई जा रही थीं। वे पुलिस महानिदेशक (पुलिस आवास निगम) रामचंद्र राव की बेटी हैं।

## अमेरिकी संसद में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का 1 घंटे 44 मिनट का भाषण | कहा- 2 अप्रैल से दुनिया भर में 'जैसे को तैसा' टैरिफ लगाएंगे, छोड़ेंगे नहीं

# चीन की धमकी...कहा-अमेरिका जंग चाहता है तो यही सही, हम आखिर तक लड़ने को तैयार

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2 अप्रैल से भारत-चीन समेत दुनिया के कई देशों पर पर जैसा को तैसा टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। ये ऐलान उन्होंने बुधवार सुबह अमेरिकी संसद के ज्वॉइंट सेशन में किया। उन्होंने रिकॉर्ड 1 घंटा 44 मिनट का भाषण दिया। अपने पिछले कार्यकाल में उन्होंने सिर्फ 1 घंटे का भाषण दिया था।

ट्रंप ने भाषण की शुरुआत अमेरिका इज बैक, यानी अमेरिका का दौर लौट आया है से की। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने 43 दिन में जो किया है वह कई सरकारें अपने 4 या 8 साल के कार्यकाल में नहीं कर पाईं। इसके अलावा ट्रंप ने पाकिस्तान को शुक्रिया भी कहा। ट्रंप ने कहा ▶▶ शेष पेज 5 पर

*ट्रंप के संबोधन को सुनने के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की कई नेता गुलाबी रंग के कपड़े के पहनकर पहुंचीं। गुलाबी रंग पहनने का मकसद यह ध्यान दिलाना था कि कैसे ट्रंप प्रशासन की नीतियां महिलाओं पर बुरा असर डाल रही हैं*

**ट्रंप ने भाषण की शुरुआत अमेरिका इज बैक यानी 'अमेरिका का दौर लौट आया है' से की**

- ट्रंप ने कहा कि उन्होंने 43 दिन में जो किया है वह कई सरकारें अपने 4 या 8 साल के कार्यकाल में नहीं कर पाईं

### भारी टैरिफ को ऐसे समझिए

- भारत से 10 लाख रुपये की एक कार को आयात करने के लिए अमेरिकी नागरिक को 12.5 लाख चुकाने पड़ते हैं। वहीं, अमेरिका में बनी इसी कीमत की कार को भारत में खरीदने के लिए 20 लाख देने पड़ते हैं।
- अलग-अलग देशों से बिजनेस में अमेरिका का कुल व्यापार घाटा 1 ▶▶ शेष पेज 5 पर



### भारत में पहले से ही चिंताएं

- भारत ने अमेरिका से आयात होने वाले कई उत्पादों- मोटरबाइक, शराब व कुछ कृषि उत्पादों पर आयात शुल्क घटाने का फैसला किया है।
- अमेरिका से रक्षा उत्पादों, तेल और गैस को ज्यादा खरीदने की बात कही है, ताकि दोनों देशों के आयात-निर्यात के अंतर को ▶▶ शेष पेज 5 पर

### ट्रंप के भाषण की खास बातें

**1. यूक्रेन जंग**

जेलेंस्की जल्द से जल्द यूक्रेन जंग खत्म करने को लेकर बातचीत के लिए आने को तैयार हैं। हमने रूस के साथ गंभीर बातचीत की है। हमें मॉस्को से मजबूत संकेत मिले हैं कि वे शांति के लिए तैयार हैं।

**2. अप्रवासी मुद्दा**

पिछले चार साल में 2.1 करोड़ लोग अवैध रूप से अमेरिका में घुसे हैं। हमारी सरकार ने अमेरिकी इतिहास में सबसे बड़ा बॉर्डर और इमिग्रेशन क्रैकडाउन शुरू किया है।

**3. जो बाइडेन**

बाइडेन अमेरिकी इतिहास के सबसे खराब राष्ट्रपति हैं। उनके कार्यकाल में हर महीने लाखों अवैध लोग देश में दाखिल हुए। उनकी नीतियों के चलते देश में महंगाई बढ़ी। ▶▶ शेष पेज 5 पर

**अमेरिकी राष्ट्रपति की गीदड़भभकी**

# देश की अर्थव्यवस्था पर कोई बड़ा असर नहीं पड़ेगा

'जैसे को तैसा' की तर्ज पर ट्रंप का भारत पर 2 अप्रैल से 'पारस्परिक टैरिफ' लगाने का ऐलान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका की संसद (कांग्रेस) के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए बुधवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा अगले महीने 2 अप्रैल 2025 से यूरोपीय संघ, कनाडा, मैक्सिको, ब्राजील और चीन की तरह ही भारत पर भी पारस्परिक आयात शुल्क (रेसिप्रोकल टैरिफ) लगाने की घोषणा की गई है। अपने संबोधन में उन्होंने करीब दो बार भारत का नाम के साथ उल्लेख करते हुए कहा कि भारत, हम पर शत प्रतिशत यानी 100 फीसदी टैरिफ लगाता है। हमारी कारों के मामले में यह 100 फीसदी से भी ज्यादा होता है। जो बिल्कुल ठीक नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति के रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने के ऐलान से दुनियाभर के देशों में हड़कंप मच गया है। भारत के उद्योग और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल अमेरिका की यात्रा पर हैं। जिसे देखते हुए यह उम्मीद की जा रही है कि ▶▶ शेष पेज 5 पर

### घोषणा के क्रियान्वयन में सालों लगते हैं

जाने-माने अर्थशास्त्री सारथी आचार्य ने हरिभूमि से बातचीत में कहा कि मैं अमेरिकी राष्ट्रपति के भारत पर पारस्परिक आयात शुल्क लगाने के बयान को महज उनकी गीदड़भभकी मानता हूं। क्योंकि मेरे हिसाब से इससे जुड़ी पूरी प्रक्रिया केवल घोषणा की बुनियाद पर टिकी हुई नहीं है। इसी के साथ उन्हें हमें एक व्यापक योजना बनाकर यह बताना होगा कि वो हमारे किन उत्पादों पर 100 फीसदी या उससे अधिक टैरिफ लगाने जा रहे हैं। किसी घोषणा के योजना बनने में सालों का समय लग जाता है। इसलिए फौरी तौर पर पारस्परिक टैरिफ का देश की अर्थव्यवस्था पर कोई बड़ा प्रभाव पड़ता हुआ नजर नहीं आ रहा है।

**श्रीलंका के राष्ट्रपति ने आमंत्रित किया था**

# अगले महीने श्रीलंका की यात्रा करेंगे पीएम मोदी!

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले अप्रैल महीने में श्रीलंका की यात्रा कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें पिछले साल के अंत में नई दिल्ली की दो दिवसीय यात्रा पर आए श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने विशेष तौर पर आमंत्रित किया था। अगर पीएम की यह यात्रा हुई तो उसमें दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े हुए विभिन्न पहलुओं, कनेक्टिविटी और आर्थिक मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की जा सकती है। भारत की तरफ से फिलहाल पीएम मोदी की श्रीलंका यात्रा को लेकर कोई जानकारी नहीं दी गई है। लेकिन मीडिया के एक वर्ग में इस बाबत खबरों का बाजार खासा गर्म है।

### भारत ने श्रीलंका को आर्थिक संकट से उबारा

गौरतलब है कि कोरोना महामारी की वजह से आर्थिक रूप से दिवालिया हुए श्रीलंका को उबारने में भारत ने अब तक कुल करीब 20 मिलियन डॉलर की वित्तीय सहायता लाइन ऑफ क्रेडिट के आधार पर दी है। वहीं, श्रीलंका के नवनियुक्त राष्ट्रपति दिसानायके ने भारत को यह आश्वासन दिया है कि वो हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में अपने भूभाग को किसी दूसरे देश के लाभ के लिए प्रयोग करने के लिए नहीं देंगे। जिससे भारत के हित प्रभावित हों। श्रीलंका के राष्ट्रपति की यह टिप्पणी उनके द्वीपीय देश पर बढ़ते चीन के प्रभाव के बीच भारत द्वारा प्रकट की जा रही अप्रत्यक्ष चिंताओं के जवाब में दी गई थी।

## राज्य बजट में गुणवत्तापरक शिक्षा पर किया जाएगा विशेष फोकस: नायब

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को चंडीगढ़ में प्रदेश के सरकारी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की और शिक्षा क्षेत्र में किए जाने वाले सुधारों पर विचार-विमर्श किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2025-26 के राज्य बजट में शिक्षा क्षेत्र पर ▶▶ शेष पेज 5 पर



## जयशंकर-लैमी की बैठक में द्विपक्षीय संबंधों सहित यूक्रेन, बांग्लादेश के मुद्दे पर हुई चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

दुनिया के कुछ भागों में जारी युद्ध और संघर्ष की वजह से चिंताजनक बने हुए वैश्विक हालातों के बीच ब्रिटेन के चेवनिंग हाउस में भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी के बीच एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय ▶▶ शेष पेज 5 पर



**रक्षा मंत्री ने दी संगठन, वायुसेना और उद्योग जगत को बधाई**

सिस्टम से वास्तविक समय पर ऑक्सीजन उत्पादन सुनिश्चित होने से बढ़ेगी पायलटों की परिचालन प्रभावशीलता

# डीआरडीओ ने तेजस के जीवन रक्षक सिस्टम का अधिकतम ऊंचाई से किया सफल परीक्षण

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) तेजस के लिए एकीकृत जीवन रक्षक सिस्टम (आईएलएसएस) का अधिकतम ऊंचाई से सफल परीक्षण किया है। यह स्वदेशी ऑन-बोर्ड ऑक्सीजन जनरेटिंग सिस्टम (ओबीओजीएस) पर आधारित एक अत्याधुनिक प्रणाली है। जिसे उड़ान के दौरान पायलटों के सांस लेने ▶▶ शेष पेज 5 पर



### सिस्टम में लगी 90 फीसदी सामग्री स्वदेशी

इस सिस्टम में लगी हुई 90 फीसदी सामग्री स्वदेशी है। जो एयरोस्पेस प्रौद्योगिकी में भारत की आत्मनिर्भरता को और विस्तार देती है। इस प्रणाली को जरूरी संशोधन के साथ मिग-29के और अन्य विमानों में उपयोग के लिए भी अनुकूलित किया जा सकता है। इस उपलब्धि को हासिल करने में डीईबीईएल, एडीए, एचएएल, सीईएमआईएलएसी, राष्ट्रीय उड़ान प्रशिक्षण केंद्र, वैमानिकी गुणवत्ता आश्वासन महानिदेशालय और वायुसेना की संयुक्त रूप से अहम भूमिका है। डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर कामत ने इस सफलता के लिए संगठन सहित अन्य भागीदारों के प्रयासों की सराहना की।

## सड़कों पर बिना रजिस्ट्रेशन चल रहे वाहनों के खिलाफ चलेगा सघन अभियान : पंकज



**नई दिल्ली।** दिल्ली की सड़कों पर वाहनों के अतिक्रमण को हटाने के लिए दिल्ली सरकार ने बुधवार को बिना रजिस्ट्रेशन चल रहे वाहनों के खिलाफ सघन अभियान चलाने का निर्णय लिया है। इस बात की जानकारी परिवहन मंत्री पंकज सिंह ने विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक के बाद दी। इस बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव (परिवहन), एमडी दिल्ली मेट्रो के साथ परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। मंत्री पंकज ने सार्वजनिक परिवहन के साथ कमर्शियल वाहनों की लाइव ट्रैकिंग प्रणाली की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा कि यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लाइव ट्रैकिंग को प्रभावी रूप से लागू करना आवश्यक है। दिल्ली सचिवालय में आयोजित इस बैठक के दौरान अधिकारियों ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से मंत्री को ई-चालान प्रणाली, पुराने वाहनों को हटाने, एआई तकनीक के उपयोग और इलेक्ट्रिक वाहन नीति के क्रियान्वयन में आ रही चुनौतियों से अवगत कराया। मंत्री पंकज ने कहा कि हमारा लक्ष्य विकसित दिल्ली का निर्माण करना है, जिसके लिए अगले 100 दिनों के रोडमैप पर कार्य किया जाएगा। उन्होंने परिवहन विभाग के एनफोर्समेंट विंग में दिल्ली में जाम की समस्या को देखते हुए वाहनों के चेकिंग के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों को सड़कों पर उतारने का निर्देश दिया।

### घरेलू सहायिका बनकर रह रही थी

# महिला नक्सली चढ़ी क्राइम ब्रांच के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच ने बाहरी दिल्ली के पीतमपुरा इलाके से झारखंड की रहने वाली एक महिला नक्सली को गिरफ्तार किया गया है। वह राजधानी में फर्जी पहचान बताकर रह रही थी और एक घरेलू सहायिका के तौर पर काम करती थी। पुलिस महिला से पूछताछ कर रही है। पता लगाया जा रहा है कि वह अभी भी सक्रिय तो नहीं थी। उससे जुड़े कितने लोग दिल्ली या अन्य जगहों पर इसी प्रकार से पहचान बदलकर रह रहे हैं।

दिल्ली पुलिस के अनुसार 23 वर्षीय महिला नक्सली मूलरूप से झारखंड की रहने वाली है। वह पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ के कई मामलों में वांछित थी। इसके खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), आर्म्स एक्ट, एक्सोसिव एक्ट और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। झारखंड की एक अदालत ने 26 मार्च 2023 को उसके खिलाफ गैर जमानती वारंट भी जारी किया था। पुलिस ने बताया कि महिला नक्सली संभवतः 2020 में दिल्ली आई थी। वह झूठी पहचान के आधार पर नोएडा और दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में घरेलू सहायिका के तौर पर काम रही थी और इसके बाद वह अंततः पीतमपुरा में रहने लगी। डीसीपी विक्रम सिंह ने बताया कि कई महीनों की निगरानी और खुफिया जानकारी जुटाने के बाद अपराध शाखा को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में एक माओवादी चरमपंथी की मौजूदगी के बारे में विश्वसनीय जानकारी मिली थी। पुलिस की टीम ने चार मार्च को महाराणा प्रताप एन्क्लेव, पीतमपुरा में छापेमारी की और महिला नक्सली को गिरफ्तार किया गया।

अभी तक की तफ्तीश में पता चला कि एक किसान परिवार में उसका जन्म हुआ था और वह 10 वर्ष की आयु में ही माओवादी गुट में शामिल हो गई थी। महिला नक्सली ने झारखंड के कोल्हान जंगल में रमेश नामक कमांडर के नेतृत्व में पांच साल तक गहन प्रशिक्षण लिया।

प्रशिक्षण के दौरान उसे इंसास राइफल, एसएलआर, एलएमजी, हथगोला और .303 राइफल जैसे आधुनिक हथियारों का इस्तेमाल करना सिखाया गया। झारखंड पुलिस के साथ 2018 और 2020 के बीच हुई तीन मुठभेड़ में वह सक्रिय रूप से शामिल थी। पुलिस और नक्सलियों के बीच 2018 में कोल्हान में मुठभेड़ हुई। इसके बाद 2010 में पोरहाट में और साल 2020 में सोनुआ में मुठभेड़ हुई थी। इन मुठभेड़ों के बाद महिला नक्सली के गुट के कमांडरों ने उसे दिल्ली चले जाने का निर्देश दिया था। पुलिस ने बताया कि झारखंड के सोनुआ थाने में महिला नक्सली के खिलाफ आपराधिक साजिश, हत्या का प्रयास और राज्य के खिलाफ युद्ध छेड़ने सहित गंभीर आरोपों के तहत कई प्राथमिकियां दर्ज हैं।

# मोबाइल टावर फ्रॉड में शामिल रहा जालसाज गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मोबाइल टावर लगवाने का झांसा देकर धोखाधड़ी और ठगी करने वाले जालसाज को साइबर, उत्तर-पश्चिम जिले की टीम ने गिरफ्तार किया है। इसने एक शख्स से 88 हजार रुपये की ठगी की थी। आरोपी अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए बार-बार अपना स्थान बदल रहा था। इसकी निशानदेही पर एक लैपटॉप और तीन मोबाइल फोन बरामद हुये हैं। जांच में पता चला कि इसने अपने साथियों के साथ मिलकर पिछले एक साल में 20 से अधिक लोगों को धोखा दिया है।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किये गये जालसाज का नाम राहुल (30) है। इसके खिलाफ सुभाष चंद्र (42) नामक शख्स ने शिकायत दर्ज करवाई थी। बताया कि उन्हें एक व्यक्ति का फोन आया था। उसने मोबाइल टावर स्थापना से स्थायी आय का आश्वासन दिया और 88 हजार रुपयों की डिमांड की थी। रुपये लेने के बाद उसने अपना मोबाइल फोन बंद कर दिया था। टीम ने आरोपी व्यक्ति के आवास पर छापेमारी की, लेकिन वह अपने पंजीकृत पते पर नहीं पाया गया। टैक्नीकल सर्विलांस के बाद आरोपी युवक को पकड़ा गया। पूछताछ में उसने बताया कि वह हरियाणा के हांसी का रहने वाला है। उसने अपने साथियों से धोखाधड़ी की तकनीक सीखी। उसने अपने आधार कार्ड पर अपना पता बदल लिया। एक मोबाइल नंबर प्राप्त कर लिया और मोबाइल टावर लगाने के नाम पर लोगों को धोखा देना शुरू कर दिया। पिछले एक साल में उसने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर 20 से ज्यादा लोगों को ठगा है।

## वेस्ट पुलिस ने दो माह में दबोचे 61 बदमाश

**नई दिल्ली।** वेस्ट डिस्ट्रिक्ट पुलिस ने इस साल के पहले दो महीनों में 61 भगोड़ों को गिरफ्तार किया है। इनमें हत्या सहित कई अन्य जघन्य अपराधों में लिप्त आरोपी व्यक्ति शामिल हैं। ज्यादातर कार्रवाई ऑपरेशन सेल द्वारा की गई। डीसीपी विचित्र वीर के अनुसार किसी आरोपी व्यक्ति को भगोड़ा घोषित किया जाता है तब वह जांच के चरण में या सुनवाई के दौरान कानून की प्रक्रिया से बच रहा होता है। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर एक विशेष टीम भी गठित की गई है जो ऐसे असामाजिक तत्वों की गिरफ्तारी पर ध्यान केंद्रित करती है। डीसीपी का कहना है कि जनवरी 2025 से अब तक पुलिस टीमों ने 32 भगोड़ों का पता लगाया है, जिनमें हत्या के मामलों में शामिल तीन व्यक्ति शामिल हैं। उन्हें बेंगलुरु, पुणे और दिल्ली से पकड़ा गया। इनमें से कुछ 2015 से फरार थे।

# डीयू की प्रोफेसर को राष्ट्रपति ने प्रदान किया अनुसंधान पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उत्कृष्ट नवाचार, अनुसंधान कार्य और प्रौद्योगिकी विकास के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू)की एक प्रोफेसर को भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पुरस्कृत किया है। डीयू प्रशासन ने बुधवार को यह जानकारी दी। डीयू से मिली जानकारी के अनुसार राष्ट्रपति भवन के दरबार हॉल में 3 मार्च को आयोजित समारोह में 8वें विजिटर्स अवार्ड, 2023 प्रदान किए थे। जैविक विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान पुरस्कार इस वर्ष दिल्ली विश्वविद्यालय की प्रोफेसर (डॉ.)



रीना चक्रवर्ती को प्रदान किया गया है। गौरतलब है कि यह पुरस्कार 2015 से भारत सरकार द्वारा प्रतिवर्ष दिया जाता है। पुरस्कार विजेताओं को एक प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार मिलता है। इस पुरस्कार के लिए डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने उन्हें बधाई दी और कहा कि विश्वविद्यालयों का उदेश्य ऐसे शोध को बढ़ावा देना होना चाहिए जो राष्ट्र की प्रगति में सहयोग दें। डीयू प्रशासन ने बताया कि डॉ. चक्रवर्ती ने 1992 में दिल्ली विश्वविद्यालय के प्राणी शास्त्र विभाग में लेक्चरर के रूप में ज्वाइन किया था। वर्तमान में वह एक वरिष्ठ प्रोफेसर हैं और विभागाध्यक्ष का पद संभाल रही हैं। प्रो. चक्रवर्ती ने अपने नियमित कार्यभार के अलावा मछली पालन में उन्नत अनुसंधान करने के लिए एक परिष्कृत अनुसंधान प्रयोगशाला विकसित करने का प्रयास किया। इस उद्देश्य के लिए, विश्वविद्यालय से वित्तीय सहायता के अलावा, उन्होंने विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों से अनुसंधान अनुदान प्राप्त किया।

# स्वामी श्रद्धानंद कॉलेज : तीन दिवसीय 'श्रद्धा तरंग' सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय के स्वामी श्रद्धानंद कॉलेज में 58 वे वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह के साथ तीन दिवसीय 'श्रद्धा तरंग' सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ बहुत सफलतापूर्वक प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज के एनसीसी के छात्रों के द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर देकर की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री रविंद्र सिंह इंद्रराज, विशिष्ट अतिथि स्थानीय विधायक राजकरण खत्री और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद क्षेत्रीय संगठन मंत्री अश्वनी शर्मा रहे। अश्विनी ने आर्य समाज के पुरोधा स्वामी श्रद्धानंद को याद करते



हुए देश की युवा शक्ति को प्रेरित किया और कहा कि देश की बागडोर इन्हीं युवाओं के कंधों पर है। उन्हें दिशा में सदैव अग्रसर रहना चाहिए। कॉलेज की गवर्निंग बॉडी के अध्यक्ष प्रोफेसर राजकिशोर शर्मा ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। एनसीसी कैडेट के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विभिन्नता में एकता की संस्कृति को भारतीय वेशभूषा एवं नृत्य द्वारा प्रदर्शित किया गया। प्राचार्य प्रो प्रवीण गर्ग, संयोजक प्रो प्रदीप कुमार और कार्यक्रम की संयोजिका डॉ प्रतिभा राणा के कुशल मार्गदर्शन में कार्यक्रम का प्रथम दिन की शुरुआत अत्यंत सफल रही। इस अवसर पर सामाजिक कल्याण मंत्री रविंद्र सिंह ने छात्रों को आह्वान किया कि वह समाज कल्याण के प्रति संवेदनशील बने और राष्ट्र निर्माण में समाज कार्य से जुड़े। साथ में उन्होंने अपने मंत्रालय की तरफ से महाविद्यालय के विकास में सभी प्रकार के मदद का आश्वासन दिया और सबकी भागीदारी को बढ़ाने का आह्वान करते हुए विकसित भारत की दिशा में सबको मिलकर के आगे बढ़ाने पर बल दिया। इस अवसर पर स्वामी श्रद्धानंद कॉलेज की वार्षिक पत्रिका 'श्रद्धा' का भी उद्घाटन किया गया।


## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **इमरान**, **पुत्र** : जुल्फीकार, **पता:** डी–407, सीमापुरी, दिल्ली; दूसरा पता : बी–364, न्यू सीमापुरी, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 199/2019 U/S 356/379/411 IPC, थाना: पटपड़गंज औद्योगिक क्षेत्र, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **इमरान** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **इमरान** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 199/2019 U/S 356/379/411 IPC, थाना: पटपड़गंज औद्योगिक क्षेत्र, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **इमरान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री छाया त्यागी
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी–05
कमरा नं. 03, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/2733/ED/2025
(Court Matter)


## इमारत का हिस्सा गिरने से दो लोग घायल

**नई दिल्ली।** मध्य जिले के जी.बी. रोड पर बुधवार को एक इमारत का एक हिस्सा ढह जाने से दो लोग घायल हो गए। घायलों को एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। बताया जाता है कि इमारत काफी पुरानी थी। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अनुसार उन्हें दोपहर दो बजकर 32 मिनट पर एक इमारत का हिस्सा ढहने की सूचना मिली थी। दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और एनडीआरएफ टीम के साथ मिलकर राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। डीएफएस के प्रमुख अतुल गर्ग ने बताया कि एक महिला और एक पुरुष इसमें घायल हो गए और उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया।

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने विधानसभा क्षेत्र शालीमार बाग का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को अपने विधानसभा क्षेत्र शालीमार बाग के बीडब्ल्यू ब्लॉक का निरीक्षण किया और वहां के निवासियों के सामने आ रही समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आवश्यकतानुसार तुरंत सुधार कार्य शुरू करने पर जोर दिया और अधिकारियों को एक महीने के भीतर वृक्षारोपण अभियान पूरा करने का निर्देश दिया। सीएम गुप्ता ने कहा कि जनता की छोटी-छोटी समस्याओं का भी पूरी प्रतिबद्धता के साथ समाधान किया जाएगा। त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक अधिकारी की जिम्मेदारी और



जवाबदेही स्पष्ट रूप से परिभाषित की जाएगी। सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में मुख्यमंत्री ने कहा कि जल बोर्ड, एमसीडी और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के साथ शालीमार बाग के बीडब्ल्यू ब्लॉक में साइट पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उन्हें जल्द हल करने के सख्त निर्देश दिए। हम जनता की छोटी से छोटी समस्या को हल करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

## पुलिस आयुक्त से की मुलाकात, कानून-व्यवस्था और ट्रैफिक पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



पालम 360 गांव के प्रधान चौधरी सुरेंद्र सोलंकी ने बुधवार को दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा से मुलाकात की और राजधानी की कानून-व्यवस्था, ट्रैफिक प्रबंधन और पालम थाना को द्वारका जिला पुलिस के तहत हस्तांतरित करने को लेकर विस्तृत चर्चा की। इस मुलाकात के दौरान दिल्ली में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने, ट्रैफिक समस्याओं को हल करने और नागरिकों को बेहतर पुलिस सेवाएं देने पर जोर दिया गया। पालम थाना क्षेत्र को द्वारका जिले के अधीन करने के मुद्दे पर भी विस्तार से बातचीत हुई। बैठक के दौरान दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने आश्वासन दिया कि इन मुद्दों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा और जल्द ही सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस नागरिकों की सुरक्षा और सुविधा को प्राथमिकता देती है और इस दिशा में हर संभव कदम उठाया जाएगा। मुलाकात के बाद चौधरी सुरेंद्र सोलंकी ने बताया कि दिल्ली की कानून-व्यवस्था और ट्रैफिक की समस्याओं को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह संवेदनशील है और जल्द ही इसके समाधान के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि पालम थाना को द्वारका जिला पुलिस के तहत लाने से स्थानीय लोगों को बेहतर पुलिस सेवाएं मिलेंगी और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत होगी।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **संतोष कुमार पुत्र** स्व0 भगवान दास, **निवासी:** A-13/5, राणा प्रताप बाग दिल्ली, ने **FIR No. 368/16 Dt. 31.07.2016, U/S 288/336 IPC, पुलिस स्टेशन भारत नगर, उत्तर–पश्चिम जिला, दिल्ली**, के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संतोष कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संतोष कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 368/16 Dt. 31.07.2016, U/S 288/336 IPC, पुलिस स्टेशन भारत नगर, उत्तर–पश्चिम जिला, दिल्ली**, के उक्त अभियुक्त **संतोष कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **08.04.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री वसुन्धरा छौकर
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, उत्तर–पश्चिम,
कोर्ट नं0 101, प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/2737/NW/2025
(Court Matter)


### थोड़ी देर और हो जाती तो हो सकती थी अनहोनी

# पीतमपुरा में कुतों का आतंक, तीन साल के बच्चे पर किया हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम द्वारा आवारा कुत्तों पर नियंत्रण के दावे निगम मुख्यालय और जोनल बैठकों में अनेकों बार किए गए लेकिन इसके बाद भी कुत्तों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। ऐसा ही एक ताजा मामला रोहिणी के पीतमपुरा इलाके से सामने आया है। बता दें कि बुधवार सुबह करीब सात बजे तीन साल के एक बच्चे पर गली के करीब चार पांच कुत्तों ने हमला कर दिया। इस दौरान बच्चे के सिर पर काफी जख्म आए हैं। पीड़ित बच्चे के पिता



विष्णु ने बताया कि उनकी पत्नी सुबह नजदीक की दुकान से दूध आदि खाद्य सामग्री लेने गई थी, इस दौरान बच्चा भी अपनी मां के साथ था। इसी बीच वह कुछ समय ही गोदी से उतरा था कि वह कुत्तों के आतंक का शिकार हो गया। यदि समय रहते कुत्तों को नहीं भगाया जाता तो अनहोनी घटना हो सकती थी। बता दें कि घायल बच्चे को बाबा साहेब अम्बेडकर अस्पताल ले जाया गया। परिजनों ने बताया कि आवारा कुत्तों की गंभीर समस्या को लेकर सभी को पता है लेकिन निगम प्रशासन ने कोई कदम नहीं उठाया है।

### महापौर भी आवारा कुत्तों से नहीं दिला पाई थी निजात

बता दें कि एनडीएमसी इलाके में कुत्तों के काटने से एक बच्ची की मौत हो गई थी तब तत्कालीन महापौर डॉ शैली ओबरॉय पीड़ित परिवार से मिली थी। इस दौरान उन्होंने कहा था कि दिल्ली को आवारा जानवरों की समस्या से अधिकारी निजात दिलाएंगे लेकिन इस दिशा में कुछ खास नहीं हो पाया है। वहीं, महापौर ने कुत्तों के आतंक से जान गंवाने वाली बच्ची के परिजनों को सांत्वना दी। बता दें कि तुगलक लेन स्थित धोबी घाट पहुंचकर मृतक के परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना दी और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। महापौर शैली ओबरॉय ने कहा कि यह काफी दुख की घड़ी है। एक मां की गोद सुनी पड़ गई है। हम उस मां को उसकी बच्ची तो नहीं लौटा सकते हैं, लेकिन दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल से इस मामले में बात करके, जितनी अधिक हो सकेगी, बच्ची के परिवार की मदद करने की कोशिश करेंगे।

### दिल्ली में कुत्तों की बढ़ती संख्या पर गंभीर हैं एमसीडी

साथ ही यह भी बता दें कि महापौर शैली ओबरॉय ने कहा था कि दिल्ली में कुत्तों की बढ़ती संख्या और कुत्तों के काटने के मामले पर दिल्ली नगर निगम गंभीर हैं और इसी दिशा में एमसीडी जल्द ही इनकी गणना शुरू कर सकती है। ताकि भविष्य में योजना बनाई जाए और इनकी संख्या को नियंत्रित किया जा सके।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि (ग्रुप) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हारट्रोन | पंचायत एवं विकास विभाग, हरियाणा की ओर से 4500 अदद एमएस ऑफिस 365 के दर अनुबंध के लिए पूर्ववर्ती निविदा सं. ई-निविदा/हार्ट/प्रोक./2024-25/11 (निविदा आईडी 2024_HBC_420596_1) के तहत प्राप्त किए गए पूर्व-बोली प्रश्नों के निगमन के पश्चात इन्डेंटिंग विभाग द्वारा प्रदान की गई विशिष्टियों के आधार पर निविदा पुनः जारी की जाएंगी। | 05.03.2025 19.03.2025 | 18 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 1722704922 [illegible] |
| 2 | हारट्रोन | पंचायत एवं विकास विभाग, हरियाणा की ओर से 4500 अदद लैपटॉप सहित अतिरिक्त सॉफ्टवेयर के दर अनुबंध के लिए पूर्ववर्ती निविदा सं. ई-निविदा/हार्ट/प्रोक./2024-25/30 (निविदा आईडी 2024_HBC_420789_1) के तहत प्राप्त किए गए पूर्व-बोली प्रश्नों के निगमन के पश्चात इन्डेंटिंग विभाग द्वारा प्रदान की गई विशिष्टियों के आधार पर निविदा पुनः जारी की जाएंगी। | 05.03.2025 19.03.2025 | 47 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 1722704922 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/80/32640/1/88/7 दि. 05.03.25




# दिल्ली सरकार बहनों की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए करती रहेगी निरंतर काम : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

हमारी सरकार दिल्ली की सभी बहनों की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए निरंतर काम करती रहेगी। यह बात दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विधानसभा में आयोजित विकसित दिल्ली बजट पर महिला संवाद कार्यक्रम में कही। विकसित दिल्ली बजट पर महिला संवाद में मुख्य रूप से महिला सुरक्षा, आर्थिक सहायता, महिला की भागीदारी बढ़ाना, बेहतर शिक्षा, सभी जगह सीसीटीवी कैमरा और शौचालय की व्यवस्था आदि विषय महिलाओं द्वारा मुख्य रूप से उठाए गए।



गौरतलब है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को महिला संगठन के साथ विकसित दिल्ली बजट पर दिल्ली विधानसभा में आयोजित महिला संवाद में विस्तृत विचार-विमर्श किया। इस संवाद सत्र में दिल्ली के विभिन्न संठगन की महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया और उन्होंने बजट से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर महिलाओं से संबंधित अपने सुझाव दिए। इस अवसर पर सीएम गुप्ता ने कहा कि मुझे खुशी है कि दिल्ली की बहनों ने सभी विषयों पर खुलकर बात की और उनके साथ मिलकर हम विकसित दिल्ली बजट को नया आकार देंगे। उन्होंने आगे कहा कि दिल्ली सरकार जो कार्य पहले नहीं कर पाई, वह अब जरूर पूरे होंगे। स्वास्थ्य, शिक्षा, महिलाओं के लिए विशेष सुविधाएं और अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर सरकार की ओर से आवश्यक कदम उठाए जाएगें। यह जरूरी है कि हम दिल्ली की महिलाओं की अपेक्षाओं और जरूरतों को समझकर कार्य करें।

■ विकसित दिल्ली बजट को लेकर मुख्यमंत्री ने महिलाओं के विभिन्न संगठनों से किया संवाद

सीएम गुप्ता ने बताया कि अगले तीन दिन तक इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन होगा और संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा करेंगे। इसके अतिरिक्त, झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले परिवारों से भी हम मुलाकात करेंगे एवं युवाओं और अन्य वर्गों के साथ भी बातचीत की जाएगी। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि हमारे संकल्प पत्र में किए गए सभी वादों को हम पूरी तत्परता और ईमानदारी से पूरा करेंगे। इस संवाद कार्यक्रम का उद्देश्य दिल्ली के नागरिकों, खासकर महिलाओं के जीवनस्तर में सुधार लाना और बजट को उन सभी वर्गों की जरूरतों के मुताबिक बनाना है।

## हमारी शिक्षा व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए जो देश में हो सर्वोत्तम : सीएम

**नई दिल्ली।** दिल्ली विकसित बजट में शिक्षाविदों के सुझाव शामिल किए जाएंगे। यह बात बुधवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली सचिवालय में विकसित दिल्ली बजट को लेकर शिक्षाविदों के साथ संवाद करते हुए कही। सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि हमारी शिक्षा व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए जो देश में सर्वोत्तम हो। इस दिशा में हम निरंतर प्रयासरत हैं। इस संवाद में शिक्षा से जुड़े विशेषज्ञों, शिक्षकों और विभिन्न संगठनों ने अपने विचार साझा किए। मुख्यमंत्री ने इसे सकारात्मक पहल बताते हुए कहा कि वर्षों से चली आ रही चुनौतियों पर खुलकर चर्चा हुई और कई महत्वपूर्ण सुझाव सामने आए। उन्होंने कहा कि यह संवाद दिल्ली के समग्र विकास और आगामी बजट को और प्रभावी बनाने में सहायक होगा। दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था को नए स्तर पर ले जाने और सरकारी व प्राइवेट स्कूलों के बीच की खाई को हटाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने संवाद कार्यक्रम में भाग लिया। मुख्यमंत्री ने इस बात पर भी जोर दिया कि सरकार जनता के सुझावों को गंभीरता से ले रही है। उन्होंने कहा कि हमारी ईमेल आईडी और व्हाट्सएप नंबर पर सैकड़ों सुझाव प्राप्त हो रहे हैं। हमारी टीम उन सभी सुझावों की समीक्षा कर रही है ताकि दिल्ली की जनता को एक सर्वश्रेष्ठ बजट प्रदान किया जा सके।

## किसी मध्यस्थ की जरूरत नहीं, कोई भी मुझसे कर सकता है सीधे बात : रेखा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को होमगार्ड को आश्वासन दिया कि वे अपनी शिकायतें लेकर सीधे उनसे संपर्क कर सकते हैं और इस बात पर जोर दिया कि उनसे बातचीत करने के लिए किसी मध्यस्थ की जरूरत नहीं है। गुप्ता ने यह टिप्पणी होमगार्ड के एक समूह से मुलाकात के दौरान की, जिन्होंने दावा किया कि उन्हें पिछले पांच महीनों से वेतन नहीं मिला है। महिलाओं की सुरक्षा के लिए दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की बसों में बस मार्शल के रूप में तैनात होमगार्ड ने यह भी कहा कि उनमें से कुछ को पिछले साल दिवाली के बाद से वेतन नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि अगर कोई बात करना चाहता है तो सीधे मेरे पास आए, किसी को किसी तरह के मध्यस्थ की जरूरत नहीं है। मुख्यमंत्री ने यहां अपने आवास पर होमगार्ड से मुलाकात की। उन्होंने उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का जल्द ही समाधान किया जाएगा। सीएम गुप्ता ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि दिल्ली के हर कोने से मेरे आवास पर भेंट करने आए परिवारजनों से मिलकर हृदय अत्यंत प्रफुल्लित है। इस दौरान, जनता जनार्दन की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और उनके निवारण का आश्वासन भी दिया।

## पिछले 10 दिनों में यमुना से निकाला गया 1300 मीट्रिक टन कचरा : प्रवेश वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार का संकल्प मां यमुना की सफाई और बाढ़ नियंत्रण के लिए दिल्ली सरकार ने अपने ठोस कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। इसके तहत यमुना नदी की सफाई जारी है और पिछले 10 दिनों में यमुना से 1300 मीट्रिक टन कचरा निकाला गया। इस बात की जानकारी बुधवार को दिल्ली के सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने अपने दौरे के दौरान दी। गौरतलब है कि सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने बुधवार को बोट क्लब से सिग्नेचर ब्रिज और आईटीओ छठ घाट तक यमुना सफाई अभियान का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर सफाई कार्यों की प्रगति का आकलन किया गया और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की। मंत्री प्रवेश ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार यमुना की सफाई और संरक्षण के लिए सुनियोजित रोडमैप और ठोस एक्शन प्लान के साथ ज़मीन पर काम कर रही है। उन्होंने बताया कि दिल्ली में भाजपा की जीत के तुरंत बाद यमुना की सफाई पर तेजी से काम शुरू किया गया, जिसके परिणामस्वरूप अब तक 1300 मीट्रिक टन कचरा यमुना से निकाला जा चुका है।



## 'आप' ने भाजपा के वादे को लेकर 'बस तीन दिन और' के लगाए पोस्टर

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को दिल्ली में आईटीओ फ्लाईओवर पर पोस्टर लगाए हैं जिन पर लिखा है, 'सिर्फ तीन दिन और।' आ ई टी ओ फ्लाईओवर पर पूर्व विधायक ऋतुराज झा और विधायक प्रेम चौहान के अलावा अन्य आप कार्यकर्ताओं ने ह्यूमन बैनर बनकर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने हाथ में बस तीन दिन और लिखा बैनर लेकर नारेबाजी की और भाजपा से पूछा कि महिलाओं को 2500 रुपए मिल जाएंगे। इसमें अब तीन दिन ही बचे हैं। दिल्ली की माताएं-बहने इंतजार कर रहीं हैं कि उनके खाते में 2500 रुपए कब आएंगे। ऋतुराज झा ने कहा कि आम आदमी पार्टी महिलाओं को 2500 रुपए दिलवाकर रहेगी।




## दिल्ली चुनाव हारने के बाद केजरीवाल एक सुरक्षित सीट की कर रहे हैं तलाश : सचदेवा

**नई दिल्ली।** दिल्ली चुनाव हारने के बाद आम आदमी पार्टी के मुखिया और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अपने लिए एक सुरक्षित सीट ढूंढ रहे हैं क्योंकि उन्हें ऐशो आराम और सुख भोगने की आदत लग गई है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने बुधवार को केजरीवाल को लेकर यह बातें कही। केजरीवाल पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि विपासना तो सिर्फ एक बहाना है क्योंकि पिछली बार से इस बार विपासना की जगह भी बदल दी है। सचदेवा ने आरोप लगाते हुए कहा कि पंजाब में केजरीवाल विपासना नहीं विलासिता करने गए हैं क्योंकि केजरीवाल आज जिस ऐश्वर्य में है, उस सहुलियत की आदत पिछले 12 सालों में उन्हें पड़ चुकी है। आज जिस प्रकार से उनके काफिले का वीडियो सामने आया है, वह अरविंद केजरीवाल के आम आदमी होने के दावे को झूठा साबित करता है। अरविंद केजरीवाल पिछले 12 सालों से दिल्ली वासियों के टैक्स के पैसों से सत्ता सुख भोग रहे थे, जिसका जवाब आखिरकार जनता ने उन्हें दे दिया इसलिए अपनी राजनीतिक जमीन खिसकता देख अब वह पंजाब की जनता के टैक्स के पैसों को बर्बाद करने में लगे हैं।



**खबर संक्षेप**

## लूट करने वाला बदमाश मुठभेड़ में घायल



**गाजियाबाद।** स्वाट टीम ग्रामीण एवं थाना अंकुर विहार पुलिस ने शादी समारोह लूटकांड में वांछित अपराधी को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान पुलिस द्वारा चलाई गई गोली से दिल्ली निवासी यह बदमाश का घायल हो गया। बदमाश के खिलाफ विभिन्न थानों में करीब दो दर्जन से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज है। अवैध तमंचा, चोरी की मोटरसाइकिल व 37 हजार रुपए बरामद हुए हैं ।

## साइबर ठगी करने वाले सात आरोपी गिरफ्तार




**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम पुलिस की टीमों ने देश भर से देश 87.06 करोड़ रुपए की साइबर ठगी करने वाले सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जा से 7 लाख 60 हजार रुपए, सात मोबाइल फोन व तीन सिम कार्ड बरामद किए हैं। पुलिस कमिश्नर विकास कुमार अरोड़ा के निर्देशन में एसीपी साइबर क्राइम प्रियांशु दीवान की अगुवाई में साइबर क्राइम पुलिस की टीमों ने साइबर ठगों को गिरफ्तार किया।

## सीए इंटरमीडिएट परीक्षा नेहा द्वितीय स्थान पर



**फरीदाबाद।** इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा घोषित सीए के इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में औद्योगिक नगरी के युवाओं ने शानदार प्रदर्शन किया है। जिसमे इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में फरीदाबाद निवासी स्नेहा वशिष्ठ ने 600 में से 480 अंक हासिल कर जिले में पहला स्थान हासिल किया है, नेहा बत्रा ने 600 में से 475 अंक हासिल कर जिले में द्वितीय स्थान हासिल किया है।

# स्वच्छ भारत मिशन में उद्यान विभाग की रहेगी अहम भूमिकाः नगर आयुक्त

## शहर को हरा भरा बनाने में जुटा निगम, उद्यान विभाग ने जोनवार दिए लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

शहर को हरा भरा करने के लिए नगर निगम के उद्यान के वरिष्ठ प्रभारी अपर नगर आयुक्त अरुण यादव व उद्यान प्रभारी डॉ. अनुज कुमार सिंह ने बुधवार को उद्यान विभाग की बैठक ली और अधिकारियों व कर्मचारियों को जॉन वाइज लक्ष्य सौंपे। बैठक के बाद डॉ. अनुज ने बताया कि नगर निगम अंतर्गत लगभग 1400 पार्क है।

जिनमें लगातार उद्यान विभाग द्वारा बेहतर कार्य जनहित में किया जा रहा है प्रतिदिन पार्कों की सफाई व्यवस्था लगे हुए पौधों में पानी की व्यवस्था पौधों की नियमित कटिंग का कार्य व अन्य आवश्यक कार्य कराई जा रहे हैं। शहर के चौराहों, ग्रीन बेल्ट, सेंट्रल वर्ज, को भी नया स्वरूप देते हुए व्यवस्थित करने की तैयारी की जा रही है ।





### हेड मालियों से रिपोर्ट मांगी

*अरुण कुमार यादव ने बताया 14 अप्रैल 2025 को डॉक्टर भीमराव आंबेडकर जयंती से पूर्व पार्कों में स्थापित डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की मूर्ति की आवश्यकता अनुसार रंग पुताई का कार्य करने के लिए भी टीम को कहा गया। इंदिरापुरम क्षेत्र में स्थित ग्रीन बेल्ट तथा सेंट्रल वर्ज को विशेष रूप से एक नया स्वरूप देने के लिए हेड मालियों से रिपोर्ट मांगी गई। सभी पार्कों में नलकूप लगे हुए हैं लगभग 1282 नलकूप है गर्मी के महीना में पानी की अधिक आवश्यकता को देखते हुए सभी नलकूप सही प्रकार से चलते रहे व्यवस्थित करने के निर्देश टीम को दिए गए।*

### गमलों की संख्या को बढ़ाया जाएगा

प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज ने बताया कि शहर की ग्रीनरी को बढ़ाया जा रहा है न केवल पार्कों को और अधिक बेहतर करने का कार्य चल रहा है बल्कि ग्रीन बेल्ट में अन्य प्रमुख चौराहों को भी सुंदर बनाया जा रहा है। हिंडन एयरपोर्ट को भी पूर्ण रूप से सुसज्जित करने की योजना बनाई जा रही है( शहर के डिवाइडर तथा सेंट्रल वर्ज पर गमले की संख्या को बढ़ाते हुए सुंदर बनाया जाएगा फूल तथा पौधों को सही प्रकार से व्यवस्थित करते हुए लगाया जाएगा। बैठक में उद्यान पर्यवेक्षक अजय हरित, अधिशासी अभियंता उद्यान रोहित अधिशासी अभियंता निर्माण राजेंद्र समस्त हेडमली तथा सुपरवाइजर भी उपस्थित रहे।

### निगम स्वच्छता के साथ-साथ सुंदरता पर भी ध्यान देगा

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम नियमित कार्यों के साथ-साथ स्वच्छता सर्वेक्षण में कई विशेष कार्यों को भी कर रहा है जिसमें उद्यान विभाग की जिम्मेदारी अलग से तय की गई है। स्वच्छ भारत मिशन के क्रम में शहर को स्वच्छ बनाने के साथ-साथ सुंदरता पर भी विशेष ध्यान निगम देगा। जिसमें उद्यान विभाग जोनवार पार्कों को हरा भरा बनाएगा, जिसके साथ-साथ मुख्य मार्गों में चौराहों को भी हरा भरा बनाने के लिए कार्य करेगा, शौचालय तथा यूरिनल के सामने गमले की संख्या को बढ़ाएगा तथा पेड़ पौधों को भी व्यवस्थित करेगा।

## स्वच्छता सर्वेक्षण क्यूआर कोड एवं लिंक द्वारा शहर के 453 निवासियों ने सांझा किए अपने सुझाव

# सफाई विभाग के अधिकारी-कर्मचारी ईमानदारी और निष्ठा के साथ करें कार्यः संयुक्त कमिश्नर द्विजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

स्वच्छता सर्वेक्षण के अंतर्गत शहरवासियों से बेहतर फीडबैक लेने के लिए नगर निगम के सफाई निरीक्षकों, दरोगा और कर्मचारी को सर्वेक्षण संबंधित क्यूआर कोड के बारे में जानकारी देकर अपडेट किया गया है। बुधवार को सर्वेक्षण क्यूआर कोड एवं लिंक के माध्यम से फरीदाबाद शहर के लगभग 453 निवासियों ने अपने सुझाव एवं राय दी है। अब सफाई कर्मचारी किसी भी शहरवासी से स्वच्छता के बारे में फीडबैक ले सकेंगे।

निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास के दिशा-निर्देशों पर निरीक्षकों और सफाई दारोगाओं और कर्मचारीगण के साथ संयुक्त कमिश्नर द्विजा ने निगम सभागार में मीटिंग के दौरान कहा की सभी कर्मचारी सर्वप्रथम अपने सुझाव सर्वेक्षण क्यूआर कोड के माध्यम से दें और उसके बाद किसी भी शहर वासी से सुझाव लेने के लिए अपने अधीनस्थ टीम के माध्यम से सफाई कार्य के दौरान शहरवासियों को जागरूक करते हुए उनसे भी सुझाव लेने के लिए क्यूआर कोड के बारे में बताएं।

» संयुक्त कमिश्नर द्विजा ने कहा की सभी कर्मचारी सर्वप्रथम अपने सुझाव सर्वेक्षण क्यूआर कोड के माध्यम से दें और उसके बाद किसी भी शहरवासी से सुझाव लेने के लिए अपने अधीनस्थ टीम के माध्यम से सफाई कार्य के दौरान शहरवासियों को जागरूक करते हुए उनसे भी सुझाव लेने के लिए क्यूआर कोड के बारे में बताएं

*कूड़ा क्लेक्शन के सैकेंडरी प्वाइंट्स को प्रतिदिन साफ करें*

*सफाई निरीक्षकों और दरोगाओं को क्यूआर कोड के बारे अपडेट किया*




### शहर की सफाई व्यवस्था का निरंतर निरीक्षण भी करें अधिकारी

संयुक्त कमिश्नर द्विजा ने सफाई विभाग के साथ मीटिंग में निर्देश दिए हैं कि शहर में सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए अपनी ईमानदारी और निष्ठा से कार्य करना होगा ताकि फरीदाबाद शहर को स्वच्छता सर्वेक्षण में अच्छी रैंक मिल सके। संयुक्त कमिश्नर द्विजा ने मीटिंग में कहा की शहर की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण भी अधिकारियों द्वारा लगातार किया जाएगा। मिटिंग में एक्सपर्ट आश्रय ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को क्यूआर कोड सर्वेक्षण के बारे में पूरी जानकारी सांझा की। उन्होंने कहा की कूड़ा क्लेक्शन के सैकेंडरी प्वाइंट्स को हर रोज सही तरीके से कूड़ा उठाकर साफ किया जाए ताकि उसके आसपास से निकलने वालों की बदबू अथवा गंदगी दिखाई न दे। इस बैठक में निगम के स्वाथ्य अधिकारी एक्सईएन ओमदत्त, स्वच्छ भारत मिशन से एक्सपर्ट कल्पना सिंह मंडल, जेई अंकित, सफाई निरीक्षक मुख्यालय बिशन तेवतिया, सफाई निरीक्षक ओल्ड जगबीर चौहान, सफाई निरीक्षक बल्लभगढ़ बृजमोहन शर्मा सहित सफाई विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## जिला खनन अधिकारी टीम सहित फील्ड में मुस्तैद

# खनिज वाहन के ई-बिल रवाना का पुनः उपयोग न हो इसका रखें विशेष ध्यानः केएम पांडुरंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद




मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा प्रदेश में कहीं भी अवैध खनन न हो और बिना ई रवाना बिल के खनिज वाहनों पर कड़ा शिकंजा कसा जा रहा है। खनन विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग स्वयं पूरे प्रदेश में खनन संबंधित हर गतिविधि पर नजर रखे हुए हैं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं। जिला खनन अधिकारी कमलेश बिधलान ने बताया कि महानिदेशक पांडुरंग के साथ ही डीसी विक्रम सिंह को दैनिक रिपोर्ट अपडेट की जा रही है। उन्होंने बताया कि उनके विभाग की पूरी टीम जिला फरीदाबाद में एक्टिव मोड में है और फील्ड में मुस्तैदी से जांच कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिला में कहीं भी चेकिंग के दौरण अवैध खनन होना नहीं पाया गया है। साथ ही जब वे फील्ड में खनिज वाहन की जांच कर रही हैं तो वे ई रवाना बिल पर चेकिंग की तिथि व समय मार्क कर रही हैं ताकि किसी भी रूप से उक्त ई बिल का पुनः उपयोग खनिज वाहन चालक द्वारा न किया जा सके। उन्होंने बताया कि वे दिन रात अपनी टीम के साथ फरीदाबाद जिला में मॉनिटरिंग सुनिश्चित कर रही हैं और हर पहलू पर फोकस रखते हुए विभागीय नियमों की पालना सुनिश्चित की जा रही है। टोल फ्री नंबर 1800 180 530 पर दें सकते हैं। सूचना जिला खनन अधिकारी का कहना है कि जहां कहीं भी जिला फरीदाबाद में अवैध खनन होने अथवा बिना ई रवाना बिल के कोई खनिज वाहन निकलने बारे सूचना देना चाहता है तो वे विभाग के टोल फ्री नम्बर 1800 180 5530 पर जानकारी दे सकते हैं। उक्त टोल फ्री नंबर पर दी जाने वाली सूचना लर विभाग पूरी सक्रियता से कार्य करेगा और यदि नियमों की अवहेलना कहीं मिलती है तो कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी। खनन विभाग महानिदेशक पांडुरंग के आदेशानुसार पूरी सक्रियता से अपना दायित्व निभा रहा है।

## *राजीनामे से हो रहा मामलों का निपटारा*

# 7 मार्च तक हो रहा है राष्ट्रीय लोक अदालत सप्ताह का आयोजनः सचिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद द्वारा जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद संदीप गर्ग के कुशल मार्गदर्शन और मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-सह-सचिव रीतू यादव के सक्षम नेतृत्व में राष्ट्रीय लोक अदालत सप्ताह का आयोजन 7 मार्च तक किया जा रहा है। इस विशेष सप्ताह का मुख्य उद्देश्य ट्रैफिक चालान केसों का अधिक से अधिक निपटारा बैंक रिकवरी मामले, मोटर वाहन दुर्घटना दावा मामले, पारिवारिक विवाद, दीवानी मामले, फौजदारी जमानती मामले, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण से जुड़े मामले, बिजली और पानी के बिलों से जुड़े विवाद, राजस्व मामले और अन्य छोटे-छोटे



वादों का आपसी सहमति से अधिक से अधिक निपटान करना है। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी रितु यादव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद, आम जनता से अपील करता है कि वे इस अवसर का लाभ उठाते हुए अपने लंबित विवादों को राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निपटाने के लिए आगे आएं। यह न केवल न्यायिक प्रणाली के बोझ को कम करेगा, बल्कि विवादों का त्वरित और स्थायी समाधान सुनिश्चित करेगा।

# हिमाचल की कत्था फैक्ट्री में ले जाई जा रही 30 लाख प्रतिबंधित खैर प्रजाति की लकड़ी बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

मसूरी पुलिस ने बुधवार को करीब 20 टन प्रतिबन्धित लकड़ी खैर प्रजाति के साथ दो लकड़ी तस्करों को गिरफ्तार किया है। करीब 30 लाख रुपए की लकड़ी से लदा ट्रक बरामद किया गया है। यह लकड़ी कत्था फैक्ट्री में ले जाई जा रही थी।

डीसीपी एसएन तिवारी ने बताया कि थाना मसूरी पुलिस ने दीपक तिवारी निवासी ग्राम बसई थाना बसई जिला दतिया मध्य प्रदेश तथा हरी सिंह परिहार निवासी ग्राम बसई थाना बसई जिला दतिया मध्य प्रदेश को एक ट्रक के साथ गिरफ्तार किया है। ट्रक में प्रतिबंधित खैर प्रजाति की करीब 20 टन लकड़ी लदी है। जिसकी बाजार में कीमत करीब 30 लाख रुपए है। आरोपियों को ईस्टर्न पैरीफैरल अण्डरपास के पास से गिरफ्तार किया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना मसूरी पर धारा 318(4)/338/336 (3)/340 (2)/317(4)/61 (2) बीएनएस तथा 41/42 भारतीय वन संरक्षण अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया



गया। अभियुक्तों ने पूछताछ करने पर बताया कि जो लकड़ी ट्रक से बरामद हुई है यह खैर प्रजाति की प्रतिबंधित लकड़ी है बिना अनुमति इस लकड़ी को न ही काटा जाता है न ही परिवहन किया जाता है । यह लकड़ी हम दोनों व देवेन्द्र सिंह सोलकी निवासी ग्राम ओरछा थाना ओरछा जिला निवाड़ी मध्य प्रदेश के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से चोरी छुपे ट्रक में लोड कर मध्य प्रदेश से हिमाचल प्रदेश के सागर कत्था फैक्ट्री लेकर जा रहे थे ।

यह ट्रक भी देवेन्द्र के नाम है तथा देवेन्द्र का समर ट्रांसपोर्ट नाम से मध्य प्रदेश में एक ट्रांसपोर्ट का काम है। जहाँ से हम लोग यह लकड़ी लेकर निकले थे । हम दोनों लोग पिछले 2 वर्ष से यह काम कर रहे हैं तथा हम दोनों को यह पूर्ण जानकारी थी कि यह लकड़ी प्रतिबंधित है तथा इसके जो पेपर हमारे पास हैं वह फर्जी हैं । हमारे पास जो परिवहन का पास है वह भी वन विभाग द्वारा निर्गत नहीं किया गया है तथा उस पर एक ग्राम प्रधान की मोहर नाम अंकित है । देवेन्द्र सोलंकी ने हमसे कहा था कि चोरी छुपे इस लकड़ी का व्यापार करते हैं जिससे हमें अधिक आमदनी होगी। देवेन्द्र सोलंकी उपरोक्त पूर्व में भी मध्य प्रदेश में प्रतिबंधित लकड़ी का व्यापार करने में जेल भी जा चुका है ।

# सरकार न्यूनतम वेतन रिवाइज कर 26 हजार रुपए प्रतिमाह करेः सीटू

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

हरियाणा के मजदूरों एवं स्कीम वर्कर के प्रमुख संगठन सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियंस (सीटू) की हरियाणा की राज्य कमेटी के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को श्रम आयुक्त मनीराम शर्मा और अतिरिक्त श्रम आयुक्त अनुराधा लाम्बा से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें न्यूनतम वेतन रिवाइज करते हुए महंगाई के दृष्टिगत 26 हजार रुपए करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि मजदूरों को इससे कम बिल्कुल स्वीकार नहीं होगा।

प्रतिनिधिमंडल में सीटू प्रदेश महासचिव जय भगवानए उपाध्यक्ष सतबीर सिंह और कोषाध्यक्ष विनोद कुमार शामिल थे। यह जानकारी देते हुए सीटू के महासचिव जय भगवान ने कहा कि राज्य में न्यूनतम वेतन 2015 में रिवाइज किया गया था। कानूनी रूप से यह 5 साल के अंतराल के बाद यानी 2020 में रिवाइज होना चाहिए था। लेकिन राज्य सरकार ने इसे 5 साल तक लटका कर रखा हुआ है। इसके चलते प्रदेश के लाखों मजदूरों को करोड़ों-अरबों रुपए की मजदूरी का नुकसान हुआ है। लेकिन इस अरसे में दिल्ली का न्यूनतम वेतन 18066 रुपए है ओर हरियाणा के मजदूरों को केवल 11001 रुपए मिल रहा है। महंगाई के हिसाब से न्यूनतम वेतन को तुरन्त रिवाइज किए जाने की जरूरत है और यह 26 हजार रुपए से कम नहीं होना चाहिए। इससे कम पर मजदूर सहमत नहीं होंगे।

उन्होंने बताया कि सीटू ने यह भी मांग की है कि न्यूनतम वेतन एडवाइजरी बोर्ड में सभी केंद्रीय श्रमिक संगठनों सहित सीटू के प्रतिनिधि को भी शामिल किया जाए।

## डायरेक्टर प्रणव अंसल समेत तीन नामजद

# जीडीए ने दर्ज कराई अंसल बिल्डर के खिलाफ एफआईआर डूंडाहेड़ा में टाउनशिप परियोजना में अनियमितता बरतने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने बुधवार को डूंडाहेड़ा में टाउनशिप परियोजना में अनियमितताओं को लेकर मै. अंसल प्रॉपर्टीज एंड इंफ्रा. लिमिटेड के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक में प्रणव अंसल (डायरेक्टर), विकास यादव (डायरेक्टर), अमित शुक्ला (जनरल मैनेजर एवं प्रतिनिधि) तथा अन्य अधिकारीगण, मै. अंसल प्रॉपर्टीज एंड इंफ्रा लि. (कंसोर्टियम) को नामजद कराया गया है। एफआईआर में टाउनशिप विकसित करने में घोर अनियमितताएं बरतने का आरोप लगाया गया है। जीडीए सचिव राजेश कुमार सिंह ने बताया कि प्रवर्तन




जोन-5 के अंतर्गत डूंडा हेडा की 152.89 एकड़ भूमि पर इंटीग्रेटेड टाउनशिप के विकास के लिए चयन किया गया था। प्रथम चरण में 127 एकड़ पर प्रस्तुत योजना का डीपीआर बोर्ड द्वारा 7 मई 2007 को स्वीकृत कर डेवलपमेंट एग्रीमेंट निष्पादित किया गया था, जिसकी पूर्णता अवधि 6 मई 2012 निर्धारित की गई थी।

इसके बाद अंसल प्रॉपर्टीज एंड इंफ्रा लि. (कंसोर्टियम) हेतु पुनः अधिग्रहीत कराई जा रही 14.50 हेक्टेयर भूमि के संबंध में उच्च न्यायालय द्वारा 14 दिसंबर 2016 को अर्जन प्रक्रिया निरस्त कर दी गई। इस कारण भूमि को डीपीआर से अलग कर 99.75 एकड़ भूमि पर संशोधित डीपीआर/ले-आउट शासन द्वारा गठित समिति की अनुशंसा एवं प्राधिकरण बोर्ड के अनुमोदन 15 मई 2019 के क्रम में 24 अगस्त 2020 को प्रदान किया गया।

सिंह ने बताया कि परियोजना के स्वीकृत ले-आउट के अनुसार विकासकर्ता द्वारा आंतरिक एवं वाह्य विकास कार्य जैसे एसटीपी, सीवर, पेयजल, आंतरिक सड़कें, बाउंड्री वॉल, नाली, पार्क आदि मानकों के अनुसार विकसित नहीं किए गए। इस संबंध में निवासियों द्वारा लगातार शिकायतें की जा रही थीं। प्राधिकरण द्वारा कंपनी के प्रतिनिधियों एवं विकासकर्ता को कई बार मौखिक और लिखित रूप से निर्देशित किया गया, किन्तु विकासकर्ता ने अनियमितताओं को जारी रखा।

अंसल प्रॉपर्टीज एंड इंफ्रा लि. द्वारा स्वीकृत योजना के अनुसार दुर्बल एवं अल्प आय वर्ग के आरक्षित भूखंडों पर आंशिक रूप से भवन निर्माण कर शेष भूमि पर अवैध भूखंड सृजन की कार्यवाही की गई। इसके विरुद्ध प्राधिकरण ने उप्र नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम-1973 के तहत कार्रवाई की।

### भूमि के दस्तावेजों की कूटरचना की गई

विकासकर्ता प्रणव अंसल (डायरेक्टर, अंसल प्रॉपर्टीज) ने अनुबंध की शर्त संख्या-5 (II) का उल्लंघन करते हुए अल्प आय वर्ग के लिए निर्धारित 848 भवनों के स्थान पर केवल 160 भवनों का निर्माण किया तथा शेष भूमि पर अवैध भूखंड सृजित किए गए। यह कार्य उप्र सरकार द्वारा निर्धारित टाउनशिप नीति की शर्तों के विरुद्ध था और इस भूमि के दस्तावेजों की कूटरचना की गई। इसके अतिरिक्त, तलपट मानचित्र की स्वीकृति के समय श्रीमती मोनिका घई द्वारा प्रस्तुत आपत्ति में विकासकर्ता ने अपने शपथ पत्र में उल्लेख किया था कि उन्हें प्लॉट संख्या ई-028 के स्थान पर डी-121 आवंटित किया जाएगा। किन्तु, इसका उल्लंघन करते हुए उक्त प्लॉट विनय कुमार त्यागी व दिव्यांश जैन को आवंटित कर दिया गया।

## जीडीए के सख्त निर्देश- बिना अनुमति के निर्माण को बक्शा नहीं जाएगा

# अवैध प्लाटिंग पर कहर बनकर चला जीडीए का बुलडोजर, कॉलोनी ध्वस्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

जीडीए का बुलडोजर बुधवार को अवैध रूप से की जा रही प्लाटिंग पर कहर बनकर टूटा। जोन दो में जीडीए ने अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनी को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया। प्रभारी प्रवर्तन जोन-2 के नेतृत्व में कृष्णपाल, पंकज कुमार, अशोक आदि द्वारा खसरा सं0-311, 309 ग्राम औरंगाबाद गदाना हापुड़ रोड़, मोदीनगर पर लगभग 15000 वर्ग मी. क्षेत्रफल में अनाधिकृत प्लाटिंग की गई थी जिसमें सड़क व 05 भवन पूर्व निर्मित था जिसे ध्वस्त किया गया। उपरोक्त अवैध कालोनी में कालोनाईजर द्वारा बनायी गई सड़क, बाउन्ड्रीवॉल, साईट ऑफिस आदि को ध्वस्त कर दिया गया। ध्वस्तीकरण की कार्यवाही को दौरान कालोनाईजर / निर्माणकर्ता द्वारा भारी विरोध प्रकट किया गया, लेकिन पुलिस व प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ते की प्रभावी कार्यवाही के द्वारा उनको डंडे फटक कर भगा दिया गया। प्रभारी अधिकारी प्रवर्तन जोन-2 द्वारा लोगों को सख्त निर्देश दिये गए।

## खबर संक्षेप

### अवैध मटन शॉप पर चला प्रशासन का हंटर



**अयोध्या।** अयोध्या शहर में अवैध रूप से चल रहीं चिकन और मटन शॉप पर बुधवार को जिला प्रशासन ने अपना हंटर चलाया। जिला प्रशासन को शिकायत मिल रही थी कि बिना लाइसेंस के चिकन और मटन शॉप चला रहे हैं। एसडीएम सदर विकास धर दुबे और सहायक आयुक्त खाद्य मानिक चंद्र सिंह के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने शहर के फतेहगंज क्षेत्र में छापा मारा।

### पान मसाला पर प्रतिबंध के बाद प्रशासन अलर्ट



**रांची।** झारखंड में बढ़ते नशे के कारोबार पर लगाम लगाने के उद्देश्य से राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के निर्देश पर पूरे राज्य में निकोटिनयुक्त गुटखा और पान मसाला पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। प्रतिबंध लागू होने के बाद जिला प्रशासन द्वारा सघन छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। जगह-जगह छापेमारी गुटखा और पान मसाला पर प्रतिबंध के बाद सक्रियता बढ़ा दी है।

### उम्रकैद की सजा काट रहा कैदी फरार



**रांची।** झारखंड के रांची में बड़ी घटना सामने आई है। यहां रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में उम्रकैद की सजा काट रहा उग्रवादी समीर तिर्की उर्फ शाकिर तिर्की जेल की दीवार फांदकर फरार हो गया। जेल प्रशासन को घटना की जानकारी शुक्रवार को मिली, जब सुबह में जेल के वार्ड के बाहर कैदियों की गिनती चल रही थी। उग्रवादी समीर सात साल से रांची जेल में बंद था।

# अयोध्या से प्रभु श्रीराम की ससुराल जनकपुर के बीच चलेगी ट्रेन

## भारतीय रेलवे जल्द ही जारी करेगा शेड्यूल

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

भगवान श्रीराम के भक्तों को भारतीय रेलवे जल्द ही बड़ी सौगात देने जा रही है। जी हां..अब अयोध्या से भगवान श्रीराम की ससुराल जनकपुर (नेपाल) तक सीधे ट्रेन सेवा शुरू करने जा रही है। भारतीय रेलवे के इस पहल का उद्देश्य भगवान राम की ससुराल जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए यात्रा को आसान और सुविधाजनक बनाना है।

भगवान श्रीराम की ससुराल यानी जनकपुर (नेपाल) आने वाले पर्यटकों की संख्या बेहद सीमित है। क्योंकि, जनकपुर तक पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं के पास केवल दो विकल्प हैं। पहला विकल्प है कि आप बस से जनकपुर जाएं और दूसरा विकल्प यह है कि आप फ्लाइट से नेपाल जाए और वहां से बस या टैक्सी से जनकपुर की यात्रा करें।

**खास बातें**

- हर वर्ग के श्रद्धालु कर सकेंगे यात्रा
- टाइम टेबल को लेकर मंत्रालय कर रहा है मंथन
- भारतीय रेलवे जल्दी ही बड़ी सौगात देने जा रही है
- एसी से लेकर स्लीपर कोच लगाए जाएंगे



**अभी हैं केवल दो विकल्प**

हालांकि, बस के समय में समय बहुत ज्यादा लगता है तो फ्लाइट का सफर काफी महंगा है। इन्हीं वजहों से जनकपुर जाने वाले श्रद्धालु की संख्या बहुत कम रहती है। इस बीच, भारतीय रेलवे श्रीराम की ससुराल जनकपुर जाने वाले श्रद्धालुओं को बड़ी सौगात देने जा रहा है। खबर के मुताबिक, भारतीय रेलवे अयोध्या से सीधे जनकपुर के लिए ट्रेन चलाने जा रहा है।

### रेलवे ने शुरू की तैयारी

इस संबंध में भारतीय रेलवे ने अपनी तैयारी शुरू कर दी हैं और संबंधित जोन को भी निर्देश दिए जा चुके हैं। ऐसा बताया जा रहा है कि ट्रेन और उसके शेड्यूल को लेकर मंथन भी शुरू हो चुका है। बता दें कि ट्रेन की समय-सारणी इस तरह बनाई जा रही है कि यात्रियों को सुविधा मिले और यात्रा का समय कम से कम लगे।

### हर वर्ग का रखा जाएगा ध्यान

अयोध्या से जनकपुर के बीच चलने वाली ट्रेन को तैयार करते वक्त इस बात का विशेष ध्यान रखा रहा है कि इसमें हर वर्ग का श्रद्धालु सफर कर सके। मंत्रालय के अनुसार, ट्रेन में एसी से लेकर स्लीपर क्लास सभी तरह के कोच लगाए जाएंगे। जो श्रद्धालु जिस क्लास से सफर करना चाहे, कर सकता है।

### अभी है सिर्फ टूर पैकेज का विकल्प

बता दें कि अभी जिस श्रद्धालुओं को ट्रेन से नेपाल जनकपुर जाना है, उनके लिए श्री रामायण यात्रा ट्रेन टूर पैकेज ही विकल्प है। भारत गौरव यात्रा का हिस्सा यह पैकेज 17-18 दिनों का है और यात्रियों को पूरी यात्रा बुक करनी होती है। इस नई सीधी सेवा से श्रद्धालु अयोध्या और जनकपुर दोनों ही जगहों पर बिना किसी लंबे टूर पैकेज के जा सकेंगे।

## सीएम योगी ने महाराष्ट्र के सपा विधायक आजमी के ओरंगजेब वाले बयान पर करारा हमला बोला

# औरंगजेब को आदर्श मानने वाले विधायक को उत्तरप्रदेश भेजिए, इलाज हम कर देंगे

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यूपी के बजट सत्र में विधान परिषद को संबोधित करते हुए महाकुंभ के आयोजन का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि यह ऐसा आयोजन था जिसे लंबे समय तक दुनिया याद रखेगी। उन्होंने कहा कि कुछ पार्टियां इससे सहमत नहीं थीं और महाकुंभ को लेकर दुष्प्रचार किया फिर भी लोगों की आस्था नहीं डिगी।

उन्होंने कहा कि महाकुंभ के आयोजन की दुनिया भर में प्रशंसा हो रही है। जो लोग संघ की विचारधारा से नहीं जुड़े हैं वो भी महाकुंभ के आयोजन की प्रशंसा कर रहे हैं। 45 दिन तक चले आयोजन में कोई लूट की घटना नहीं हुई। कोई अपहरण की घटना नहीं हुई। यह सनातन के सामाजिक अनुशासन का प्रभाव है।

जो कि कहता है कि पूरा देश एक है और यहां जातिवाद और क्षेत्रवाद की कोई जगह नहीं है।

**खास बातें**

- आयोजन की दुनियाभर में हो रही प्रशंसा
- महाकुंभ के आयोजन को पूरी दुनिया याद रखेंगी
- जातिवाद और क्षेत्रवाद के लिए कोई जगह नहीं

**औरंगजेब सपा के लोगों का नायक**



मुख्यमंत्री योगी ने सपा पर हमला करते हुए कहा कि सपा के लोगों के लिए औरंगजेब गर्व का विषय है जिसने अपने पिता को कैद कर उन्हें पानी की एक-एक बूंद के लिए तरसा दिया था। उन्होंने कहा कि सपा का अपने विधायकों पर नियंत्रण नहीं है। उन्होंने अबू आजमी का नाम लिए बिना कहा कि सपा को उसे पार्टी से निकाल देना चाहिए। उन्होंने कहा कि सपा को उस नेता के बयान का खंडन करना चाहिए और पार्टी से निकाल देना चाहिए। नहीं तो उसे यहां बुलाइये। हम उसका इलाज कर देंगे। यूपी ऐसे लोगों का उपचार अच्छे से करता है। ये लोग महाकुंभ को कोसते हैं और औरंगजेब पर गर्व करते हैं। उसे यूपी भेज दीजिए हम इलाज कर देंगे। बता दें कि अबू आजमी ने बयान दिया था कि वह औरंगजेब पर गर्व करते हैं।

**बोले योगी- जिसकी दृष्टि जैसी थी वैसा ही उसने वहां देखा**

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि ये उन लोगों को जवाब है जो कि जल के प्रदूषण और अन्य तमाम छोटी खबरों को लेकर आयोजन पर सवाल उठा रहे थे और दुष्प्रचार कर रहे थे। देश की जनता के लिए गंगा सबसे पवित्र है और विज्ञान कहता है कि बहता हुआ जल खुद को पवित्र करता रहता है। उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि महाकुंभ में जैसी जिसकी दृष्टि थी वैसा ही उसने वहां देखा। सनातन के मानने वालों के लिए महाकुंभ एक गर्व का विषय है जो कि पूरी दुनिया को एकता का संदेश देता है। महाकुंभ के आयोजन के दौरान काशी और अयोध्या में भी पर्यटकों की संख्या काफी बढ़ गई। इस दौरान इन नगरों के स्थानीय लोगों ने अभूतपूर्व धैर्य का परिचय दिया साथ ही उनका आतिथ्य सत्कार भी किया।

## ज्यादातर बदलाव एसडीएम स्तर पर

# यूपी: प्रदेश में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल, एक साथ 41 पीसीएस अधिकारियों के तबादले

एजेंसी ▶▶ लखनऊ



शासन में पीसीएस स्तर पर बड़ा प्रशासनिक फेरबदल हुआ है। एक साथ 41 पीसीएस अधिकारियों के तबादले किए गए। इसमें से ज्यादातर एसडीएम हैं। बुधवार की सुबह हुए इन तबादलों में देवरिय के अपर जिलाधिकारी गौरव श्रीवास्तव को सिद्वार्थ नगर का अपर जिलाधिकारी बनाया गया है। इसी तरह मेरठ की अपर नगर आयुक्त ममता मालवीय को अपर जिलाधिकारी मुरादाबाद नियुक्त किया गया है। अपर जिलाधिकारी बरेली दिनेश को मऊ का मुख्य राजस्व अधिकारी बनाया गया है। बस्ती के उपजिलाधिकारी विनोद कुमार पांडेय को नगर मजिस्ट्रेट फिरोजाबाद बनाया गया है। आगरा के उपजिलाधिकारी संजीव कुमार शाक्य को अपर जिलाधिकारी प्रयागराज बनाया गया है। उपजिलाधिकारी हमीरपुर खालिद अंजुम को अपर जिलाधिकारी सीतापुर बनाया गया है। इसी क्रम में प्रतापगढ़ के उपजिलाधिकारी भारत राम को अपर जिलाधिकारी बुलंदशहर बनाया गया है। वाराणसी के उपजिलाधिकारी अशोक कुमार यादव को अपर जिलाधिकारी ललितपुर बनाया गया है। अयोध्या के उपजिलाधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्वत को अपर जिलाधिकारी बदायूं बनाया गया है। कानपुर नगर के उपजिलाधिकारी जंगबहादुर यादव को अपर जिलाधिकारी रामपुर बनाया गया है। जौनपुर के उपजिलाधिकारी ज्ञान प्रकाश यादव को अपर जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर बनाया गया है। संतकबीर नगर के उपजिलाधिकारी रमेश चन्द्र को अपर जिलाधिकारी सोनभद्र बनाया गया है। वाराणसी के उपजिलाधिकारी नीरज प्रसाद को अपर जिलाधिकारी औरैया बनाया गया है। इसी क्रम में उपजिलाधिकारी प्रयागराज रमेश मौर्य को अपर जिलाधिकारी एटा बनाया गया है। तबादलों के इसी क्रम में हमीरपुर के उपजिलाधिकारी राजेश चन्द्र को अपर जिलाधिकारी मेरठ बनाया गया है। बाराबंकी के उपजिलाधिकारी राम आसरे वर्मा को अपर जिलाधिकारी सहारनपुर बनाया गया है।

# पटना:बम धमाके से दहल उठा यूनिवर्सिटी का दरभंगा हाउस

## मचा हड़कंप, सीसीटीवी में कैद हुआ बम फेंकने वाला शख्स

### मेरी किसी से दुश्मनी नहीं-प्रो लक्ष्मीनारायण

एजेंसी ▶▶ पटना

पटना यूनिवर्सिटी का दरभंगा हाउस परिसर बुधवार को बम धमाकों की गूंज से दहल उठा। धमाका होते ही चारों तरफ अफरा-तफरी मच गई। वही जानकारी के मुताबिक संस्कृत विभाग के एचओडी प्रोफेसर लक्ष्मी नारायण की गाड़ी पर बम से हमला किया गया।

बम बलास्ट की सूचना मिलते ही मौके पर पटना के पीरबहोर थाने की पुलिस पहुंच गई। साथ ही पटना टाउन एएसपी दीक्षा भी घटनास्थल पर पहुंचीं। पुलिस मामले की मामले की जांच में जुट गई है। वहीं जानकारी के मुताबिक सीसीटीवी फुटेज में बम फेंकते हुए शख्स की तस्वीर कैद हो गई है।



घटनास्थल की पुलिस ने घेराबंदी कर ली है और हर पहलू की जांच की जा रही है। दरभंगा हाउस कैंपस और आसपास के संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। वहीं इस बम हमले में संस्कृत विभाग के जिस प्रोफेसर लक्ष्मी नारायण की गाड़ी क्षतिग्रस्त हुई है, उन्होंने कहा कि यह छात्र संघ चुनाव से जुड़ा हुआ मामला है। मेरी किसी से व्यक्तिगत दुश्मनी नहीं है। छात्रों के दो गुट आपस में कहीं भिड़े थे और उसके बाद यहां पर बम फेंका गया है। इस घटना में मेरी गाड़ी क्षतिग्रस्त हुई है। वहीं बम फेंकने वाले शख्स की तस्वीर सीसीटीवी में कैद हो गई है।

**छात्रों की आपसी लड़ाई के चलते फेंका बम**

पटना टाउन एएसपी दीक्षा ने बताया कि आपसी लड़ाई के चलते सुतली बम फेंका गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस बम धमाके में किसी को व्यक्ति को नुकसान नहीं पहुंचा। एक प्रोफेसर की गाड़ी क्षतिग्रस्त हुई है। दीक्षा सिंह ने बताया कि पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। जल्द ही सबकुछ समाने आने की उम्मीद है। बताया जा रहा है कि 30 से 40 की तादाद में लोग इस हमले में शामिल थे।

## बाइक की टंकी में भी विस्फोट,मची अफरा-तफरी

# भागलपुर : गैस सिलेंडर के लीक होने से लगी भीषण आग, 1 बच्चे की मौत

एजेंसी ▶▶ भागलपुर

थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या 14, दिलगौरी मोड़ मोहल्ले में बुधवार दोपहर एक घर में अचानक आग लग गई। आग तेजी से फैलते हुए तीन कमरों तक पहुंच गई। इसी दौरान किरायेदार पंकज कुमार के घर में रखा गैस सिलेंडर फट गया। इसके बाद तीन और सिलेंडर तथा घर में रखी बाइक की टंकी भी ब्लास्ट हो गई। धमाके की आवाज से पूरा मोहल्ला दहल उठा। इस हादसे में जलने से एक बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दूसरा बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृत बालक की पहचान शाहाबाद निवासी मिथलेश साह के चार वर्षीय पुत्र अंकित कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, मृतक अपने कमरे में चौकी के नीचे सो रहा था। घटना की सूचना मिलते ही सुल्तानगंज थानाध्यक्ष विवेक कुमार जायसवाल दल-बल और छोटी अग्निशामक वाहन के साथ मौके पर पहुंचे। जिला फायर ब्रिगेड की टीम ने घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक सबकुछ जलकर खाक हो चुका था।



**3 किरायेदारों का परिवार रहता था**

यह मकान खगड़िया जिले के अगुवानी निवासी सुभाष यादव का है, जो किराए पर दिया गया था। इसमें तीन किरायेदार, मिरहट्टी निवासी पंकज कुमार साह, कुर्सेला पोठिया निवासी अमित कुमार, और स्व. राजेंद्र साह की पत्नी बीना देवी, लगभग 10 वर्षों से रह रहे थे। प्रत्यक्षदर्शी संजीव कुमार साह ने बताया कि पंकज कुमार की पत्नी स्वीटी कुमारी अपने कमरे में खाना बना रही थीं, तभी गैस रिसाव के कारण आग लग गई और धीरे-धीरे विकराल रूप ले लिया।

### थानाध्यक्ष ने जान जोखिम में डालकर लोगों को बचाया

थानाध्यक्ष विवेक कुमार जायसवाल व स्थानीय लोगों ने बहादुरी दिखाते हुए मकान में रह रहे कुछ लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला, जिसमें थानाध्यक्ष को गंभीर चोटें भी आईं। फिलहाल, पुलिस ने बच्चे के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भागलपुर भेज दिया है और मामले की छानबीन में जुट गई है।

## पेज एक का शेष...

### रोजाना 18 हजार ...

*हेलिकॉप्टर द्वारा तय की जाती है। केदारनाथ उत्तराखंड राज्य के रुद्रप्रयाग जिले में 3,583 मीटर (11968 फीट) की ऊंचाई पर स्थित 12 पवित्र ज्योतिर्लिंगों में से एक है।*

### चीन की धमकी...

कि 2021 में अफगानिस्तान में आतंकियों ने 13 अमेरिकी सैनिकों की हत्या कर दी थी। उन्हें पकड़ने में पाकिस्तान सरकार ने मदद की। चीन ने भारी टैरिफ पर कहा कि अमेरिका जंग चाहता है तो यही सही, हम आखिर तक लड़ने को तैयार हैं। फिर चाहे ट्रेड वॉर हो या फिर किसी दूसरे तरह की जंग। हम आखिर तक लड़ने के लिए तैयार हैं। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि चीन किसी धमकी से नहीं डरता। हम पर धौंस जमाना काम नहीं करता। दबाव, जबरदस्ती या धमकी चीन से निपटने का सही तरीका नहीं है।

### भारी टैरिफ को ...

लाख करोड़ डॉलर के करीब पहुंचने वाला है। दूसरी तरफ आयात शुल्क की वजह से चीन का व्यापार में फायदा (ट्रेड सरप्लस) 1 लाख करोड़ डॉलर के पार पहुंच चुका है। डोनाल्ड ट्रंप ने इसी अंतर को खत्म करने की बात कही है।

### भारत में पहले से ही चिंताएं...

कम किया जा सके

■ आयात शुल्क घटने के बाद भारत में अमेरिकी उत्पादों की कीमतें कम हो जाएंगी। हालांकि, इससे रुपया कमजोर होना शुरू हो जाएगा, क्योंकि उसकी मांग कम हो जाएगी। इसी तरह मांग बढ़ने की वजह से डॉलर और मजबूत होता जाएगा।

### ट्रंप के भाषण की ...

4. **गोल्ड कार्ड वीजा:** हम गोल्ड कार्ड वीजा सिस्टम लाने जा रहे हैं। यह ग्रीन कार्ड की तरह है, लेकिन उससे ज्यादा एडवांस है। इससे बड़ी संख्या में नौकरियां पैदा होंगी और कंपनियों को फायदा होगा।
5. **पनामा नहर और ग्रीनलैंड:** हम किसी भी तरह पनामा नहर पर कंट्रोल हासिल करेंगे। इसके साथ ही हम किसी भी तरह ग्रीनलैंड को अपने में शामिल करेंगे। हम वहां के लोगों की हिफाजत करेंगे।
6. **फ्री स्पीच:** हमने सरकारी सेंसरशिप पूरी तरह रोक दी है और अमेरिका में फ्री स्पीच वापस ले आए हैं। हमने ऐसे सरकारी तंत्र को खत्म कर दिया है जिसका इस्तेमाल हथियार के तौर पर किया जाता है।
7. **तेल और गैस:** अमेरिका के पास दुनिया के किसी भी देश से ज्यादा 'लिक्विड गोल्ड' (तेल और गैस) है। हम अलास्का में बहुत बड़ी प्राकृतिक गैस पाइपलाइन बिछाएंगे। इसमें कई देश अरबों रुपए निवेश करना चाहते हैं।
8. **स्पेस प्रोग्राम:** हम विज्ञान की नई सीमाओं को पार करेंगे, इंसान को अंतरिक्ष में आगे ले जाएंगे और मंगल ग्रह पर अमेरिकी झंडा फहराएंगे। हम दुनिया की सबसे उन्नत और शक्तिशाली सभ्यता का निर्माण करेंगे।

### देश की अर्थव्यवस्था पर...

इस मामले का कोई हल निकल सकता है। उधर, केंद्र सरकार की तरफ से अमेरिकी राष्ट्रपति के बयान पर फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। लेकिन आर्थिक क्षेत्र के विशेषज्ञों का कहना है कि राष्ट्रपति ट्रंप की इस घोषणा का तत्काल रूप से भारत की अर्थव्यवस्था पर कोई बड़ा प्रभाव पड़ता हुआ नजर नहीं आ रहा है। यह एक प्रकार से उनकी गीदड़भभकी है। जिसमें वो यह दिखाने की कोशिश कर रहे हैं कि मैं ही दुनिया का बॉस हूं।

**चुनाव प्रचार में किया वादा पूरा:** ट्रंप ने पिछले साल 2024 के अंत में अपने चुनाव प्रचार के दौरान सत्ता में आने पर पारस्परिक आयात शुल्क लगाने की बात कही थी। अब अमेरिका में सरकार बनने के बाद उन्होंने अपना यही वादा पूरा किया है। अमेरिका की योजना पहले 1 अप्रैल से नए वित्त वर्ष की शुरुआत के साथ ही दुनियाभर के देशों पर पारस्परिक टैरिफ लगाने की थी। लेकिन राष्ट्रपति की यह सोच थी कि उनकी इस घोषणा को 1 अप्रैल को अप्रैल फूल दिवस के रूप में न देखा जाए। इसलिए उन्होंने साफ कर दिया है कि अमेरिका पर अधिक टैरिफ लगाने वाले देशों पर 2 अप्रैल से उन्हीं की तरह समान रूप से टैरिफ लगाया जाएगा। न उससे कम, न उससे ज्यादा।

**संसद से आम अमेरिकी को दिया संदेश:** आचार्य ने कहा, ट्रंप ने अपने चुनाव प्रचार के दौरान रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने का बात कही थी। ऐसे में सरकार बनते ही वो अमेरिका की आम जनता को यह दिखाना चाहते हैं कि वो जो कहते हैं, उसे वास्तव में करते भी हैं। यहां देखने वाली बात यह है कि क्या मार्च के अंत में इस मसले पर अमेरिका, भारत के समक्ष कोई योजना रखता है या नहीं? वर्तमान में भारत से अमेरिका को स्टील, एल्यूमीनियम भेजे जाते हैं और वो हमें खाद्य पदार्थ, मोटरसाइकिल या गाड़ियां देते हैं। कुछ चीजें सर्विस क्षेत्र से जुड़ी हुई हैं, जिनमें एक नियत समयावधि का समझौता दोनों देशों के बीच है। ऐसे में क्या ट्रंप इन समझौतों की मियाद पूरी होने से पहले ही इन्हें तोड़कर अमेरिकी अदालतों में बड़े पैमाने पर संबंधित पक्ष द्वारा दायर किए जाने वाले मुकदमों का सामना करने के लिए तैयार हैं?

अमेरिका में उत्पाद नहीं बनाते तो टैरिफ दो: डोनाल्ड ट्रंप ने अपने भाषण में दुनिया के सभी देशों को कहा कि अगर आप अपने उत्पाद अमेरिका में घरेलू आधार पर नहीं बनाते हैं, तो आपको हमें रेसिप्रोकल टैरिफ देना पड़ेगा। कुछ मामलों में इसकी धनराशि बहुत ऊंची हो सकती है। ट्रंप के मुताबिक, दशकों से दुनिया के कई देशों ने अमेरिका पर बड़ी तादाद में टैरिफ लगाया है। अब हमारी बारी है। हम भी उनपर उन्हीं की तरह से टैरिफ लगाएंगे। बावजूद इसके कोई देश अमेरिका के लिए अपने बाजारों तक पहुंच पर रोक लगाता है तो हम भी उसी के जैसा फॉर्मूला अपनाते हुए अमेरिकी बाजारों में संबंधित देश के प्रवेश को प्रतिबंधित कर देंगे।

### राज्य बजट में गुणवत्तापरक...

विशेष फोकस किया जाएगा, जिससे प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा सके। इसके लिए सभी कुलपतियों से सुझाव भी आमंत्रित किए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने अपने संकल्प पत्र में संकल्प लिया है कि हम भारत के किसी भी सरकारी कॉलेज से मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने वाले अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अनुसूचित जाति के हरियाणा के विद्यार्थियों को पूर्ण छात्रवृत्ति प्रदान करेंगे, इसके लिए भी जल्द से जल्द रूपरेखा तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि सभी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सभी प्रावधानों को पूर्ण रूप से लागू किया जाए, ताकि सरकार हरियाणा को वैश्विक शिक्षा का केंद्र बना सकें, जहां एआई और आधुनिक स्किल्स का प्रशिक्षण प्रदान किया जा सके। सैनी ने महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय के कुलपति से चर्चा करते हुए कहा कि आने वाला समय बागवानी फसलों का है और परंपरागत खेती की बजाय फसल विविधीकरण को अपनाने के लिए किसानों को जागरूक करने की आवश्यकता है। इस दिशा में बागवानी विश्वविद्यालय अहम भूमिका निभा सकता है। गन्नौर में बन रही इंडिया इंटरनेशनल हॉर्टिकल्चर मार्केट के पहले चरण का जल्द उद्घाटन किया जाएगा, जिससे बागवानी किसानों को बहुत बड़ा लाभ मिलेगा। फल एवं सब्जियों का निर्यात होने से उनकी आय में वृद्धि होगी। इसलिए बागवानी विश्वविद्यालय हरियाणा के अलग-अलग क्षेत्र के अनुसार वहां पैदा होने वाली फल एवं सब्जियों के शोध की दिशा में कार्य करे। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के युवाओं को खेलों में पारंगत बनाने के लिए हर जिले में स्पोर्ट्स स्कूल खोलने की दिशा में योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों में भी खेलों के लिए उपयुक्त सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि ओलंपिक-2036 के लिए हरियाणा के युवाओं को अभी से प्रशिक्षित किया जाए, ताकि वे प्रदेश व देश का नाम विश्व पटल पर रोशन कर सकें। बैठक में शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि हरियाणा के युवाओं में टैलेंट की कमी नहीं है और बच्चे हर क्षेत्र में प्रदेश व देश का नाम रौशन कर रहे हैं, लेकिन कई बार बच्चों को उचित अवसर न मिलने के कारण वे पीछे रह जाते हैं। बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता, मुख्यमंत्री के उप प्रधान सचिव यश पाल, मुख्यमंत्री के ओएसडी राज नेहरू, हरियाणा उच्चतर शिक्षा परिषद के अध्यक्ष, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय, कृष्णा आयुष विश्वविद्यालय, इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय, खेल विश्वविद्यालय, दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, आदि के कुलपति मौजूद रहे।

### जयशंकर-लैमी की...

बैठक हुई। जिसमें दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों के अलावा यूक्रेन युद्ध, बांग्लादेश, पश्चिम-एशिया, राष्ट्रमंडल सहित क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की गई। जयशंकर ने एक्स पर कुछ पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बीते दो दिनों में चेवनिंग हाउस ब्रिटेन के विदेश मंत्री के साथ व्यापक और उपयोगी वार्ता हुई। इस दौरान हमने द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं पर चर्चा की। वार्ता के दौरान रणनीतिक समन्वय, राजनीतिक सहयोग, व्यापार समझौते की बातचीत, शिक्षा, प्रौद्योगिकी, गतिशीलता और लोगों के बीच आपसी आदान-प्रदान पर ध्यान केंद्रित किया गया। हमने उन्हें और मजबूत बनाने और संरचना देने के लिए अगले कदम तैयार करने पर सहमति जताई।

**स्थिरता, समृद्धि में संबंधों का योगदान:** एक्स पर एक अन्य पोस्ट में जयशंकर ने कहा कि ब्रिटेन के विदेश मंत्री से बातचीत में हमने यूक्रेन युद्ध, बांग्लादेश, पश्चिम एशिया की स्थिति, राष्ट्रमंडल के साथ ही क्षेत्रीय-अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। अनिश्चित और अस्थिर दुनिया में भारत और ब्रिटेन संबंध स्थिरता और समृद्धि में योगदान देते हैं। यहां बता दें कि विदेश मंत्री बीते 4 से 9 मार्च तक ब्रिटेन और आयरलैंड की आधिकारिक यात्रा पर हैं। विदेश मंत्री लैमी से पहले भारत के विदेश मंत्री ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर से मुलाकात की थी और उन्हें प्रधानमंत्री मोदी द्वारा दी गई शुभकामनाओं के बारे में बताया। दोनों के बीच द्विपक्षीय, आर्थिक सहयोग को मजबूती प्रदान करने और लोगों के बीच आदान-प्रदान के मुद्दे पर विचारों का आदान-प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने यूक्रेन संघर्ष पर ब्रिटेन का दृष्टिकोण डॉ.जयशंकर के साथ साझा किया।

### डीआरडीओ ने तेजस...

योग्य ऑक्सीजन उत्पन्न करने और नियंत्रित करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। इसके बाद पारंपरिक तरल ऑक्सीजन सिलेंडर आधारित प्रणालियों पर निर्भरता समाप्त हो जाती है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस सफलता के लिए डीआरडीओ, वायुसेना, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और रक्षा क्षेत्र के उद्योग जगत को बधाई दी और कहा कि ये उपलब्धि अत्याधुनिक रक्षा प्रौद्योगिकियों के प्रति भारत की वचनबद्धता को सशक्त करती है। सही मायनों में यह विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण के अनुरूप है। यह जानकारी रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान जारी कर दी।

**50 हजार फीट की ऊंचाई से किया परीक्षण:** मंत्रालय ने बताया कि यह परीक्षण हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) और एरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (एडीए) द्वारा विकसित तेजस प्रोटोटाइप व्हीकल-3 विमान से किया गया। जिसमें विमान की क्षमता को समुद्रतल से 50 हजार फीट की ऊंचाई और हाई-जी युद्धाभ्यास सहित विभिन्न उड़ान स्थितियों में कड़े एयरोमेडिकल मानकों पर परखा गया। इस सिस्टम का विकास निजी क्षेत्र की रक्षा उपकरण बनाने वाली लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) कंपनी द्वारा सह-उत्पादन साझेदार के रूप में किया गया है। जबकि परीक्षण बीते 4 मार्च को डीआरडीओ की बेंगलुरु स्थित रक्षा बायो-इंजीनियरिंग एंड इलेक्ट्रो मेडिकल प्रयोगशाला (डीईबीईएल) की निगरानी में संपन्न हुआ।

**बढ़ेगी पायलट की परिचालन क्षमता:** प्रणाली में ऑन बोर्ड ऑक्सीजन जनरेटिंग सिस्टम से अलग एकीकृत जीवन रक्षक सिस्टम में 10 लाइन रिप्लेसेबल यूनिटों को समाहित किया गया है। जिससे वास्तविक समय पर ऑक्सीजन उत्पादन सुनिश्चित होता है, पायलट की सहनशक्ति और परिचालन प्रभावशीलता में वृद्धि होगी। रिप्लेसेबल यूनिटों में लो-प्रेशर ब्रीदिंग रेगुलेटर, बीओएस, इमरजेंसी ऑक्सीजन सिस्टम, ऑक्सीजन सेंसर, एंटी जी वाल्व और अन्य उन्नत उपकरण शामिल हैं।

**सभी मापदंडों पर खरा उतरा सिस्टम:** मंत्रालय ने कहा कि परीक्षण के दौरान प्रणाली ने सेंटर फॉर मिलिट्री एयरवर्थनेस एंड सर्टिफिकेशन (सीईएमआईएलएसी) से उड़ान की मंजूरी मिलने के बाद सभी निर्दिष्ट मापदंडों को सफलतापूर्वक पूरा किया। मूल्यांकन में शामिल किए गए पहलुओं में ऑक्सीजन सांद्रता, डिमांड ब्रीथिंग, 100 फीसदी ऑक्सीजन की उपलब्धता, एंटी-जी-वाल्व के पूर्ण परीक्षण के लिए आवश्यक ऊंचाइयों पर एरोबैटिक युद्धाभ्यास, टैक्सीइंग, टेक ऑफ, क्रूज, जी टर्न और रीजॉइन एप्रोच तथा लैंडिंग के दौरान ब्रीथिंग ऑक्सीजन सिस्टम चालू करना मुख्य हैं।



ज्यादा सर्दी या गर्मी में तो हम सभी पूरी सावधानी रखते हैं। लेकिन बदलते मौसम में लापरवाही करते हैं। इससे बीमार होने की आशंका बढ़ जाती है। ऐसा आपके साथ न हो, इसके लिए यहां बताई जा रही सावधानियों पर अमल करें।

# बदलते मौसम में करें हेल्थ की प्रॉपर केयर

प्रिकॉशन

संध्या रानी

सर्दी के बाद गर्मी और गर्मी के बाद सर्दी, साल में मौसम का चक्र बदलता रहता है। हर मौसम की अपनी खासियत होती है। लेकिन बदलते मौसम में अगर हम अपने खान-पान और जीवनशैली का पूरा ध्यान रखें, तो ही इसका लुत्फ उठा सकते हैं। ऐसा न करने पर बीमार भी हो सकते हैं।

**इन दिनों बदल रहा मौसम:** वैसे तो वसंत ऋतु सबसे सुहावना होता है। लेकिन इस बदलते मौसम में दिन के तापमान में बदलाव भी आता रहता है। सुबह और रात में तापमान कम हो जाता है, जिसके कारण ठंड लगने लगती है तो दिन के समय तापमान बढ़ने के कारण गर्मी लगती है। इस स्थिति में हमें अपने स्वास्थ्य का बहुत ध्यान रखना चाहिए। ऐसा न करने पर खांसी, जुकाम, बुखार और शरीर दर्द जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

**ठंडे वातावरण से बचें:** इस मौसम में सुबह और शाम के समय तापमान तेजी से बदलता



है तो ऐसे में जरा सी लापरवाही से आपको सर्दी लग सकती है। इससे बचने के लिए दोपहर के समय कहीं बाहर से घर आते ही पंखा या एसी न चलाएं, क्योंकि इससे शरीर का तापमान असंतुलित हो जाएगा। इससे संभव है कि आपको बुखार हो जाए।

**दिन में न सोएं:** इस मौसम में कभी भी दोपहर के समय नहीं सोना चाहिए और रात में देर तक नहीं जागना चाहिए। रात में जागने से शरीर में पित्त बढ़ता है तो दिन में सोने से कफ बढ़ता है। कफ ज्यादा बनने के कारण गला खराब होना, गले में कफ जमा होना, शरीर भारी होना जैसी परेशानी शुरू हो जाती हैं। बुजुर्ग, बीमार और कमजोर व्यक्तियों के लिए अगर दोपहर में सोना जरूरी है या अगर काम की वजह से थकान हो रही है तो दिन में आराम कर लें या थोड़ी नींद ले सकते हैं।

**हाइजीन का ध्यान रखें:** इस मौसम में वायरल संक्रमण भी आसानी से हो सकता है। इससे बचने के लिए साफ-सफाई का खूब ध्यान रखें। अपने हाथों को अच्छी तरह साबुन से धोकर ही कुछ खाएं। यदि आप ऐसी जगह पर हैं, जहां हैंडवॉश नहीं कर सकते हैं, तो



सैनेटाइजर का प्रयोग कर सकते हैं। घर में भी सभी लोग अपना अलग तौलिया और रुमाल का उपयोग करें। अगर परिवार में कोई व्यक्ति पहले से ही बुखार या जुकाम से परेशान है तो उसके संपर्क में आने से बचें।

**संतुलित आहार लें:** इस मौसम में मौसमी फल और सब्जी ही ज्यादा खानी चाहिए, जैसे कि पालक, मटर, गाजर, सरसों का साग, बींस, चुकंदर, पत्ता गोभी, फूल गोभी, खुबानी, स्ट्रॉबेरी, अमरूद, अंगूर, केला, अनार, पपीता, बेर आदि। इस मौसम में ये सब खाने से सेहत अच्छी रहती है। आइसक्रीम, कोल्ड ड्रिंक और बाहर के खाने से परहेज करें। फास्ट फूड का सेवन भूलकर भी न करें। सुबह और शाम गुनगुना पानी पीने से मौसम से संबंधित बीमारियों से बच सकते हैं। अगर कुछ गर्म पीने की इच्छा हो तो सामान्य चाय के बजाय ग्रीन या ब्लैक टी पी सकते हैं। अगर कफ की अधिकता महसूस हो रही हो तो एक कप गर्म पानी में एक चम्मच शहद मिलाकर पीने से राहत मिलेगी।

**योग-व्यायाम करें:** प्रतिदिन अपने सामर्थ्य के अनुसार 30 से 45 मिनट तक योगासन, प्राणायाम और व्यायाम करें। इससे शरीर में कफ की कमी आएगी और इम्यून सिस्टम मजबूत बनेगा। प्राणायाम में सूर्यभेदन, भस्त्रिका और कपालभाति कर सकते हैं।



प्राणायाम हमेशा किसी योग प्रशिक्षक की निगरानी में करें।

**शरीर की मालिश करें:** त्वचा और तंत्रिका तंत्र को मजबूत बनाने के लिए तिल और बादाम के तेल से रोज सुबह धूप में खुद ही शरीर की मालिश करें। मालिश के बाद गुनगुने पानी से स्नान करें। *

(नेचुरोपैथ डॉ. कैलाश द्विवेदी से बातचीत पर आधारित)

डॉक्टर्स एडवाइस

डॉ. नरेश कुमार
सीनियर फिजीशियन
एलएनजेपी अस्पताल, नई दिल्ली

अच्छी हेल्थ के लिए न्यूट्रीशस डाइट लेना, सही रूटीन फॉलो करना और एक्सरसाइज करना तो जरूरी है ही। लेकिन इसके साथ ही डेली रूटीन की कुछ हैबिट्स पर ध्यान देना भी जरूरी है। ये नॉर्मल सी लगने वाली हैबिट्स भी आपको हेल्दी बनाए रखने में इंपॉर्टेंट रोल निभाती हैं। इनके बारे में आपको जरूर मालूम होना चाहिए।

# हेल्दी रहने के लिए इन बैड हैबिट्स से बचें

अमूमन हर कोई हेल्दी रहने के लिए पर्सनल हाइजीन और लाइफस्टाइल की रूटीन हैबिट्स को अपनाता है। लेकिन इन कार्यों को जाने-अनजाने गलत तरीके से करने या जरूरत से ज्यादा करने से कई तरह की हेल्थ प्रॉब्लम्स का सामना भी करना पड़ सकता है। यहां हम आपको ऐसी ही कुछ हैबिट्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें समुचित तरीके से करने पर हेल्दी रहा जा सकता है।

**चेहरे को रगड़ कर धोना:** चेहरे को साफ बनाए रखने के लिए दिन में 3-4 बार धोना सही माना जाता है। क्योंकि चेहरे की त्वचा शरीर के मुकाबले अधिक सॉफ्ट और सेंसिटिव होती है। इसलिए त्वचा रोग विशेषज्ञ भी चेहरे को फेस-वॉश या माइल्ड सोप से दो-तीन बार हल्के हाथों से थपथपाते हुए धोकर मॉयश्चराइज करने की सलाह देते हैं। लेकिन कुछ लोग चेहरा गलत तरीके से धोते हैं यानी अपने चेहरे पर रगड़-रगड साबुन लगाकर धोते हैं। इससे चेहरे की त्वचा डैमेज हो जाती है। स्किन ड्राई होने और रेशैज होने का रिस्क भी बढ़ता है।

**पर्सनल चीजें शेयर करना:** हालांकि पैरेंट्स अपने बच्चों को छुटपन से गुड हैबिट्स सिखाते हैं, जिनमें दूसरों के साथ अपनी चीजें शेयर करने की आदत भी एक है। लेकिन हर चीज शेयर करना कई बार नुकसानदायक साबित हो सकता है जैसे- एक-दूसरे के मेकअप प्रोडक्ट्स, कंघी, रेजर, टॉवेल जैसी पर्सनल चीजें शेयर करना। ऐसा करने से कई तरह के इंफेक्शन होने का खतरा रहता है। असल में हमारे चेहरे या स्किन पर कई तरह के सूक्ष्म कीटाणु होते हैं, जो ऐसी चीजें इस्तेमाल करने से एक से दूसरे व्यक्ति की स्किन या बालों तक पहुंच जाते हैं। इनकी वजह से दूसरे व्यक्ति को भी इंफेक्शन होने की संभावना रहती है। इसी तरह पुरुषों द्वारा एक-दूसरे का रेजर इस्तेमाल करना रिस्की होता है, क्योंकि फेशियल हेयर या दाढ़ी के अंदर डेड स्किन और कई तरह के बैक्टीरिया होते हैं, जिनसे दूसरे व्यक्ति को गंभीर इंफेक्शन हो सकता है। मेडिकल साइंस में ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जिनमें रेजर के इस्तेमाल की वजह से दूसरे व्यक्ति को एड्स जैसी जानलेवा बीमारी तक का सामना करना पड़ा है।

**कॉटन ईयर-बड्स से कान साफ करना:** अमूमन हम सभी कान साफ करने के लिए ईयर-बड्स का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन वैक्स साफ करने के लिए इस तरह की चीजें हमारे कानों के लिए खतरनाक साबित हो सकती हैं। कान हमारे शरीर के 5 प्रमुख सेंसरी ऑर्गंस में से एक है। कान की अंदरूनी संरचना बहुत नाजुक होती है, जो बड्स जैसी नुकीली चीजों के इस्तेमाल से डैमेज हो सकती है। कई बार ईयर बड्स से कान के भीतर की वैक्स बाहर निकलने के बजाय कान के और ज्यादा अंदर चली जाती है, जिससे ईयर ड्रम को नुकसान पहुंच सकता है और अनचाहे ही श्रवण-क्षमता खो सकती है। इसलिए ध्यान रखें कि ईयर



बड्स से केवल कान के बाहरी हिस्से की सफाई करनी चाहिए। वैक्स साफ कराने या कान की डीप क्लीनिंग ईएनटी डॉक्टर से ही करवानी बेहतर है।

**ज्यादा टूथपेस्ट से ब्रश करना:** आमतौर पर माना जाता है कि दांत साफ करते हुए झागयुक्त टूथपेस्ट बेस्ट है और ज्यादा पेस्ट लेकर रगड़-रगड़ कर ब्रश करने से दांत अच्छी तरह साफ होते हैं। देखा जाए तो कई टूथपेस्ट्स में झाग ज्यादा बनाने के लिए सोडियम क्लोराइड, प्रोप्लेन ग्लाइकॉल जैसे केमिकल्स इस्तेमाल किए जाते हैं। इनसे भले ही झाग ज्यादा बनती है लेकिन ये हमारे दांतों को नुकसान पहुंचाते हैं। ज्यादा पेस्ट लेने और रगड़-रगड़ कर ब्रश करने से दांतों के इनेमल घिसने लगते हैं और दांत ही नहीं, मसूड़े भी कमजोर हो जाते हैं। डेंटल एक्सपर्ट की मानें तो माउथ हाइजीन मेंटेन करने के लिए दिन में 2 बार ब्रश (खासकर रात को सोने से पहले) करना जरूरी है। लेकिन ब्रश करते समय मटर के दाने के बराबर टूथपेस्ट लेना ही पर्याप्त है।



**छींकते-खांसते समय हाथ रखना:** आपने अकसर लोगों को कहते सुना होगा कि छींकते-खांसते हुए अपने हाथ से ढंकें। हालांकि इसके पीछे उनकी मूल मंशा यह रहती है कि नाक-मुंह से निकलने वाले ड्रॉपलेट्स हवा के साथ मिलकर आस-पास के लोगों तक न पहुंचें और उन्हें बीमार न करें। लेकिन वैज्ञानिकों के मुताबिक ऐसे मौके पर टिश्यू पेपर या रुमाल का इस्तेमाल करना हितकारी है। छींकते-खांसते वक्त हमारे शरीर से ड्रॉपलेट्स के साथ कई तरह के जर्म्स भी निकलते हैं। जो चेहरा ढंकने पर हाथों में आ जाते हैं। हैंडवॉश न करने और एहतियात न बरतने पर जाने-अनजाने वापस आपके शरीर में आसानी से प्रवेश कर जाते हैं और बीमारी का कारण बनते हैं। कोशिश करें कि वन-टाइम यूज में आने वाले टिश्यू पेपर का इस्तेमाल करें और तुरंत डस्टबिन में फेंकें।

**खाना खाने के तुरंत बाद पानी पीना:** हममें से कई लोग खाना खाने के साथ या फिर खाना खाने के तुरंत बाद पानी पीते हैं। ऐसा करना हमारे डाइजेस्टिव सिस्टम के लिए नुकसानदायक है। खाना पेट में जाता है तो पेट में हाइड्रोक्लोरिक एसिड समेत कई पाचक एंजाइम्स भी बनने लगते हैं, जो खाना पचाने में मदद करते हैं। लेकिन खाने के बाद पानी पीने से इन एंजाइमों की तीव्रता कम हो जाती है, जिससे खाना पूरी तरह डाइजेस्ट नहीं हो पाता और इससे प्रायः अपच की शिकायत हो जाती है। इसलिए खाने के बाद यथासंभव पानी पीना अवॉयड करना चाहिए। हां, बहुत जरूरी हो तो एकाध घूंट पी सकते हैं।

**खाने के बाद तुरंत सो जाना:** कई लोग खाना खाने के तुरंत बाद लेट जाते हैं और सो जाते हैं। इस हैबिट का हेल्थ पर बुरा असर पड़ता है। ऐसा करने से खाना पेट में जाने के बजाय फूड पाइप में रह जाता है और ठीक तरह से डाइजेस्ट नहीं हो पाता। इससे अपच, चेस्ट में जलन, हार्टबर्न, पेट दर्द और सोने में परेशानी होने लगती है। डाइजेशन गड़बड़ाने से कैलोरीज बर्न नहीं हो पातीं, इससे मोटापा और कई लाइफस्टाइल डिजीज की गिरफ्त में आने का खतरा बना रहता है। जरूरी है कि खाने और सोने के समय से 2-3 घंटे पहले खा लेना चाहिए और 10-15 मिनट टहलना चाहिए। *

प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा

## रेग्युलर नेल्स ट्रिम न करना



**मौजूदा दौर** में लंबे नाखून रखना और नेल-आर्ट करना कुछ लोगों के लिए फैशन सिंबल है। वहीं कुछ लोग लंबे नाखून रखना पसंद नहीं करते और नेलकटर से रेग्युलर ट्रिम करने के बजाय दांतों से काटते रहते हैं। सेहत के लिहाज से दोनों अहितकारी हैं। भले ही हम दिन में कई बार हाथ धोते हों, लेकिन नाखूनों की ठीक से सफाई करने से अकसर चूक जाते हैं। लंबे नाखूनों की निचली सतह पर अदृश्य कीटाणु चिपके रह जाते हैं, जो आसानी से शरीर में पहुंचकर हमें बीमार कर सकते हैं। इसके अलावा नाखूनों की बनावट पर गौर करें तो फिंगर-टिप्स से जुड़ा नाखूनों के गुलाबी हिस्से से शरीर की कई सेंसेटिव नर्व्स जुड़ी होती हैं। ठीक तरह ट्रिम न करने पर नर्व्स डैमेज हो जाती हैं, जिनकी वजह से ब्लीडिंग और दर्द का सामना करना पड़ सकता है। लिहाजा अपने नाखूनों को नेलकटर से रेग्युलर ट्रिम करें। और अगर नाखून लंबे रखना चाहते हैं तो साफ-सफाई का ध्यान रखना न भूलें।

उपयोगी औषधि

रेखा देशराज

# अनेक रोगों से राहत दिलाए गुग्गुल



गुग्गुल या गुग्गल, झाड़ीनुमा एक ऐसा पेड़ है, जिससे निकलने वाली राल या गोंद (रेजिन) जैसे पदार्थ को भी गुग्गुल ही कहते हैं। आयुर्वेद में इसका सदियों से औषधि के रूप में इस्तेमाल होता रहा है। गुग्गुल की इस गोंद से आयुर्वेद की अनेक दवाएं बनती हैं। इससे ही कैशोर गुग्गुल, चंद्रप्रभा वटी और महायोगराज गुग्गुल जैसी औषधियां बनाई जाती हैं। गुग्गुल आजकल सबसे ज्यादा राजस्थान (थार के मरुस्थल), उत्तर प्रदेश (बुंदेलखंड), गुजरात, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में पैदा होती है।

**गुग्गुल के प्रकार:** आयुर्वेद में इस गोंद या राल के पांच भेद बताए गए हैं, जो इस प्रकार हैं- महिषाक्ष, महानील, कुमुद, पद्म और हिरण्य। इनमें से महिषाक्ष और महानील हाथियों के लिए, कुमुद तथा पद्म घोड़ों के लिए उपयोगी होते हैं। जबकि पांचवां या हिरण्य गुग्गुल मनुष्यों के लिए उपयोगी है।

**स्वास्थ्य के लिए लाभकारी:** गुग्गुल कफ, वात, कृमि, शोथ और अर्शनाशक होती है। गुग्गुल से कई योग तो बनते ही हैं, साथ ही यह त्रिफला, गोक्षरादि गुग्गुल, सिंहनाद और चंद्रप्रभा गुग्गुल आदि औषधियों के निर्माण में भी उपयोगी द्रव्य होता है। गुग्गल के अनगिनत स्वास्थ्य लाभ हैं। यह हृदय रोगों के उपचार में बहुत फायदेमंद है, क्योंकि गुग्गल की गोंद कोलेस्ट्रॉल को कम करती है। यह ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करती है। इसके इस्तेमाल से मोटापे पर काबू पाने में भी मदद मिलती है। गठिया और शरीर के दूसरे दर्दों के लिए भी यह राहत देने वाली औषधि है, क्योंकि इसके इस्तेमाल से शरीर में सूजन खासकर जोड़ों की सूजन और दर्द कम होता है। त्वचा रोगों जैसे एक्जिमा, फोड़े फुंसी और दूसरे विकारों में यह बहुत कारगर है। थाइरॉयड को संतुलित रखने और प्रजनन स्वास्थ्य में भी गुग्गल बहुत उपयोगी है। मुख्य रूप में इसे हृदय रोगों, जोड़ों के दर्द, मोटापा और दूसरी कई स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से छुटकारा दिलाने वाला माना जाता है। *

मेंटल हेल्थ

शिखर चंद जैन

आम धारणा यही है कि बच्चे तो खिलंदड़ स्वभाव के होते हैं और मस्त रहते हैं। भला उन्हें अवसाद, उदासी और अकेलापन क्या सताएगा? लेकिन मौजूदा दौर में बच्चे भी इसकी चपेट में आ रहे हैं। इस बारे में आपको जानना बहुत जरूरी है।

# बच्चों-टीनएजर्स में भी बढ़ रहा डिप्रेशन

विश्व स्वास्थ्य संगठन और संयुक्त राष्ट्र बाल और किशोर कोष (यूनिसेफ) की एक नई रिपोर्ट बताती है कि दुनिया में 10 से 19 वर्ष का हर सातवां बच्चा-किशोर अवसाद और बेचैनी की समस्या से जूझ रहे हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि एक तिहाई बच्चों में 14 वर्ष से पहले और आधे में 18 से पहले मानसिक समस्याएं आने लगती हैं। रिपोर्ट के अनुसार बच्चों और किशोर की मानसिक समस्याओं को समझा नहीं जा रहा और उनकी समुचित देखरेख, सहायता या चिकित्सा भी नहीं हो रही है। भारत में भी यह बड़ी समस्या बन रही है।

**अकेलापन क्यों:** बच्चों में अकेलेपन की वजह उनका नजदीकी माहौल हो सकता है। जैसे नए स्कूल में परिचित सहपाठी न होना, माता-पिता के बीच रोज कलह होना, किसी पसंदीदा परिजन की मृत्यु, दोस्तों के साथ झगड़ा, माता-पिता से पर्याप्त स्नेह न मिलना, किसी के द्वारा बुलीइंग, न्यूक्लियर परिवार, नाना-नानी या दादा-दादी के प्यार से वंचित रहना, परिजनों द्वारा क्वालिटी टाइम न मिलना आदि बच्चों में अकेलापन महसूस करने की बड़ी वजह हैं।

**पीयर प्रेशर भी है कारण:** कई बार पैरेंट्स अपने बच्चों की क्षमता और दिलचस्पी न समझ कर उन पर दबाव डालते हैं कि वे अपने आस-पास के दूसरे बच्चों या अपने



फ्रेंड्स की तरह परफॉर्म करें, ज्यादा मार्क्स लाएं, उनके जैसा बिहेव करें। साथ ही छोटी-सी उम्र में ही उन्हें प्ले स्कूल के नाम पर घर से बाहर भेज दिया जाता है और वहां भी दूसरे बच्चों से उनकी तुलना होती है। इस पीयर प्रेशर से भी उनकी मेंटल हेल्थ बिगड़ती है।

**आउटडोर एक्टिविटीज की कमी:** एक दशक पहले तक बच्चों में घर से बाहर खेलने की प्रवृत्ति थी। वे अपने घर या पड़ोस के हम उम्र साथियों के साथ क्रिकेट, छुपम-छुपाई, फुटबॉल, बैडमिंटन जैसे आउटडोर गेम या दिमागी कसरत वाले या फिर व्यस्त रखने वाले पजल्स, कैरम, लूडो, मोनोपोली आदि खेलते थे। स्कूल में भी इंटरवल के दौरान क्लासरूम, स्कूल के चौक या मैदान में धमा चौकड़ी मचाते थे। लेकिन आज के बच्चों की दुनिया स्वयं तक और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स तक सीमित रह गई है। इससे दिल-दिमाग और शरीर फिजिकल एक्टिविटीज में संलग्न नहीं रहता। नतीजतन सुस्ती, उदासी और अकेलापन महसूस होता है।

**रील कल्चर का प्रेशर:** इंस्टाग्राम हो या यूट्यूब चैनल, फेसबुक की रील्स हों या शॉर्ट फिल्म्स, हर तरफ बच्चों के कारनामे दिखाने वाले वीडियो की बाढ़ सी आई हुई है। टेक्नोसेवी और पापुलैरिटी की चाहत में माता-पिता अपने बच्चों को भी वैसे ही हरकतें या कथित टैलेंट का प्रदर्शन करने को



कहते हैं। ताकि वे रील बनाकर ढेर सारे लाइक्स, व्यूज और कॉमेंट्स बटोर सकें। बच्चों का मन ना होते हुए भी यह सब करना पड़ता है तो वे बेचैन और चिड़चिड़ा हो जाते हैं और तनाव के शिकार हो जाते हैं।

**पैरेंट्स क्या करें:** बच्चों-किशोरों में बढ़ती इस समस्या से बचाने के लिए कई मनोचिकित्सक पैरेंट्स को कुछ सलाहें देते हैं। इन पर आप भी अमल कर सकते हैं। जैसे- जब भी आप महसूस करें कि आपका बच्चा आजकल गुमसुम अकेला और चिंतित रहता है, खाने में या खेलने में रुचि नहीं लेता तो आपको सजग हो जाना चाहिए। तुरंत उसका कारण जानें। बच्चों पर अपनी इच्छाएं न थोपें। न ही उन्हें तुलनात्मक हीनता का शिकार बनाएं। उसकी रुचि किन एक्टिविटीज में है, यह समझें और उसी के अनुरूप व्यवस्था करें। बच्चों के साथ खेलकूद में आप भी इंवॉल्व हों। बच्चों के साथ इमोशनल बॉन्डिंग बढ़ाएं। इन कोशिशों से अगर बच्चे की उदासी, तनाव और डिप्रेशन कम नहीं हो रहा है तो चाइल्ड काउंसलर से संपर्क करें। *

योगोपचार

दिव्यज्योति 'नंदन'

अगर आपका मन अशांत रहता है, बात-बात पर गुस्सा आता है, बीपी हाई रहता है, गर्मी में बेचैनी बढ़ती है तो आपको शीतली प्राणायाम करना चाहिए। इसे करना आसान है लेकिन इसे करने के अनेक फायदे होते हैं। इसके बारे में विस्तार से जानिए।

# मन को रखे शांत-शीतल शीतली प्राणायाम

हल्की गर्मी शुरू हो चुकी है। होली के बाद तापमान और बढ़ने लगेगा। कई लोगों को वैसे तो हर मौसम में लेकिन खासतौर पर गर्मी के मौसम में बात-बात पर गुस्सा आने लगता है। अगर आप भी ऐसे लोगों में शामिल हैं तो इस बार गर्मियों की शुरुआत से ही हर दिन शीतली प्राणायाम का अभ्यास करें।

**शीतली प्राणायाम के फायदे:** यह प्राणायाम शरीर को ऊर्जा से लबालब और दिमाग को शांत रखने में कारगर है। नियमित रूप से शीतली प्राणायाम करने से गर्मी से तो राहत मिलती ही है, शरीर का तापमान ज्यादातर समय सामान्य रहता है। जिस कारण दिमाग शांत रहता है, तनाव और चिंता कम होती है, पाचन क्रिया बेहतर होती है, रोग प्रतिरोधक क्षमता बदलते मौसम में मजबूत बनी रहती है। नींद अच्छी आती है, त्वचा में चमक आती है और अगर बाल झड़ते हैं तो बिल्कुल रुक जाते हैं या कम हो जाते हैं। इस तरह देखा जाए तो गर्मियों की शुरुआत में इम्यूनिटी मजबूत बनाए रखने के लिए और शरीर को शीतल रखने के लिए शीतली प्राणायाम बहुत कारगर होता है।

**कब करें:** शीतली प्राणायाम हमेशा सुबह खाली पेट या खाना खाने के 4 घंटे बाद करना चाहिए। यह प्राणायाम हमेशा शांत और साफ वातावरण में करें। सुबह के समय अभ्यास करने का सबसे बड़ा फायदा यह होता है कि पेट पूरी तरह से साफ होता है। वातावरण में शरीर के अनुकूल शीतलता होती है। धूल और गर्मी नहीं होती। शीतली प्राणायाम धीमी और नियंत्रित गति से करना चाहिए।

**करने का सही तरीका:** शीतली प्राणायाम को सही तरीके से करने के लिए पहले योगा मैट पर आरामदायक ध्यान मुद्रा में बैठ जाएं। हाथों को घुटनों पर रख लें।



आंखें बंद कर लें और पूरे शरीर को शिथिल छोड़ दें या धीरे-धीरे शिथिल कर लें। शीतली प्राणायाम करने के लिए जरूरी है कि बिना तनाव के जीभ को मुंह से बाहर निकालें यानी बिना खींचे हुए जीभ को मुंह से बाहर निकालें। फिर धीरे-धीरे जीभ के किनारों को रोल करें, जिससे यह नालिका जैसी बन जाए और अब इसी नालिका या ट्यूब के माध्यम से धीरे-धीरे सांस अंदर लें। सांस लेते समय इसके अंत में जीभ को मुंह में वापस अंदर ले लें और मुंह बंद करके नाक के माध्यम से सांस छोड़ें। सांस लेते समय तेज हवा की तरह ध्वनि पैदा होनी चाहिए और जीभ तथा मुंह की छत पर बर्फीली शीतलता का एहसास होना चाहिए। यह एक चक्र है, इसी तरह के नौ चक्र पूरे करें।

**बरतें सावधानियां:** अगर आप बलगम से पीड़ित हों, ब्रोंकाइटिस की समस्या से जूझ रहे हों, अस्थमा हो, श्वसन विकार या कम रक्तचाप जैसी परेशानियां हों तो शीतली प्राणायाम का अभ्यास करने से बचें। यही नहीं जिन्हें हृदय रोग की समस्या हो, उन्हें भी शीतली प्राणायाम से बचना चाहिए। शीतली प्राणायाम का अभ्यास पुरानी कब्ज की समस्या को बढ़ा देता है, इसलिए जिन्हें लंबे समय से कब्ज की समस्या हो, उन्हें भी यह करने से बचना चाहिए और हां, सर्दियों में या जब वातावरण में ठंडक हो, तब भी इसे न करें। शीतली प्राणायाम को तब भी न करें, अगर किसी तरह का इंफेक्शन हो। वैसे तो यह आसान है लेकिन बेहतर होगा कि इसे किसी योगाचार्य से सीखकर ही अभ्यास करें। *



नागरिक सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए एआई तकनीक का होगा उपयोग


# मप्र की सात स्मार्ट सिटी में सुशासन के लिए कंट्रोल सेंटर और ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में 7 शहरों भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, सागर एवं सतना का चयन स्मार्ट सिटी के रूप में किया गया है। चिन्हित शहरों में सुशासन और नागरिक सेवाओं को सशक्त बनाने के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है। इन चयनित शहरों में इंटीग्रेटेड कमांड एण्ड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) और इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) को लागू किया गया है। नगरीय सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए अब एआई तकनीक का भी उपयोग किया जाएगा।

डेटा संचालन और निर्णय लेने में उपयोगी

संचालन के लिए एजेंसी का किया चयन



ATCS Operation

सतत निगरानी का काम किया जा रहा

आईसीसीसी तकनीक से स्मार्ट सिटीज शहरों में नागरिक सेवाओं के क्रियान्वयन पर सतत निगरानी का कार्य किया जा रहा है। नागरिक सेवाओं में डेटा संचालन और निर्णय लेने में भी यह बेहद महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे है। आईसीसीसी और आईटीएमएस प्रणाली के संचालन के लिए नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा एजेंसी का चयन किया गया है। इन प्रणालियों के जरिए स्मार्ट सिटी में जल आपूर्ति, अपशिष्ट प्रबंधन, स्ट्रीट लाइटिंग और सार्वजनिक सुरक्षा जैसी शहर की सेवाओं की लगातार निगरानी की जाना संभव हुआ है।

### नेशनल अर्बन डिजिटल मिशन

*केन्द्र सरकार ने नेशनल अर्बन डिजिटल मिशन (एनडीयूएम) में एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) को शामिल करने का निर्णय लिया है। एआई तकनीक से नागरिक सेवाओं को और बेहतर किया जा सकेगा। आईसीसीसी तकनीक स्मार्ट सिटी में अपशिष्ट संग्रह वाहनों की वास्तविक समय की ट्रेकिंग को सक्षम बना रहा है, जिससे समय पर कचरा निपटान और सफाई सुनिश्चित हो रही है। भविष्य में इन केन्द्रों को स्वचलित अलर्ट स्वच्छता संबंधी मुद्दों को तुरंत निराकृत करने में सक्षम किए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। स्मार्ट सिटी में जल वितरण और रिसाव का पता लगाने वाली प्रणालियों को कंट्रोल रूम के माध्यम से निगरानी में रखा जा सकेगा। इससे पानी के अपव्यय को काफी हद तक कम करने और शहर में पानी की समान रूप से आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। इसके साथ आईसीसीसी के माध्यम से स्मार्टग्रिड और स्ट्रीटलाइट ऑटोमेशन ऊर्जा की खपत को कम करने और विद्युत वितरण व्यवस्था को और दक्ष बनाए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं।*




डिजिटल नवाचार को किया प्रोत्साहित

## मप्र पुलिस के ई-रक्षक एप को मिला स्मार्ट पुलिसिंग अवॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में मध्यप्रदेश पुलिस के अत्याधुनिक ई-रक्षक एप को फिक्की स्मार्ट पुलिसिंग अवॉर्ड 2024 से सम्मानित किया गया। भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ द्वारा पुलिसिंग में डिजिटल नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए यह पुरस्कार प्रदान किया जाता है।

इस वर्ष इस पुरस्कार के लिए सम्पूर्ण भारत से 200 से अधिक नामांकन प्राप्त हुए थे, जिनका गहन मूल्यांकन करने के पश्चात मध्यप्रदेश पुलिस के ई-रक्षक एप को इस प्रतिष्ठित अवॉर्ड के लिए चयनित किया गया। इस अवसर पर पूर्व गृह सचिव भारत सरकार जीके पिल्लई द्वारा मध्यप्रदेश पुलिस के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो चंचल शेखर को इस अभिनव पहल के लिए स्मार्ट पुलिसिंग अवॉर्ड 2024 से सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर मप्र पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने बधाई दी है।

### पुलिस को तकनीकी रूप से सक्षम बनाया

*ई-रक्षक एप बीट स्तर पर कार्यरत पुलिसकर्मियों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाकर उन्हें अपराधियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान में मदद करता है। पहले पुलिसकर्मियों को अपराधियों की पहचान मुख्य रूप से व्यक्तिगत अनुभव और जान-पहचान के आधार पर करनी पड़ती थी, लेकिन अब इस एप के माध्यम से संपूर्ण मध्यप्रदेश के अपराधियों की जानकारी एक क्लिक पर उपलब्ध हो जाती है।*

### एप विकसित करने में इनका योगदान रहा

तकनीकी नवाचार को विकसित करने में हेमंत चौहान उप पुलिस महानिरीक्षक, राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो, आरएस प्रजापति, सहायक पुलिस महानिरीक्षक, प्रांजलि शुक्ला सहायक पुलिस महानिरीक्षक, सीसीटीएनएस, इंद्रा नामदेव निरीक्षक, सीसीटीएनएस, हीरा सिंह ठाकुर सहायक उपनिरीक्षक, सुरेंद्र रघुवंशी सहायक उपनिरीक्षक एवं अर्शदीप सिंह प्रधान आरक्षक का योगदान रहा।

30 मार्च तक विक्रमोत्सव का होगा आयोजन, सभी मंत्री प्रभार के जिलों में करें तैयारियों की समीक्षा: डॉ. यादव

# मप्र में जय गंगा जल संवर्धन अभियान 30 मार्च से 30 जून तक चलाया जाएगा

मुख्यमंत्री का जीआईएस के सफल आयोजन के लिए कैबिनेट के सदस्यों ने किया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट भोपाल से न केवल भारत बल्कि प्रदेश के छोटे से छोटे निवेशकों और प्रदेशवासियों का आत्मविश्वास बढ़ा है। उन्होंने यूके, जर्मनी, जापान सहित सभी विदेशी मेहमानों, मंत्री गण, विभागीय अधिकारियों और प्रदेशवासियों का आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव कैबिनेट की बैठक से पहले मंत्री को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री को मंत्रियों ने भगवान श्री रामलला की प्रतिमा भेंट कर ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के सफल और उपलब्धि पूर्ण आयोजन के लिए उनका अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मंत्रालय में मंत्रियों ने अंगवस्त्रम भेंट कर अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सबके सहयोग से हम बेहतर स्थिति में पहुंचे हैं। जीआईएस में उद्योग विभाग में 12.02 लाख करोड़, नवकरणीय ऊर्जा में 5.72 लाख करोड़, खनन एवं खनिज में 3.22 लाख करोड़, शहरी विकास में 1.9 लाख करोड़, ऊर्जा विकास में 1.74 लाख करोड़ रुपए का निवेश प्राप्त हुआ है। औद्योगिकीकरण को बढ़ावा देने के लिए सरकार, निवेश की प्रगति की निरंतर समीक्षा करेगी। मुख्यमंत्री स्तर से प्रत्येक दो माह में और मुख्य सचिव द्वारा प्रतिमाह समीक्षा की जाएगी।



### राज्य सरकार अपने सभी वादे पूर्ण करने के लिए संकल्पित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार अपने सभी वादे पूर्ण करने के लिए संकल्पित है। इस वर्ष गेहूं का समर्थन मूल्य 2600 रुपए प्रति क्विंटल तय किया गया है, इसमें 175 रुपए प्रति क्विंटल बोनस है। इससे राज्य सरकार पर 1400 करोड़ रुपए का भार आएगा और लगभग 80 लाख मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि गेहूं के समर्थन मूल्य को लेकर किसानों की सकारात्मक प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं, गेंहू उपार्जन का यह कार्य 15 मार्च से आरंभ होगा। इसी प्रकार प्रदेश में 6.70 लाख किसानों द्वारा 12.20 लाख हेक्टेयर में धान का उत्पादन किया गया है। धान किसानों को खरीफ वर्ष 2024 के लिए 4000 रुपए प्रति हेक्टेयर प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जाएगा। इस पर लगभग 480 करोड़ रुपए की राशि व्यय होगी।

### 6 मार्च को मंत्रियों से कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में संवाद करेगा वित्त आयोग

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मंगलवार को ही 16 वें वित्त आयोग का प्रदेश में आगमन हो रहा है, आयोग 6 मार्च को सभी मंत्रियों से कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में संवाद करेगा। आयोग के सदस्य, निगम, जिला पंचायत सदस्यों और राजनीतिक दलों से भी मुलाकात करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 30 मार्च से 30 जून तक जय गंगा जल संवर्धन अभियान आयोजित होगा। अभियान में संपूर्ण प्रदेश में जल संरचनाओं का संवर्धन वृहद स्वरूप में किया जाएगा। उन्होंने मंत्रियों को इस विषय में प्रभार के जिलों में बैठकें लेने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि 26 फरवरी से 30 मार्च तक विक्रमोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। गुड़ी पड़वा पर्व 30 मार्च को उत्साह और उमंग से मनाने के लिए प्रभार के जिलों में व्यापक तैयारियां की जाएं।

## मप्र पॉवर ट्रांसमिशन कम्पनी के लिए 1431 नए पद स्वीकृत

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में मप्र पॉवर ट्रांसमिशन कम्पनी की संगठनात्मक संरचना में संशोधन का प्रस्ताव पारित किया गया है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि प्रस्ताव में कम्पनी के लिए 1431 नवीन नियमित पद सृजित करने का अनुमोदन किया गया है। स्वीकृत पदों पर भर्ती के लिए ऊर्जा विभाग को अधिकृत किया गया है। ऊर्जा मंत्री तोमर ने कहा है कि सरकार के इस निर्णय से कम्पनी के कार्यों में गुणात्मक सुधार होगा।

## ऑटो में लोड पीडीएस चावल पकड़ाया

दुर्ग। भिलाई कैंप 1 के कुछ लड़कों ने सरकारी दुकान से चावल लोड करके राइस मिल ले जाते हुए ऑटो को पकड़ा है। फूड विभाग ने ऑटो से 20 कट्टा यानि 11 क्विंटल चावल जब्त किया है। चावल पकड़ने वाले के सत्यम और सूर्या ने जब चावल तस्कर का नाम पूछा तो ऑटो चालक ने पहले सूरज साव का नाम लिया। उसके बाद बयान में डबलू और सत्यम यादव का चावल होना बताया। खाद्य विभाग मामले की जांच कर रही है। खाद्य विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक कैंप 1 भिलाई निवासी सत्यम यादव और सूर्या तिवारी ने बुधवार दोपहर चावल से लोड ऑटो को चिखली चौक के पास पकड़ा था। इसके बाद उन्होंने पुलिस और फूड डिवार्टमेंट को सूचना दी। पुलगांव पुलिस ने सूचना मिलने पर ऑटो को थाने में खड़ा करा दिया।

गरीब कल्याण मिशन से होगा वंचितों का आर्थिक उत्थान

# किसानों और गरीबों के कल्याण के लिए कार्य कर रही मोहन सरकारः दवे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने मप्र को वर्ष 2028 तक गरीबी मुक्त बनाने का संकल्प लिया है। इसके लिए 'गरीब कल्याण मिशन' के क्रियान्वयन की स्वीकृति दी गई है। उक्त विचार भाजपा के वरिष्ठ नेता और भोपाल के जिला झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के सह संयोजक एवं दक्षिण-पश्चिम विधानसभा प्रभारी महेंद्र दवे ने व्यक्त किए। उन्होंने बताया कि मिशन का उद्देश्य राज्य के गरीब और वंचित वर्गों का आर्थिक उत्थान करते हुए उनकी आय को न्यूनतम आय के स्तर तक लाना है और महिलाओं-बच्चों का पोषण सुनिश्चित करना, शिशु मृत्यु दर कम करना, गर्भवती महिलाओं का



स्वास्थ्य सुनिश्चित करना, माध्यमिक शिक्षा सुनिश्चित करना, माध्यमिक कक्षा तक के विद्यार्थियों की स्कूल में उपस्थिति, भोजन पकाने के लिए समुचित ईंधन उपलब्धता, स्वच्छता, पेयजल उपलब्धता, विद्युत कनेक्शन, आवास निर्माण, परिवारों के पास संसाधन उपलब्धता, बैंक खाता की उपलब्धता करना है। इसके साथ ही वित्तीय समावेश में सुधार किया जाएगा।

### मजदूरों और दिव्यांगों को दी सौगात

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में गरीबों के लिए 8 लाख 21 हजार मकान बनाने की भी घोषणा की है। साथ ही प्रदेश के किसानों को 5 रुपए में स्थाई बिजली कनेक्शन देने का संकल्प भी लिया है। गरीब बंदियों को विधिक सहायता में बढ़ोतरी, श्रमिकों को इलेक्ट्रिक स्कूटर के लिए 40 हजार रुपए की सब्सिडी और दिव्यांगों की सहायता राशि को 4 लाख रुपए तक बढ़ाने की घोषणा भाजपा सरकार की गरीब कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता दिखाती है।*

सतना में सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से हुई थीं घायल

# मुख्यमंत्री ने महाकुंभ से लौट रही हैदराबाद निवासी डॉ. कीर्ति पामो को कराया एयर लिफ्ट

राज्यमंत्री प्रतिमा ने किया था एयरलिफ्ट कराने का आग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने प्रयागराग महाकुंभ से लौटते समय सतना अमरपाटन में हुई सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हैदराबाद की डॉ. कीर्ति पामो को एयर एंबुलेंस सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आभार माना है।

मंत्री बागरी ने मंत्रालय में मंगलवार को कैबिनेट की बैठक से पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव को पुष्प-गुच्छ भेंट कर उनका अभिवादन किया। गौरतलब है घायल डॉ. कीर्ति का इलाज सतना के एक अस्पताल में चल रहा था। परिजनों की मांग पर राज्य मंत्री बागरी ने रामपुर बघेलान पहुंचे। मुख्यमंत्री से परिजनों की भेंट कराई और डॉ. कीर्ती को बेहतर इलाज के लिए उनके शहर हैदराबाद एयरलिफ्ट करने में सहायता का आग्रह किया।



मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता और त्वरित पहल से गंभीर घायल तत्काल सतना से हैदराबाद पहुंची

### जल्द मिली चिकित्सा सुविधा

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रयागराग महाकुंभ से लौट रहीं डॉ. कीर्ति को तत्काल सतना से हैदराबाद एयरलिफ्ट करने के निर्देश दिए। फ्लाई ओला की एयर एम्बुलेंस सोमवार को दोपहर 1.30 बजे सतना एयर पोर्ट पहुंची, शीघ्र स्वास्थ्य की कामना के साथ राज्यमंत्री बागरी ने दोपहर 2.30 बजे डॉ. पामो को परिजनों के साथ एयर एम्बुलेंस से हैदराबाद के लिए रवाना किया। मात्र 18 घंटे में घायल डॉ. पामो और उनके परिजनों को हैदराबाद भेज दिया गया। इस पहल के लिए डॉ. कीर्ति पामो तथा उनके परिजनों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव और राज्य मंत्री बागरी का आभार व्यक्त किया है।*


रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

**होली विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि**

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए आगामी होली त्यौहार के दौरान रेलवे द्वारा पहले से ही घोषित अनेक होली विशेष रेलगाड़ियों के अलावा निम्नलिखित होली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:-

**02525/02526 कामाख्या – आनन्द विहार टर्मिनल – कामाख्या होली स्पेशल रेलगाड़ी** (08 फेरे)

| रेलगाड़ी सं.: 02525 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 02526 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 22:45 | कामाख्या | 03:40 | ---- |
| 08:50 | ---- | आनन्द विहार टर्मिनल | ---- | 17:20 |

चलने के दिन : 02525 कामाख्या से दिनांक 07.03.2025 से 28.03.2025 तक (प्रत्येक शुक्रवार को) एवं 02526 आनन्द विहार टर्मिनल से दिनांक 09.03.2025 से 30.03.2025 तक (प्रत्येक रविवार को)।
ठहराव: गोवालपाड़ा टाउन, अभयपुर असम, बिलासीपारा, गौरीपुर, गोलकगंज, तूफानगंज, न्यू कूचबिहार, न्यू जलपाईगुड़ी, किशनगंज, बारसोई, कटिहार, नौगछिया, खगड़िया, बेगुसराय, बरौनी (शाहपुर पटोरी के माध्यम से), हाजीपुर, पाटलिपुत्र, दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय, प्रयागराज, गोविंदपुरी, टूंडला एवं अलीगढ़ जंक्शन स्टेशन।
स्थान: प्रथम वाता., 3 टियर वाता. (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य।

**04010/04009 आनन्द विहार टर्मिनल – जोगबनी – आनन्द विहार टर्मिनल होली स्पेशल रेलगाड़ी** (04 फेरे)

| रेलगाड़ी सं.: 04010 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04009 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 23:55 | आनन्द विहार टर्मिनल | 12:25 | ---- |
| 03:00 | ---- | जोगबनी | ---- | 09:45 |

चलने के दिन : 04010 आनन्द विहार टर्मिनल से दिनांक 10.03.2025 एवं 17.03.2025 को एवं 04009 जोगबनी से दिनांक 12.03.2025 एवं 19.03.2025 को।
ठहराव: गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगू सराय, खगड़िया जं., नौगछिया, कटिहार जं., पूर्णिया, अररिया एवं फोर्बसगंज स्टेशन।
स्थान: शयनयान एवं सामान्य।

**03009/03010 & 03011/03012 हावड़ा- आनन्द विहार टर्मिनल - हावड़ा होली स्पेशल रेलगाड़ी** (18 फेरे)

| रेलगाड़ी सं.: 03009 / रेलगाड़ी सं.: 03011 आगमन | प्रस्थान | ↓ STATIONS ↑ | रेलगाड़ी सं.: 03010 / रेलगाड़ी सं.: 03012 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 17:40 | हावड़ा | 03:00 | ---- |
| 22:30 | ---- | आनन्द विहार टर्मिनल | ---- | 00:30 |

चलने के दिन : 03009 हावड़ा से दिनांक 06.03.2025, 16.03.2025, 20.03.2025 एवं 24.03.2025 को एवं 03010 आनन्द विहार टर्मिनल से दिनांक 08.03.2025, 18.03.2025, 22.03.2025 एवं 26.03.2025 को एवं 03011 हावड़ा से दिनांक 07.03.2025, 11.03.2025, 15.03.2025, 19.03.2025 एवं 23.03.2025 को एवं 03012 आनन्द विहार टर्मिनल से 09.03.2025, 13.03.2025, 17.03.2025, 21.03.2025 एवं 25.03.2025 को।
ठहराव: बैण्डेल, बर्द्धमान, दुर्गापुर, आसनसोल, धनबाद, कोडरमा, गया, अनुग्रह एन रोड, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, मिर्जापुर, प्रयागराज जंक्शन, फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा जंक्शन एवं टूंडला जंक्शन स्टेशन।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।

**09003/09004 मुंबई सेन्ट्रल – दिल्ली जं – मुंबई सेन्ट्रल होली स्पेशल रेलगाड़ी** (14 फेरे)

| रेलगाड़ी सं.: 09003 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 09004 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 10:30 | मुंबई सेन्ट्रल | 13:30 | ---- |
| 10:00 | ---- | दिल्ली जं | ---- | 13:05 |

चलने के दिन : 09003 मुंबई सेन्ट्रल से दिनांक 07.03.2025 से 28.03.2025 तक (प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को) एवं 09004 दिल्ली जं से दिनांक 08.03.2025 से 29.03.2025 तक (प्रत्येक बुधवार एवं शनिवार को)।
ठहराव: बोरीवली, वापी, वलसाड, उधना जंक्शन, सूरत, वडोदरा जंक्शन, गेरातपुर, साबरमती बीजी, महेसाना जंक्शन, पालनपुर जंक्शन, आबू रोड, पिंडवाड़ा, फालना, मारवाड़ जंक्शन, ब्यावर, अजमेर जंक्शन, मदार जंक्शन, किशनगढ़, जयपुर जंक्शन, गांधीनगर जयपुर, बांदीकुई जंक्शन, अलवर, रेवाड़ी जंक्शन, गुड़गांव एवं दिल्ली कैंट स्टेशन।
स्थान: 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता.।

**04412 हज़रत निजामुद्दीन – इंदौर जंक्शन होली स्पेशल ट्रेन** (01 फेरे)

| स्टेशन ↓ | रेलगाड़ी सं.: 04412 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| हज़रत निजामुद्दीन | ---- | 23:45 |
| इंदौर जंक्शन | 14:00 | ---- |

चलने के दिन : 04412 हज़रत निजामुद्दीन से 07.03.2025 को।
ठहराव: पलवल, मथुरा, कोटा, नागदा एवं रतलाम स्टेशन।
स्थान: शयनयान एवं सामान्य।

**04016/04015 आनन्द विहार टर्मिनल – सीतामढ़ी – आनन्द विहार टर्मिनल होली स्पेशल रेलगाड़ी** (08 फेरे)

| रेलगाड़ी सं.: 04016 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04015 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 00:30 | आनन्द विहार टर्मिनल | 06:00 | ---- |
| 02:00 | ---- | सीतामढ़ी | ---- | 05:00 |

चलने के दिन : 04016 आनन्द विहार टर्मिनल से दिनांक 07.03.2025, 11.03.2025, 14.03.2025 एवं 18.03.2025 को एवं 04015 सीतामढ़ी से दिनांक 08.03.2025, 12.03.2025, 15.03.2025 एवं 19.03.2025 को।
ठहराव: गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ, रायबरेली, माँ बेल्हा देवी धाम, वाराणसी जंक्शन, औंरिहार, गाजीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, सोनपुर, हाजीपुर जं. और मुजफ्फरपुर जं. (रिवर्सल) स्टेशन।
स्थान: शयनयान एवं सामान्य।

**04068/04067 नई दिल्ली – भागलपुर – नई दिल्ली होली स्पेशल रेलगाड़ी** (08 फेरे)

| रेलगाड़ी सं.: 04068 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04067 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 14:00 | नई दिल्ली | 14:30 | ---- |
| 13:30 | ---- | भागलपुर | ---- | 14:30 |

चलने के दिन : 04068 नई दिल्ली से दिनांक 09.03.2025, 12.03.2025, 16.03.2025 एवं 19.03.2025 को एवं 04067 भागलपुर से दिनांक 10.03.2025, 13.03.2025, 17.03.2025 एवं 20.03.2025 को।
ठहराव: गोविंदपुरी, प्रयागराज जंक्शन, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जंक्शन, बख्तियारपुर जंक्शन, मोकामा, हाथीदा जंक्शन, लक्खीसराय जंक्शन, किउल जंक्शन, अभयपुर, जमालपुर जंक्शन एवं सुल्तानगंज स्टेशन।
स्थान: शयनयान।

**02436/02435 नई दिल्ली – पटना जं – नई दिल्ली होली स्पेशल वंदे भारत रेलगाड़ी** (22 फेरे)

| रेलगाड़ी सं.: 02436 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 02435 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 08:30 | नई दिल्ली | 20:10 | ---- |
| 22:30 | ---- | पटना जं | ---- | 05:30 |

चलने के दिन : 02436 नई दिल्ली से दिनांक 08.03.2025 से 20.03.2025 तक (सप्ताह में छः दिन सोमवार को छोड़कर) एवं 02435 पटना जं से दिनांक 09.03.2025 से 21.03.2025 तक (सप्ताह में छः दिन मंगलवार को छोड़कर)।
ठहराव: गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जंक्शन, वाराणसी, गाजीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा जंक्शन एवं पाटलिपुत्र जंक्शन स्टेशन।
स्थान: 2 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।

**03435/03436 मालदा टाउन – आनन्द विहार टर्मिनल – मालदा टाउन होली स्पेशल रेलगाड़ी** (02 फेरे)

| रेलगाड़ी सं.: 03435 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 03436 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 09:30 | मालदा टाउन | 23:30 | ---- |
| 13:30 | ---- | आनन्द विहार टर्मिनल | ---- | 15:45 |

चलने के दिन : 03435 मालदा टाउन से दिनांक 17.03.2025 (सोमवार) को एवं 03436 आनन्द विहार टर्मिनल से दिनांक 18.03.2025 (मंगलवार) को।
ठहराव: न्यू फरक्का, बड़हरवा जंक्शन, साहिबगंज जंक्शन, पीरपैंती, कहलगांव, भागलपुर, सुल्तानगंज, जमालपुर जंक्शन, अभयपुर, किऊल जंक्शन, मोकामा, बख्तियारपुर, पटना जंक्शन, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, प्रयागराज एवं गोविंदपुरी स्टेशन।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।

**03413/03414 मालदा टाउन – दिल्ली जं – मालदा टाउन होली स्पेशल रेलगाड़ी** (04 फेरे)

| रेलगाड़ी सं.: 03413 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 03414 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 07:00 | मालदा टाउन | 17:30 | ---- |
| 10:35 | ---- | दिल्ली जं | ---- | 13:35 |

चलने के दिन : 03413 मालदा टाउन से दिनांक 15.03.2025 एवं 18.03.2025 को 03414 दिल्ली जं से दिनांक 16.03.2025 एवं 19.03.2025 को।
ठहराव: न्यू फरक्का, बड़हरवा जंक्शन, साहिबगंज जंक्शन, कहलगांव, भागलपुर, सुल्तानगंज, बरियारपुर, जमालपुर जंक्शन, धरहरा, अभयपुर, कजरा, किउल जंक्शन, लक्खीसराय जंक्शन, बरहिया, हाथीदा जंक्शन, मोकामा, बाढ़, बख्तियारपुर, खुसरोपुर, फतुहा, पटना साहेब, पटना जंक्शन, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, प्रयागराज एवं कानपुर सेंट्रल स्टेशन।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।

**04416 दिल्ली सराय रोहिल्ला – साबरमती होली स्पेशल ट्रेन** (01 फेरे)

| स्टेशन ↓ | रेलगाड़ी सं.: 04416 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| दिल्ली सराय रोहिल्ला | ---- | 08:10 |
| साबरमती | 23:20 | ---- |

चलने के दिन : 04416 दिल्ली सराय रोहिल्ला से 07.03.2025 को।
ठहराव: रेवाडी, अलवर, जयपुर, अजमेर, आबू रोड और पालनपुर स्टेशन।
स्थान: शयनयान एवं सामान्य।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन सं. 139 पर संपर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

चिंतन

# श्रमबल में महिलाओं की भागीदारी 70% तक बढ़े

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह में भारत के श्रमबल में महिलाओं की भागीदारी पर विमर्श महत्वपूर्ण है। सरकार की तरफ से कहा गया है कि विकसित भारत के लिए 2047 तक कार्यबल में 70 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण है। दरअसल, उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने सेवा क्षेत्र में महिलाओं पर सम्मेलन आयोजित किया है, जिसमें केंद्रीय श्रम सचिव सुमिता डावरा ने श्रमबल में महिलाओं की भूमिका बढ़ाने की बात कही है। देश में कई ऐसे क्षेत्र हैं, जिनमें महिलाओं की भागीदारी की काफी संभावनाएं हैं। महिला उद्यमियों और स्टार्टअप के लिए उद्यम पूंजी सहायता बढ़ाने के उपाय भी जरूरी है। श्रमबल में महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए शिक्षा, कौशल शिक्षा, उद्यम के लिए अवसर आदि क्षेत्र में काम करने होंगे। महिला श्रमबल को उचित शिक्षा के साथ रोजगार उन्मुख स्किल प्रशिक्षण देना होगा, जो उद्यमी बनना चाहती हैं, उन्हें पूंजी से लेकर बाजार तक के माहौल क्रिएट करने की आवश्यकता है। महिला उद्यमियों के लिए उद्यम पूंजी सहायता बहुत आवश्यक है। महिलाओं को नेतृत्व और निर्णय लेने वाली भूमिकाओं के लिए मार्गदर्शन दिया जाना भी जरूरी है। सेवा क्षेत्र में महिलाओं के सामने अनेक चुनौतियां हैं, जिसमें ऐसे पूर्वाग्रह हो सकते हैं जो उन्हें कार्यबल में प्रवेश करने से रोकते हैं। नेतृत्व की भूमिकाओं में भी वेतन असमानताएं हैं, नौकरी की सुरक्षा संबंधी चिंताएं हैं और घरेलू व पेशेवर जिम्मेदारी के बीच संतुलन बनाने की चुनौती है। लगभग 45 प्रतिशत महिलाएं बच्चों की देखभाल और घरेलू प्रतिबद्धताओं को कार्यबल में भाग न लेने का कारण बताती हैं। लेकिन पिछले छह साल में आर्थिक गतिविधियों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। शिक्षित महिलाओं के कार्यबल में शामिल होने की प्रवृत्ति बढ़ रही है और वेतन असमानता को लेकर कुछ चुनौतियों के बावजूद उनकी आय में भी लगातार वृद्धि हो रही है। आज हम महिलाओं को सेवा क्षेत्र, प्रौद्योगिकी, वित्त और विनिर्माण क्षेत्र में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देखते हैं। आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले छह वर्षों में श्रमिक जनसंख्या अनुपात 15 वर्ष और उससे अधिक आयु की महिलाओं के लिए 2017-18 में 22 प्रतिशत से बढ़कर 2023-24 में 40.3 प्रतिशत हो गया है। इसी तरह महिलाओं के लिए श्रमबल भागीदारी दर (एलएफपीआर) में भी इस दौरान वृद्धि हुई है। महिलाओं के लिए श्रमबल भागीदारी दर 23 प्रतिशत से बढ़कर लगभग 42 प्रतिशत हो गई है, पर जरूरत 70 फीसदी पर ले जाने की है। स्नातकोत्तर स्तर और उससे ऊपर की शिक्षा प्राप्त कुल महिलाओं में से 40 प्रतिशत 2023-24 में काम कर रही थीं, जबकि छह साल पहले यह आंकड़ा लगभग 35 प्रतिशत था। टेक सेक्टर में महिलाओं के लिए अनेक अवसर हैं। वास्तविक लैंगिक समानता के लिए प्रौद्योगिकी में समानता सुनिश्चित करने की तत्काल जरूरत है। महिला सशक्तिकरण की आधारशिला के रूप में डिजिटल समानता को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। दुनिया भर में 133 एआई प्रणालियों में से 44 फीसदी एआई प्रणालियां लिंग-समावेशी नहीं हैं। डिजिटल युग में उपभोक्ता व्यवहार, विशेषकर महिलाओं पर इसके प्रभाव का गहन अध्ययन किया जाना चाहिए। वैश्विक स्तर पर एआई पेशेवरों में केवल 22 फीसदी महिलाएं हैं, तथा नेतृत्व की भूमिकाओं में केवल 17 प्रतिशत महिलाएं हैं। विकसित भारज लक्ष्य के लिए शिक्षा के साथ श्रमबल में महिलाओं की भागीदारी को उच्च स्तर पर लाया जाना चाहिए।

# हिन्दी विरोध के पीछे वोट बैंक की राजनीति



विश्लेषण
अखिलेश आर्येन्दु

**तमिलनाडु में हिन्दी विरोध वहां की राजनीति के खास मुद्दों में एक रहा है। यह विरोध आजादी के बाद से ही आंदोलन के रूप में लगातार चलता आया है। एक बार फिर हिंदी विरोध को राज्य की अवाम के हितों के खिलाफ बताकर राज्य सरकार आने वाले चुनाव में एक मुद्दे के रूप में देख रही है। जो नया विवाद हिंदी को लेकर राज्य सरकार पैदा कर रही है वह नई शिक्षा नीति को लागू करने को लेकर है। केंद्र सरकार ने समग्र शिक्षा अभियान के तहत मिलने वाली वित्तीय सहायता में तमिलनाडु में कटौती का संकेत दिया है, जिसे तमिलनाडु सरकार ब्लैकमेलिंग के रूप में देख रही है। जाहिर तौर पर तमिलनाडु सरकार ने इसे राजनीतिक मुद्दा बनाकर राज्य के हित के खिलाफ हिंदी विरोध से सीधे-सीधे जोड़ दिया है।**

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत तीन भाषाओं की नीति है, जिसमें उस राज्य की भाषा, अंग्रेजी और एक अन्य भारतीय भाषा का अध्ययन शामिल है। हालांकि इस नीति में साफ तौर पर यह नहीं कहा गया है कि तीसरी भाषा हिंदी ही होनी चाहिए बल्कि यह कोई भी भारतीय भाषा हो सकती है। इसके बावजूद, तमिलनाडु सरकार इसे एक तरह से हिंदी थोपने की कोशिश के रूप में देख रही है। तमिलनाडु में हिंदी विरोध वहां की राजनीति के तमाम खास मुद्दों में एक रहा है। यह विरोध आजादी के बाद से ही आंदोलन के रूप में लगातार चलता आया है। एक बार फिर हिंदी विरोध को राज्य की अवाम के हितों के खिलाफ बताकर राज्य सरकार आने वाले चुनाव में एक मुद्दे के रूप में देख रही है। जो नया विवाद हिंदी को लेकर राज्य सरकार पैदा कर रही है वह नई शिक्षा नीति को लागू करने को लेकर है। केंद्र सरकार ने समग्र शिक्षा अभियान के तहत मिलने वाली वित्तीय सहायता में तमिलनाडु में कटौती का संकेत दिया है, जिसे तमिलनाडु सरकार ब्लैकमेलिंग के रूप में देख रही है। जाहिर तौर पर तमिलनाडु सरकार ने इसे राजनीतिक मुद्दा बनाकर राज्य के हित के खिलाफ हिंदी विरोध से सीधे-सीधे जोड़ दिया है। इससे लगातार विवाद बढ़ रहा है। वैश्वीकरण के युग में मातृभाषा के अलावा ज्यादा से ज्यादा भाषा सीखने की जरूरत बताई जाती है। फिर हिंदी भारत में अस्सी प्रतिशत से ज्यादा लोगों की भाषा है। ऐसे में तमिलनाडु के लोगों के लिए हिंदी सीखना कैसे उनके हितों पर कुठाराघात है। यह स्टालिन ने साफ नहीं किया है।

मुख्यमंत्री स्टालिन ने जिस तरह की हिंदी विरोध में टिप्पणी की है उससे हिंदी को लेकर राज्य में नया विवाद खड़ा कर दिया है। स्टालिन का कहना है कि तमिलनाडु के विद्यालयों में तीसरी भाषा फार्मूले के तहत हिंदी थोपी नहीं जाएगी। उनकी हिंदी विरोधी इस टिप्पणी में कोई नई बात नहीं है। जाहिर तौर पर तमिलनाडु की राजनीति हिंदी विरोध को लेकर दशकों से चलती रही है। कभी-कभी तो हिंदी की खिलाफत करते-करते देश की खिलाफत भी हुई है। जिससे देशभर में तीखी प्रतिक्रियाएं भी हुई हैं लेकिन हिंदी विरोध तमिलनाडु की राजनीति में सबसे खास मुद्दों के रूप में राजनीतिक दल भुनाने का कार्य करते रहे हैं। वहां चुनाव जीतने का यह सबसे वजनदार मुद्दा रहा है। राजनीति के जानकारों का कहना है कि तमिलनाडु में भारतीय जनता पार्टी अपना पैर फैला रही है, जिसे स्टालिन अपने शासन के लिए चुनौती के रूप में देख रहे हैं। हिंदी भारत की राजभाषा है। केंद्रीय कार्यालयों में अंग्रेजी के साथ इसका प्रयोग अनिवार्य है। राज्य के स्कूलों में तमिल के साथ अंग्रेजी का इस्तेमाल भाषा माध्यम के रूप में होता है लेकिन हिंदी का नहीं हो सकता। स्टालिन हिंदी थोपने की बात केंद्र सरकार की भाषा नीति से असहमत या विरोध के रूप में चर्चा का विषय बनाना चाह रहे हैं। वे इसे इस तरह पेश कर रहे हैं जैसे तमिलनाडु के बच्चों के साथ केंद्र सरकार बहुत बड़ा अनर्थ करने वाली है। स्टालिन यह भूल जाते हैं कि भारत विविधताओं वाला देश है। सभी राज्य अपनी आंचलिक भाषा को राज्य में लागू करने के लिए पूरी तरह आजाद हैं। राजीव गांधी सरकार ने तीन भाषा का जो केंद्रीय शिक्षा नीति का फार्मूला लागू किया था, वह तमिलनाडु में आज तक लागू नहीं किया गया। इसके बचाव में दुहाई यह दी जाती है कि इससे राज्य के बच्चों पर अनावश्यक मानसिक बोझ बढ़ेगा, जो उनके विकास में बाधा पैदा



करने का काम करेगा। राज्य सरकारों ने जनमानस को हिंदी विरोध के नाम पर राज्य में कई बार विकट हालात पैदा किये हैं। इसका परिणाम यह हुआ कि बगैर सोचे-समझे प्रदेश की अवाम हिंदी के खिलाफ आंदोलन के साथ आ गया। धीरे-धीरे यहां के लोगों की मानसिकता यह बन गयी कि तमिलनाडु में हिंदी शिक्षा का माध्यम या हिंदी सीखना उनके विकास में रुकावट पैदा करती है, क्योंकि इससे तमिलों का अहित होगा।

तमिलनाडु सरकार यह भूल जाती है कि हिंदी ने किसी आंचलिक भाषा का इतने वर्षों में अहित नहीं किया बल्कि उसे विकास की धारा में अधिक प्रासंगिक बनाने का ही कार्य किया है। हिंदी देश के जितने भूभाग में बोली, समझी और लिखी जाती है वहां उससे हर किसी का विकास, प्रगति और हित ही हुआ है। हिंदी भाषा के रूप में हमेशा राष्ट्रीय एकता का सूत्रधार बनने का ही कार्य किया है। पूरे देश में जिस राज्य में वहां की प्रथम राजकीय भाषा नहीं है, वहां भी हिंदी ने एकता की माला में आंचलिक भाषा या बोली के साथ बड़ी बहन की तरह अपना कर्तव्य निभाने का कार्य किया है। ऐसे में तमिलनाडु में हिंदी वहां के आम आदमी और छात्रों के लिए बोझ या सिर दर्द कैसे बन जाएगी? इस सवाल का कोई तर्कसंगत जवाब तमिलनाडु सरकार के पास नहीं है। राज्य सरकार हिंदी के स्वभाव, गुण, संस्कृति और सूत्रधार व बेहतर एकता निभाने के गुण को बगैर किसी तथ्य या तर्क से नकारती रही हैं, वही इस बार भी हो रहा है। राज्य सरकार हमेशा यह भूल करती आई है कि हिंदी राज्य में तीसरी भाषा के रूप में लागू होने से तमिलनाडुवासियों को उत्तर, पश्चिम और पूर्व भारत के लोगों से बेहतर संवाद करने में सुविधा हो जाएगी। एक तरह से देखा जाए तो भाषा के नाम पर राज्य सरकार लोगों को गुमराह कर रही है। इस तथ्य और सच को भला कौन नकार सकता है कि हिंदी ही सारे देश के लोगों को संवाद की भाषा के रूप में एक सूत्र में जोड़ सकती है, क्योंकि देश में इसके बोलने, लिखने और समझने वाले लोग सबसे ज्यादा है। हिंदी 'अनेकता में एकता' का सबसे बड़ी सूत्रधार है। तमिलनाडु के अलावा देश अन्य सभी भाषा भाषी लोग बहुत रुचि से हिंदी सीखते और बोलते हैं। पिछले कुछ सालों से प्रधानमंत्री मोदी ने तमिल-हिंदी संगम जैसे आयोजनों का बढ़ावा देकर हिंदी तमिल संस्कृति को मैत्री की माला में जोड़ने का कार्य किया किया। इससे हिंदी विरोध में कमी आई लेकिन स्टालिन ने मोदी के इस कोशिश को शुरू से ही पलीता लगाने का कार्य तो कभी, सनातन के खिलाफ टिप्पणी कर तो कभी हिंदू संस्कृति के खिलाफ बोलकर सारे देश में कुचर्चित हुए। केंद्र सरकार चाहती है कि तमिल का आम आदमी उत्तर भारत के आम आदमी से भाषा-संस्कृति की एकता के सूत्र में बधे। दोनों एक दूसरे की संस्कृति, साहित्य और कला को समझें और उत्तर भारत का व्यक्ति तमिल सीखकर तमिलनाडु की पुरातन संस्कृति और कला को समझे और अपनाए। मोदी की इस मैत्री वाली पहल से मुख्यमंत्री स्टालिन को क्या अपना वोट बैंक खिसकने का डर सता रहा है, इसलिए एक बार फिर आम लोगों को भड़काने के लिए जबरन हिंदी थोपने जैसी भड़काऊ टिप्पणी करते फिर रहे हैं। स्टालिन का यह कहना भी कितना बड़ा झूठ है कि हिंदी ने न जाने कितनी भाषाओं को निगल लिया है।

स्टालिन यह समझाने में असफल रहे हैं कि हिंदी से तमिलनाडुवासियों का किस तरह विकास अवरुद्ध होगा और अंग्रेजी के जरिए ही उनका विकास हो सकता है। शिक्षा का माध्यम अंग्रेजी और तमिल दो हैं, इससे क्या बच्चों पर अंग्रेजी सीखने की दोहरी मार नहीं होती। वोट बैंक के मद्देनजर या आने वाले वक्त में सत्ता छिनने के डर से यदि यह भाषाई विरोध की आग फिर धधकाई जा रही है तो इससे न तो तमिलवासियों का कोई हित होने वाला है, न उन बच्चों का जो हिंदी सीखकर उत्तर भारत में बेहतर नौकरी के अवसर को पा सकते हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और चिंतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

अर्थव्यवस्था
सतीश सिंह



# शेयर बाजार में जल्द ही तेजी आने के आसार

अठाईस फरवरी को सेंसेक्स और निफ्टी दोनों के क्रैश करने के बाद भी शेयर बाजार में गिरावट का दौर जारी है। 3 मार्च को सेंसेक्स 112 अंक लुढ़का, जबकि निफ्टी 50.5 अंक। 4 मार्च को भी सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में गिरावट दर्ज की गई,जबकि 5 मार्च को सुबह में सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में तेजी देखी गई। चूंकि, सेंसेक्स में पिछले 5 महीनों से गिरावट दर्ज की जा रही है और निफ्टी में भी 1996 के बाद यानी 29 सालों के बाद पिछले कुछ दिनों से लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। लिहाजा, छोटे निवेशकों में घबराहट की स्थिति बनी हुई है। उनके मन में यह आशंका घर कर गई है कि शेयर बाजार में उनका पैसा सुरक्षित नहीं है और बाजार का बुरा दौर अभी जारी रहेगा। शेयर बाजार में देसी, विदेशी संस्थागत निवेशक, व्यक्तिगत विदेशी निवेशक आदि सूचीबद्ध कंपनियों में निवेश करते हैं। दोनों ही सूचकांक बेहद ही संवेदनशील हैं। जब सूचीबद्ध कंपनियों में से किसी खास कंपनी के शेयर की लगातार बिकवाली की जाती है तो उक्त कंपनी पर से निवेशकों का भरोसा कम हो जाता है और उस कंपनी के शेयरों की कीमत कम हो जाती है, जिससे निवेशकों को नुकसान उठाना पड़ता है। शेयरों की कीमत में उतार-चढ़ाव आने के कई कारण होते हैं। जैसे, कंपनी का ख़राब वित्तीय प्रदर्शन या फिर कंपनी का किसी विवाद में पड़ना, राजनीतिक अस्थिरता, सरकार की नीतियां, डॉलर के मुक़ाबले रुपये का कमजोर होना, वैश्विक अनिश्चितता, कारोबारी युद्ध की आशंका, भू-राजनैतिक संकट, अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा अपनाई गई नीतियां आदि। सेबी शेयर बाजार का नियामक है, लेकिन सेबी की उपस्थिति के बावजूद इसमें कृत्रिम रूप से गिरावट लाने और फिर उसे उठाने के कुछ मामले देखे गये हैं। ऐसा कुछ खास लोगों को फ़ायदा पहुंचाने के लिए किया जाता है,जिसमें सबसे अधिक नुकसान छोटे निवेशकों को होता है। बाजार में गड़बड़ी को भांपने के लिए सतर्क रहने और बाजार को समझने की जरूरत है। शेयर बाजार की चाल पर लगातार नज़र रखकर संभावित नुकसान से बचा जा सकता है। यह जरूरी है कि शेयर बाजार में निवेश को जीवनयापन का जरिया बनाने की कोशिश नहीं की जाये और अत्यधिक लालच से बचा जाये। भारतीय शेयर बाजार में विदेशी संस्थागत निवेशकों ने एक बड़ी राशि निवेश कर रखी है। 28 फरवरी को विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 11,639 करोड़ रुपये की बिकवाली की, जबकि इस साल 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बिकवाली विदेशी संस्थागत निवेशकों ने की है। वहीं, घरेलू निवेशकों ने 28 फरवरी को लगभग 8 लाख 88 हजार करोड़ रुपये की बिकवाली की। इनके अलावा, शेयरों का अधिक मूल्यांकन होना और मनोवैज्ञानिक कारण भी शेयर बाजार के क्रैश के महत्वपूर्ण कारक हैं।

दरअसल, भारत में भेड़चाल की परंपरा है। कुछ लोगों को बिकवाली करते हुए देखने के बाद दूसरे लोग भी उनका अनुकरण करने लगे। ऐसा इसलिए लग रहा है, क्योंकि 28 फरवरी को आईटी, टेलीकॉम, स्वास्थ्य, बैंकिंग, एफएमसीजी आदि सभी क्षेत्रों के शेयरों में बिकवाली दर्ज की गई है। इसलिए,बाजार के साथ छेड़छाड़ की गुंजाइश प्रतीत नहीं हो रही है। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में बढ़कर 6.2 प्रतिशत हो गई है, जो दूसरी तिमाही में 5.6 प्रतिशत (संशोधित अनुमान) रही थी। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए जीडीपी वृद्धि दर के अनुमान को 6.4 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया गया है। ये आंकड़े दर्शाते हैं कि विकास की रफ्तार में तेजी आ रही है। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती करने से बैंकों को सस्ती दर पर पूंजी मिलेगी और वे सस्ती दर पर ऋण दे सकेंगे और जब सस्ती दर पर उधार मिलेगा तो आमजन और कारोबारी दोनों ऋण लेंगे, जिससे निवेश और बचत दोनों में तेजी आयेगी और खपत बढ़ेगी साथ ही साथ आर्थिक गतिविधियों में भी वृद्धि होगी। बजट में सरकार ने साफ तौर पर बता दिया है कि उसका मकसद विकास को गति देना है। दिसंबर तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर के 6.2 प्रतिशत रहने से विकास की गति में तेजी आने की उम्मीद बढ़ी है। साथ ही, विकास दर में और भी इजाफा लाने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो दर में कटौती की है। जब अर्थव्यवस्था मजबूत होगी तो शेयर बाजार में बिकवाली की गुंजाइश कम होगी और निवेशकों को अपने निवेश पर आकर्षक प्रतिफल मिलना संभव सकेगा। इसलिए,निवेशकों को घबराने की कतई जरूरत नहीं है, उन्हें सिर्फ बेवजह बिकवाली से बचने की आवश्यकता है।

(लेखक एसबीआई गांधीनगर में एजीएम हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## स्वीकारोक्ति:गलतियों को खुले मन से स्वीकार करें



संकलित
दर्शन

कार्य संपन्न होने की प्रक्रिया में कदाचित त्रुटियां रह सकती हैं, भले ही कार्य निष्ठा से किया जाए। अगर कोई आपके किए-कराए में चूक निकाले, उस पर टिप्पणी करे तो नाराज होने के बजाय उसे खुलेमन से स्वीकार करें। वैसे आप गलतियां करने से तभी बच पाएंगे, जब कुछ नहीं करेंगे। अपने अवगुण या खोट को स्वीकार करना श्रेष्ठ मानवीय गुण है। औसत सोच का व्यक्ति ऐसा करने में असमर्थ होता है। अवांछनीय या अनुचित कार्य की अनदेखी का अर्थ है संशोधन के द्वार बंद कर देना। सर्वगुणसंपन्न व्यक्ति तो साक्षात देवता है। भूल-चूक की स्वीकारोक्ति प्रगति की राह में पहला चरण है। इस प्रक्रिया में आप अनेक व्यक्तियों का विश्वास जीतते हैं। जिस सत्य का सामना करने के लिए तैयार नहीं, उसे बदलेंगे कैसे? जिसे अपनी अपूर्णताओं का आभास नहीं वह मूर्ख नहीं, बल्कि दयनीय है, क्योंकि ऐसा व्यक्ति अपने अवगुणों को दूर नहीं कर सकेगा। जिस सीमा तक हम अपनी अपूर्णताओं और अवांछनीय व्यवहार के प्रति सजग रहेंगे और समाधान की ओर अग्रसर रहेंगे, उसी अनुपात में हम नैतिक रूप से समृद्ध होंगे। व्यावहारिक जीवन में संयमी, संयत व्यक्ति से भी भूल-चूक हो जाती है। उन्नत सोच का व्यक्ति अपनी भूल को तुरंत स्वीकार कर लेगा। मध्यम सोच वाले को गलती का अहसास तो होगा, वह मन में कुढ़ेगा भी, किंतु लज्जित होने की आशंका से वह गलती को खुलेआम नहीं मानेगा। अपनी छवि के प्रति अत्यंत चौकस अधिसंख्य व्यक्ति अपने गलत कार्य या कथन की वैसी संरक्षा करेंगे जैसे सद्गुण या शील दांव पर हो।

## सेहत और ज्ञान से जुड़े कामों में देर न करें



संकलित
प्रेरणा

एक दिन श्रीकृष्ण उद्धव की भेंट हुई तो श्रीकृष्ण ने उद्धव को एक ब्राह्मण की कहानी सुनाई। श्रीकृष्ण ने बताया कि एक ब्राह्मण ने खेती और व्यापार करके खूब धन कमाया था। वह धनी था, वह बहुत ही कंजूस भी था। धन आया तो उसका मन गलत कामों में लग गया, वह लालची भी था। बुरी आदतों के साथ ही उसे अहंकार भी हो गया, बात-बात पर वह गुस्सा करने लगा। अपने मित्रों से और रिश्तेदारों से भी ठीक से व्यवहार नहीं करता था। ब्राह्मण के व्यवहार की वजह से उसके घर-परिवार के लोग और मित्र लोग दुखी रहने लगे। वह धनी था, लेकिन और धन कमाना चाहता था। कंजूस इतना था कि वह अपने ऊपर भी खर्च नहीं करता था, लेकिन समय के साथ धीरे-धीरे उसका धन खर्च होने लगा। कुछ धन उसके घर-परिवार वालों ने ही छीन लिया। कुछ चोरी हो गया। कुछ चीजें अपने आप नष्ट हो गई। धनी ब्राह्मण का बुरा समय शुरू हुआ तो उसे व्यापार में भी नुकसान हो गया। इसी तरह कुछ ही दिनों में उसका पूरा धन बर्बाद हो गया। अब वह गरीब हो गया तो किसी ने उसकी मदद नहीं की। गरीबी के दिनों में उस ब्राह्मण को अपनी गलतियां याद आने लगीं। वह सोचने लगा कि उसने कभी भी किसी पर धन खर्च नहीं किया। घर-परिवार के लोगों से और मित्रों से बुरा व्यवहार किया। अब मेरी कोई मदद नहीं कर रहा है, ये सब मेरे ही कर्मों का फल है। मैंने कभी भी अपने धन का सही उपयोग नहीं किया।

फाल्गुन महोत्सव



आगरा में बुधवार को श्री खाटू श्याम फाल्गुन महोत्सव के पहले दिन भक्त रंग और गुलाल के साथ जश्न मनाते हुए।

आज की पाती

### सेमेस्टर सिस्टम कर सकता है सपनों को पूरा

नई शिक्षा नीति के अंतर्गत केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 2026 से 10वीं की परीक्षा पैटर्न में कुछ बदलाव करने जा रहा है। नि:संदेह हमारे शिक्षाविदों ने विद्यार्थियों के भले के लिए ही सुधारात्मक कदम उठाने की सिफारिश की होगी। जब हम अपने समय के पाठ्यक्रम और परीक्षा प्रणाली की तुलना आज के समय से करते हैं तो अनुभव करते हैं कि विद्यार्थी विज्ञान और गणित जैसे अंडरस्टैंडिंग आधारित विषयों में पिछड़ रहे हैं। आज विद्यार्थियों की न तो इंग्लिश में पकड़ है और न ही हिंदी भाषा में। कई प्रदेशों में तो विद्यार्थी अपनी मातृ भाषा में भी पास नहीं हो रहे हैं। इसलिए बोर्ड परीक्षा के 'उच्च दबाव' को समाप्त करने के लिए दो बार परीक्षाओं का प्रावधान होगा, 'सर्वश्रेष्ठ दो प्रयासों में से सर्वश्रेष्ठ' के चुनाव की छूट भी होगी। – *विवेक सोनी, गरियाबंद*

करंट अफेयर


## एआई डीपफेक लोगों की पहचान के लिए खतरा



आपकी आवाज की कीमत कितनी है? यह लगभग 100 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर जितनी हो सकती है। हाल ही में एबीसी न्यूज वेरिफाई ने संघीय सीनेटर जैकी लैम्बी की आवाज की उनकी अनुमति लेकर क्लोनिंग की और इसपर इतनी ही राशि खर्च की और इसके लिए आसानी से सुलभ एक ऑनलाइन मंच का इस्तेमाल किया। यह उदाहरण यह रेखांकित करता है कि कैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) ऐप्स, जो डीपफेक या वॉयस क्लोनिंग के रूप में किसी व्यक्ति की छवि और/या आवाज की कृत्रिम प्रतिकृति बनाते हैं, सस्ते और उपयोग में आसान होते जा रहे हैं। इससे न केवल लोकतंत्र की कार्यप्रणाली (विशेषकर चुनावों के समय) को गंभीर खतरा पैदा होता है, बल्कि व्यक्ति की पहचान को भी खतरा होता है। ऑस्ट्रेलिया में अगर किसी व्यक्ति की छवि या आवाज को उनकी अनुमति के बिना डिजिटल रूप से क्लोन किया जाता है तो उनकी सुरक्षा के लिए कानून अपर्याप्त है। ऐसे में 'व्यक्तित्व अधिकार' स्थापित करने से मदद मिल सकती है। फर्जी की पहचान करना मुश्किल डीपफेक प्रौद्योगिकी ऐसी सामग्री तैयार करने में सक्षम है जो अति वास्तविक प्रतीत होती है।

ऑफ बीट

## साबुत अनाज व चोकरयुक्त आटे से बनी ब्रेड में क्या अंतर



यदि आप ब्रेड खरीदने के लिए दुकानों पर जाते हैं, तो आपको विभिन्न प्रकार के विकल्प मिलेंगे। लेकिन बिक्री पर उपलब्ध सभी प्रकार के उत्पादों के बीच अंतर का पता लगाना कठिन हो सकता है। ऑस्ट्रेलियाई और न्यूजीलैंड के खाद्य मानकों के अनुसार, साबुत अनाज की ब्रेड मूल अनाज के सभी भागों (एंडोस्पर्म, रोगाणु और चोकर) से बने आटे से बनाई जाती है, जो उनके मूल अनुपात में होता है। चूंकि इसमें अनाज के सभी भाग शामिल होते हैं, इसलिए चोकरयुक्त आटे से बनी ब्रेड आमतौर पर सफेद ब्रेड की तुलना में गहरे रंग की और थोड़ी अधिक भूरी होती है, जो केवल एंडोस्पर्म का इस्तेमाल करके बनाई जाती है। साबुत अनाज की ब्रेड के बारे में क्या विचार है? आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के खाद्य मानकों में साबुत अनाज वाली ब्रेड को ऐसी ब्रेड के रूप में परिभाषित किया गया है जिसमें या तो पूर्ण अनाज होता है या फिर ऐसी ब्रेड जिसमें अनाज के सभी भाग अपने मूल अनुपात में मौजूद होते हैं। आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के खाद्य मानकों में इन्हें परिभाषित नहीं किया गया है, इसलिए निर्माता कानूनी तौर पर सफेद ब्रेड में थोड़ी मात्रा में साबुत अनाज मिला सकते हैं, ताकि उत्पाद अधिक स्वास्थ्यवर्धक लगे।

ट्रेंड

### गोसेवा से आत्मिक शांति



गोमाता में करोड़ों देवी-देवताओं का वास माना गया है। वे केवल हमारी आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और संवेदनाओं की आधारशिला भी हैं। उनकी सेवा से जो आत्मिक शांति, सुकून और परमानंद की अनुभूति होती है, वह अप्रतिम है।
-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

### कुलियों के अधिकार



नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ के दौरान कुलियों ने अपनी जान जोखिम में डालकर लोगों की मदद की, लेकिन इनकी आवाज़ नहीं सुनी जा रही। मैं इनकी मांगों को सरकार के समक्ष रखूंगा और इनके अधिकारों के लिए पूरी ताक़त से लड़ूंगा!
-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता



निलंबन का आधार यदि विचारधारा से प्रभावित होगा तो अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और परतंत्रता में क्या अंतर रह जाएगा। जो सोचते हैं कि 'निलंबन' से सच की ज़ुबान पर कोई लगाम लगा सकता है तो फिर ये उनकी नकारात्मक सोच का बचपना है।
-अखिलेश यादव, सपा सांसद

### खान-पान पर दें ध्यान



हमें 'द लैंसेट एंडो' के अध्ययन को गंभीरता से लेना चाहिए और अच्छी खान-पान की आदतों और शारीरिक गतिविधियों की दिशा में काम करना चाहिए, खास तौर पर युवा आबादी के बीच।
-किरण मजूमदार-शॉ, उद्यमी

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

प्रयागराज में टूरिज्म के ऐतिहासिक रिकॉर्ड टूट गए

# 55 लाख विदेशी पर्यटक पहुंचे, पर्यटन निगम ने कमाए 100 करोड़

दुनिया के पर्यटन मानचित्र पर प्रयागराज ने पहली बार ऐतिहासिक रिकॉर्ड के साथ मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। पिछले साल करीब 5,000 विदेशी ही आए थे

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

दुनिया के पर्यटन मानचित्र पर प्रयागराज ने पहली बार ऐतिहासिक रिकॉर्ड के साथ मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। टूरिज्म के सभी रिकॉर्ड टूट गए हैं। पर्यटन विभाग के अनुसार महाकुंभ के 45 दिनोमें ही तकरीबन 55 लाख विदेशी पर्यटक आए हैं। पिछले साल करीब 5,000 विदेशी ही आए थे। इस बार 73 देशों के राजनयिक और 116 देशों के विदेशी श्रद्धालु संगम स्नान करने आए। इनमें सर्वाधिक नेपाल, अमेरिका, ब्रिटेन, श्रीलंका, कनाडा और बांग्लादेश से आए। इसके साथ रूस, जापान, जर्मनी, फ्रांस, ब्राजील, मलयेशिया, न्यूजीलैंड, इटली, कनाडा और थाइलैंड सहित 100 से अधिक देशों से भी लोग पहुंचे।




### खर्च का असर चौथी तिमाही की जीडीपी में दिखेगा

इन लोगों ने प्रयाग के साथ वाराणसी, अयोध्या, चित्रकूट, मथुरा और गोरखपुर भी देखा। विदेशियों के यहां आने से होटल, गाइड, ट्रांसपोर्ट, हस्तशिल्प और स्थानीय कारोबार में लाभ मिला है। केंद्र सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन के अनुसार महाकुंभ में आए करोड़ों लोगों के खर्च का असर चौथी तिमाही की जीडीपी में दिखेगा। वहीं,स्वदेश दर्शन-दो योजना में नैमिषारण्य और प्रयागराज को चुना गया है। इससे भी पर्यटन को नई ऊंचाइयां मिलेंगी।

### बीते साल 65 करोड़ पर्यटक आए, 23 लाख विदेशी शामिल

प्रदेश में बीते वर्ष कुल 65 करोड़ पर्यटक आए। इनमें 23 लाख विदेशी भी शामिल हैं। सर्वाधिक 14.65 लाख पर्यटक आगरा में आए, जबकि 3.09 लाख पर्यटकों के साथ वाराणसी दूसरे पायदान पर रहा। मथुरा में 1.36 लाख, कुशीनगर में 2.51 लाख, अयोध्या में 26,048 और प्रयागराज में 4,790 विदेशी पर्यटक आए। वर्ष 2023 में यूपी आए विदेशी पर्यटकों की संख्या 16 लाख रही थी, जबकि 2022 में साढ़े छह लाख लोग यहां आए थे।

### टेंट सिटी से पर्यटन निगम हो गया मालामाल

पर्यटन निगम ने जहां एक ओर जनमानस के अवस्थापन एवं आधुनिक आश्रय स्थल विकसित कर संचालित कराए। पर्यटन निमग ने महाकुंभ के दौरान टेंट सिटी का भी संचालन किया। इसमें टेंट सिटी से पर्यटन निगम ने 100 करोड़ अर्जित किए। प्राइवेट फर्मों को 73.45 करोड़ की आमदनी होने का अनुमान है। पर्यटन निगम ने 2100 कॉटेज और टेंट कालोनी में 110 कॉटेज बनाए थे। इस दौरान पवन हंस ने 50 लाख से अधिक की धनराशि अर्जित की है।

### आवासीय और खान- पान से कमाए करोड़ों रुपए

यहां निजी विकासकर्ता फर्मों एवं अन्य से करोड़ों की धनराशि अर्जित की गई। पर्यटन विभाग के आकड़ों पर गौर करें तो पर्यटक आवास गृह, त्रिवेणी दर्शन ने आवासीय एवं खान- पान से एक-एक करोड़ रुपए कमाए। परेड ग्राउंड टेंट कॉलोनी ने 1.25 करोड़, अरैल टेंट कालोनी ने 90 लाख, मैसर्स लल्लू जी एंड संस लखनऊ ने 3करोड़, आगमन इंडिया ट्रवेल एंड लिविंग प्राइवेट लिमिटेड ने 10 करोड़, अदवंता प्राइवेट, लिमिटेड ने 4 करोड़, कुंभ विलेज प्रयागराज ने 5 करोड़, आरडी एडवरटाइजिंग प्रा. लिमिटेड ने 4 करोड़, इरा इवेंट प्रा. लि. एंड गंजेस व्यू स्टेज ने 2करोड़, इवोलाइफ स्पेस प्रा. लि ने 2 करोड़, कोशर इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा. लि ने 3 करोड़ आवासीय एवं खान पान से अर्जित किया। इसके अलावा जल एवं साहसिक क्रीड़ा से ईचेट काग्लोमेरेट प्रा. लि. ने 50 लाख और परेड ग्राउंड फूड कोर्ट ने खान-पान से 30 करोड़ अर्जित किया है।

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री योगी को बम से उड़ाने की धमकी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बम से उड़ाने के धमकी का एक वीडियो वायरल हुआ है। 11 सेकंड के वीडियो को संज्ञान में लेते हुए अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।सीओ प्रदीप कुमार त्रिपाठी ने बताया कि जांच शुरू कर दी है। अभिषेक कुमार दुबे ने बताया है कि वह सनातन धर्म सर्वोपरि नामक वाट्सएप ग्रुप पर जुड़े हैं।



### मायावती ने आनंद को हटा बेनीवाल को दिया पद

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने आकाश आनंद को पार्टी से निकालने के बाद अब उनके पिता आनंद कुमार को भी नेशनल कोआर्डिनेटर पद से हटा दिया है। उनकी जगह रणधीर बेनीवाल को नेशनल कोआर्डिनेटर बनाया गया है।मायावती ने कहा कि आनंद पार्टी हित के मद्देनजर एक पद पर रहकर कार्य करने की इच्छा व्यक्त की है, जिसका स्वागत है।



### रतन टाटा के नाम से होगी इलेक्ट्रॉनिक सिटी

**गुवाहटी।** असम की हिमंता बिस्वा सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। कैबिनेट बैठक में राज्य के विकास में स्वर्गीय रतन टाटा और टाटा समूह की भूमिका को मान्यता देने के लिए जगीरोड में इलेक्ट्रॉनिक सिटी का नाम रतन टाटा इलेक्ट्रॉनिक सिटी रखने का फैसला किया। सीएम हिमंता ने कहा कि 'राज्य के विकास में रतन टाटा और टाटा समूह की जबरदस्त भूमिका और योगदान है।



### छह दिवसीय वार्षिक साहित्योत्सव कल से

**नई दिल्ली।** साहित्य अकादमी का 6 दिनी वार्षिक साहित्योत्सव 7 मार्च से शुरू हो रहा है। इस दौरान 100 से अधिक सत्रों में 700 से ज्यादा विख्यात लेखक और विद्वान भाग लेंगे। इसका उद्घाटन केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत करेंगे। पूर्व सीजेआई दीपक मिश्रा, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान एवं श्रीधरन पिल्लै विशेष रूप से भाग ले रहे हैं।



### आदर्श महिला हितैषी ग्राम पंचायत की शुरुआत

**नई दिल्ली।** पंचायती राज राज्य मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल तथा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने बुधवार को नई दिल्ली में एक राष्ट्रीय सम्मेलन में पंचायती राज मंत्रालय की आदर्श महिला हितैषी ग्राम पंचायत पहल की शुरुआत की। इसका उद्देश्य प्रत्येक जिले में कम से कम एक आदर्श महिला हितैषी ग्राम पंचायत की स्थापना करना है।



एलएचडीसीपी के तहत केंद्र सरकार ने योजना को दिया बढ़ावा

# गुणवत्तापूर्ण सस्ती जेनरिक पशु दवाओं की आपूर्ति से स्वास्थ्य सुधरेगा,बढ़ेगा पशुपालन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को 3,880 करोड़ रुपए के पशुधन स्वास्थ्य और रोग नियंत्रण कार्यक्रम में संशोधनों को मंजूरी देकर किसानों को उच्च गुणवत्ता वाली और सस्ती जेनेरिक पशु चिकित्सा दवाओं के वितरण को मंजूरी दे दी है। पशुधन स्वास्थ्य और रोग नियंत्रण कार्यक्रम (एलएचडीसीपी) पशुओं में होने वाले रोगों की रोकथाम और इलाज के लिए संचालित केंद्र सरकार की एक योजना है। इस योजना का तहत पशुओं के स्वास्थ्य में सुधार करना और पशुपालन को बढ़ावा देना है। एलएचडीसीपी के तहत वित्त वर्ष 2024-25 और 2025-26 के लिए कुल बजट 3,880 करोड़ था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस योजना में कुछ संशोधनों को मंजूरी दी गई। एलएचडीसीपी योजना में अब 'पशु औषधि' का एक नया हिस्सा जोड़ा गया है।

*केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 3,880 करोड़ की योजना मंजूर की*



**वैष्णव ने दी जानकारी**

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया को मंत्रिमंडल के फैसले की जानकारी देते हुए कहा, मंत्रिमंडल में पशुधन स्वास्थ्य से संबंधित निर्णय लिया गया है। इस योजना के पशु औषधि घटक के तहत उच्च गुणवत्ता वाली दवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

### पीएम किसान समृद्धि केंद्रों और सहकारी समितियों पर मिलेंगी दवाएं

इस दौरान केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने कहा कि यह पशु औषधि, जन औषधि योजना के समान होगी। अब जेनेरिक पशु चिकित्सा दवाएं पीएम किसान समृद्धि केंद्रों और सहकारी समितियों के माध्यम से वितरित की जाएंगी। पशु चिकित्सा दवाओं के पारंपरिक ज्ञान को भी पुनर्जीवित किया जाएगा और योजना के हिस्से के रूप में इस पारंपरिक ज्ञान का भी दस्तावेज तैयार किया जाएगा। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 'पशु औषधि' के प्रावधान के तहत अच्छी गुणवत्ता वाली और सस्ती जेनेरिक पशु चिकित्सा दवाओं की आपूर्ति और बिक्री को प्रोत्साहन देने के लिए कुल बजट आवंटन से 75 करोड़ रुपए की मंजूरी दी है।

पीएम मोदी ने रोजगार पर बजट उपरांत वेबिनार में कहा

# निवेश का लक्ष्य बुनियादी ढांचे व उद्योगों और नवाचार पर टिका

पीएम नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रोजगार पर बजट के बाद एक वेबिनार को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि सरकार ने निवेश में बुनियादी ढांचे और उद्योगों को जितनी प्राथमिकता दी है, उतनी ही प्राथमिकता लोगों, अर्थव्यवस्था और नवाचार को भी दी है।उन्होंने कहा कि लोगों में निवेश का लक्ष्य तीन स्तंभों शिक्षा, कौशल और स्वास्थ्य सेवा पर टिका है। उन्होंने कहा कि आज लोग देख सकते हैं कि कैसे कई दशकों के बाद भारत की शिक्षा प्रणाली एक बड़े बदलाव से गुजर रही है।उन्होंने कहा कि सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तक टेलीमेडिसिन सुविधा का विस्तार किया जा रहा है। डे-केयर कैंसर केंद्रों और डिजिटल स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचे के माध्यम से सरकार गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा को अंतिम छोर तक ले जाना चाहती है।



**बजट में पर्यटन को बढ़ावा**

पीएम ने कहा कि ये बजट भारत के भविष्य का ब्लूप्रिंट बनकर सामने आया है। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई फैसले लिए जिससे भारत एआई क्षमताओं को विकसित किया जाएगा।

**स्टार्टअप के लिए कई कदम उठाए :** पीएम ने कहा कि सरकार ने स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए इस बजट में कई कदम उठाए हैं। अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने एक लाख करोड़ का कोष पारित हुआ है। इससे डीप टेक फंड ऑफ फंड्स के साथ उभरते क्षेत्रों में निवेश बढ़ेगा।

पीएम मोदी आज जाएंगे उत्तराखंड

### मुखवा में करेंगे पूजा-अर्चना, यात्रा और बाइक रैली को हरी झंडी दिखाएंगे

पीएममोदी गुरुवार को उत्तराखंड के दौरे पर जाएंगे। पीएम मोदी एक पैदल यात्रा और बाइक रैली को हरी झंडी दिखाएंगे। वे हर्षिल में एक सार्वजनिक समारोह में जनसमूह को संबोधित भी करेंगे। उत्तराखंड सरकार ने इस साल शीतकालीन पर्यटन कार्यक्रम शुरू किया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देना और स्थानीय अर्थव्यवस्था, होमस्टे सहित पर्यटन व्यवसाय को बढ़ावा देना है। पीएम मोदी गुरुवार को सुबह करीब 9:30 बजे मुखवा में मां गंगा के शीतकालीन प्रवास स्थल पर दर्शन और पूजा-अर्चना करेंगे। वे श्री गंगोत्री धाम के शीतकालीन प्रवास पारंपरिक पोशाक 'चपकन' पहनकर उत्तरकाशी के मुखबा में गंगा नदी पर पूजा-अर्चना करेंगे। गंगोत्री मंदिर समिति के सचिव सुरेश सेमवाल ने मीडिया को बताया कि ये कपड़े गंगोत्री मंदिर समिति की ओर से प्रधानमंत्री को भेंट किए जाएंगे। मुखबा में पुजारी चपकन पहनकर पूजा करते हैं।पीएम मोदी सुबह करीब 10:40 बजे वे एक पैदल यात्रा और बाइक रैली को हरी झंडी दिखाएंगे। वह हर्षिल में एक सार्वजनिक समारोह में जनसमूह को संबोधित भी करेंगे। इस दौरान हर्षिल में प्रधानमंत्री को पारंपरिक पोशाक 'मिरजई' भी भेंट की जाएगी उपरोक्त सभी कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी प्रधानमंत्री मोदी के साथ उपस्थित रहेंगे।

स्टालिन को लोकसभा सीटें घटने का डर

# 35 दलों को किया शामिल दिया अटल वाला फॉर्मूला



◆ परिसीमन के लिए 1971 को ही आधार माना जाए

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

लोकसभा सीटों के परिसीमन को लेकर तमिलनाडु में सीएम एमके स्टालिन के नेतृत्व में 35 दलों की मीटिंग हुई। बैठक में स्टालिन ने एक प्रस्ताव पेश किया, जिस पर सभी ने सहमति जताई। इसमें पीएम से मांग की गई है कि परिसीमन के लिए 1971 की जनगणना के अनुपात को ही आधार माना जाए। उसके आधार पर ही लोकसभा सीटें तय हों और यह सीमा अगले 30 सालों के लिए बरकरार रखी जाए। प्रस्ताव में कहा गया दक्षिण भारत के अलावा अन्य राज्यों को भी जनसंख्या नियंत्रण को प्रोत्साहित किया जाए। बैठक में मुख्य विपक्षी दल एआईएडीएमके के नेता भी थे। प्रस्ताव में कहा गया केंद्र को संविधान में संशोधन करना चाहिए और यह तय किया जाए कि यदि सांसदों की संख्या बढ़ती है तो उसका अनुपात वर्तमान जैसा ही हो।

**ऐसा न हो जिससे सीटें कम हों**

उनकी स्पष्ट मांग थी कि यदि नई जनगणना के आंकड़ों को आधार बनाकर परिसीमन हुआ और सीटें बढ़ती हैं तो फिर उसका अनुपात वही रहे, जो फिलहाल बना हुआ है। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु समेत दक्षिण भारत के राज्यों के साथ ऐसा कुछ नहीं होना चाहिए उनकी सीटें कम हो और उनकी राजनीतिक ताकत भी घट जाए। उनकी बैठक में भाजपा के अलावा 4 अन्य छोटे दलों के नेता नहीं पहुंचे। भाजपा ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति खराब है और उससे ध्यान हटाने के लिए स्टालिन परिसीमन वाला कार्ड खेल रहे हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई और गृहमंत्री अमित शाह तो दोहरा चुके हैं कि दक्षिण भारत के राज्यों की सीटें कम नहीं होंगी।

### हमारी ताकत में कोई कटौती न हो

स्टालिन ने एक बार फिर से कहा कि सांसदों की संख्या बढ़ने से कोई परेशानी नहीं है, लेकिन हमारी ताकत में कोई कमी न रहे। उन्होंने कहा कि हमारे यहां तो लोगों ने फैमिली प्लानिंग की है। इसके बाद हमें उसकी सजा मिले तो यह अन्याय ही है। सभी राज्यों में परिवार नियोजन को बढ़ावा देने के लिए तत्कालीन पीएम अटल बिहारी वाजपेयी ने 2000 में भरोसा दिया था कि 1971 की जनगणना के आंकड़ों के अनुसार ही परिसीमन किया जाए। अब पीएम मोदी को भी ऐसा भरोसा देना चाहिए कि 2026 से अगले 30 सालों तक लोकसभा सीटों के परिसीमन का यही पैमाना बना रहेगा।

अयोध्या से जनकपुर के बीच जल्द चलेगी ट्रेन

विभाग जल्द जारी करेगा शेड्यूल

# रेलवे पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के लिए रेलवे शुरू करेगा यहां सीधी ट्रेन सेवा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भगवान श्रीराम के भक्तों को भारतीय रेलवे जल्द ही बड़ी सौगात देने जा रही है। अब अयोध्या से भगवान श्रीराम की ससुराल जनकपुर (नेपाल) तक सीधे ट्रेन सेवा शुरू करने जा रही है। इस पहल का उद्देश्य प्रभु राम की ससुराल जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए यात्रा को आसान और सुविधाजनक बनाना है। जनकपुर (नेपाल) आने वाले पर्यटकों की संख्या बेहद सीमित है। जनकपुर तक पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं के पास केवल दो विकल्प हैं। पहला विकल्प है कि आप बस से जनकपुर जाएं और दूसरा विकल्प यह है कि आप फ्लाइट से नेपाल जाए और वहां से बस या टैक्सी से जनकपुर की यात्रा करें।

**अभी केवल फ्लाइट और टैक्सी सेवा उपलब्ध**



बस के समय में समय बहुत ज्यादा लगता है तो फ्लाइट का सफर काफी महंगा है। इससे श्रद्धालुओं की संख्या कम रहती है। रेलवे जनकपुर जाने वाले श्रद्धालुओं को बड़ी सौगात देने जा रहा है। बताया जा रहा है कि रेलवे अयोध्या से सीधे जनकपुर के लिए ट्रेन चलाने जा रहा है।

**रेलवे ने शुरू की तैयारी :** इस संबंध में भारतीय रेलवे ने अपनी तैयारी शुरू कर दी हैं और संबंधित जोन को भी निर्देश दिए जा चुके हैं। ऐसा बताया जा रहा है कि ट्रेन और उसके शेड्यूल को लेकर मंथन भी शुरू हो चुका है। ट्रेन की समय-सारणी इस तरह बनाई जा रही है कि यात्रियों को सुविधा मिले और यात्रा का समय कम से कम लगे।

### कमल हासन भी बोलने लगे स्टालिन की भाषा



**चेन्नई।** नेता से अभिनेता बने कमल हासन भी भाषा पर राजनीति करने में जुट गए हैं। उन्होंने कहा कि देश को इंडिया की बजाय हिंदिया बनाने की कोशिश की जा रही हैतमिलनाडु समेत कई राज्यों पर हिंदी थोपने का प्रयास केंद्र सरकार द्वारा किया जा रहा है, जिसमें भाजपा का नेतृत्व है। स्टालिन की ओर से परिसीमन और हिंदी भाषा थोपने की मीटिंग के दौरान यह बात कही।

एसकेएम के बैनर तले पंजाब के किसानों का आंदोलन

# चंडीगढ़ आ रहे किसानों को पुलिस ने रोका, धरने पर बैठे कई किसान नेताओं को हिरासत में लिया

## पुलिस ने चंडीगढ़-मोहाली बॉर्डर बैरिकेडिंग की, पॉइंट चिह्नित किए

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

संयुक्त किसान मोर्चा एसकेएम के बैनर तले पंजाब के किसान बुधवार कोचंडीगढ़ की ओर बढ़ रहे हैं। चंडीगढ़ पहुंचने से पहले पुलिस ने कई किसान नेताओं को हिरासत में लिया है। किसानों को रोकने के लिए पुलिस ने चंडीगढ़-मोहाली बॉर्डर बैरिकेडिंग की है। किसानों के जत्थों को रोकने के लिए अलग-अलग नाके पॉइंट बनाए हैं। इन पॉइंट पर किसानों को रोका जा रहा है। इससे कई जगहों पर किसानों ने धरना शुरू कर दिया है और सड़क पर बैठ गए है। पंजाब सरकार ने आंदोलन और धरने की अनुमति नहीं दी है।

**ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और अन्य वाहनों से निकले थे**



एसकेएम किसानों का कहना है कि हमें चंडीगढ़ नहीं जाने दिया जा रहा है। जतिंदर सिंह ने कहा कि चंडीगढ़ जा रहे थे तो पंजाब पुलिस ने उन्हें मोगा जिले के अजीतवाल में रोक दिया। कुछ किसानों को हिरासत में लिया है।

**किसानों की मांगें:** किसान एसकेएम ऋण निपटान के लिए एक कानून बनाने, हर खेत तक नहर का पानी सुनिश्चित करने, गन्ना बकाया का भुगतान करने और भारतमाला परियोजनाओं के लिए भूमि के कथित जबरन अधिग्रहण को रोकने की भी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे है।

हालात सुधारने को भ्रष्टाचार पर लगाना होगा अंकुश: सैलजा

# हरियाणा में वित्तीय आपातकाल जैसे हालत, बढ़ रहा कर्ज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता और सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि हरियाणा में वित्तीय आपातकाल जैसे हालत हैं क्योंकि प्रदेश पर सालाना कर्ज बढ़ता ही जा रहा है, अगर सरकार कर्ज कम करना चाहती है तो उसे वित्तीय प्रबंधन पर अधिक ध्यान देना होगा और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए सख्त से सख्त कदम उठाने ही होंगे। सरकार रोजगार के जितने अवसर प्रदान करेगी उतना ही उसकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, प्रदेश का जितना बजट है उससे कही ज्यादा कर्जा है।

उन्होंने मीडिया को जारी बयान में हरियाणवियों की आय बढ़ाने, रोजगार देने, फैक्ट्री और उद्योग लगाने पर सरकार को अधिक से अधिक ध्यान देना चाहिए। एक ओर सरकार दावा करती है कि उसके कार्यकाल में गरीबी मिटी है जबकि प्रदेश में 70 प्रतिशत से अधिक लोग गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले है। हर साल होने वाले कामों का 35 प्रतिशत तो कर्ज उठा कर किया जाता है। जहां कर्ज लेकर घी पीने की आदत पड़ जाए वहां काम होंगे इस पर भरोसा नहीं किया जा सकता। जनता जब किसी भी राजनीतिक दल को सत्ता सौंपती है तो उस पर भरोसा करती है कि वह उसके हितों की रक्षा करेगा उसकी मूलभूत सुविधाओं का ध्यान रखेगा। सैलजा ने कहा वित्तीय प्रबंधन व आर्थिक कुशलता में 18 राज्यों में हरियाणा की नायब सैनी सरकार को 14 वें नंबर पर फिसड्डी माना है यानि हरियाणा अब बिहार और यूपी से भी पीछे है। कुमारी सैलजा ने कहा कि बजट में सभी वर्ग के लोगों की सुविधाओं का सरकार को ध्यान रखना चाहिए, सरकार की ओर से जो भी घोषणाएं की जाती है उनकी समय सीमा तय करनी होगी और सबसे पहले पुरानी घोषणाओं की ओर ध्यान देना होगा, उन्हें पूरा करने के लिए बजट में प्रावधान करना होगा।



### आर्थिक प्रबंधन पर ध्यान दें

कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को भ्रष्टाचार सबसे गहरी चोट पहुंचा रहा है, अर्थव्यवस्था पूरी तरह से हांफती दिख रही है, ऐसे में सबसे पहले बिना किसी भेदभाव के भ्रष्टाचारियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई करनी होगी। जैसे जैसे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा आर्थिक हालात में भी सुधार होगा। साथ ही सरकार को आर्थिक प्रबंधन की ओर सबसे ज्यादा ध्यान देना होगा वित्ती प्रबंधन से पैसे का सही सद्पुयोग होगा। इसके साथ ही प्रदेश सरकार को रोजगार सृजन पर अधिक से अधिक ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार मिलेने से अपराध पर अंकुश लगेगा, प्रदेश के आर्थिक हालात में सुधार होगा। दूसरी ओर केंद्र सरकार को जीएसट में राज्यों को अधिक से अधिक मदद देनी चाहिए, अगर ऐसा हुआ तो राज्य सरकारों पर कर्ज नहीं बढ़ेगा।

# 49 किसानों की याचिका पर केंद्र-राज्य से मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने गारे फोर बाई सिक्स कोल ब्लॉक भू अधिग्रहण से प्रभावित 49 किसानों की याचिका पर राज्य सरकार, केंद्र सरकार, कलेक्टर रायगढ़, एसडीओ घरघोड़ा और जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड को नोटिस जारी किया है। इस याचिका में किसानों ने नया भूमि अधिग्रहण कानून बनाए जाने के बावजूद छत्तीसगढ़ भू राजस्व संहिता की धारा 247 के तहत किए जा रहे भूमि अधिग्रहण को चुनौती दी है। याचिका में चुनौती दी गई है, कि जो मुआवजे का निर्धारण किया जा रहा है वह 2010 के अधिसूचना की दरों के आधार पर किया जा रहा है जबकि 15 साल में जमीनों के भाव बहुत बढ़ गए हैं। हाईकोर्ट में चंदन सिंह सिदार समेत 49 किसानों की याचिका पर सुनवाई हुई। अधिवक्ता सुदीप श्रीवास्तव ने बताया कि गारे फोर बाई सिक्स कॉल ब्लॉक का भूमि अधिग्रहण 2024 सितंबर में शुरू किया गया है, परंतु इसका खनन पट्टा 2023 में ही जारी कर दिया गया है। यह संविधान का उल्लंघन है क्योंकि किसी भी निजी भूमि को बिना विधिवत कानून के अधिग्रहण कर मुआवजा दिए बगैर उसे जमीन का अधिकार किसी और को नहीं सौंपा जा सकता।



## टेस्ट और टी20 में देते रहेंगे योगदान

# स्मिथ ने वनडे क्रिकेट से लिया संन्यास, चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में भारत से मिली हार के बाद हुए निराश

एजेंसी ▶▶| दुबई

आस्ट्रेलिया के कार्यवाहक कप्तान और मुख्य बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में भारत से मिली हार के बाद बुधवार को एक दिवसीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया लेकिन वह टेस्ट और टी20 खेलते रहेंगे। चोटिल पैट कमिंस की गैर मौजूदगी में कप्तानी करने वाले पैतीस बरस के स्मिथ ने सेमीफाइनल मैच में 96 गेंद में 73 रन बनाए। उन्होंने अपने साथी खिलाड़ियों को भारत से चार विकेट से मिली हार के बाद अपने फैसले से अवगत करा दिया था।

स्मिथ ने कहा, 'मुझे लगता है कि यह दूसरों के लिए रास्ता बनाने का सही समय है। यह शानदार सफर रहा और मैने हर पल का मजा लिया। हमने अद्भुत समय देखा और कई सुखद यादें हैं। इतने बेहतरीन साथियों के साथ दो विश्व कप जीतना शानदार था।'



### 12 वनडे शतक

लेग स्पिन हरफनमौला के तौर पर 2010 में पदार्पण के बाद स्मिथ ने आस्ट्रेलिया के लिए 170 वनडे में 43.28 की औसत से 12 शतक समेत 5800 रन बनाए।

### दो बार के विश्व चैंपियन

आस्ट्रेलिया की 2015 और 2023 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रहे स्मिथ 2015 और 2021 में आईसीसी के सर्वश्रेष्ठ वनडे खिलाड़ी रहे हैं। उन्हें 2015 में आईसीसी वर्ष की पुरुष वनडे टीम में चुना गया था। वह 2015 में कप्तान बने थे और आखिरी मैच में भी उन्होंने कप्तानी की।

### टेस्ट क्रिकेट प्राथमिकता

स्मिथ ने कहा, 'अब लोगों के लिए विश्व कप 2027 की तैयारी शुरू करने का मौका है लिहाजा मुझे लगा कि दूसरों के लिए रास्ता बनाने का सही समय है। टेस्ट क्रिकेट प्राथमिकता है और मैं विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल को लेकर उत्साहित हूं। इसके बाद वेस्टइंडीज और इंग्लैंड से खेलना है। मुझे लगता है कि अभी भी योगदान दे सकता हूं।'

# दिग्गज खिलाड़ी शरत कमल ने टेबल टेनिस को कहा अलविदा

- 25 मार्च से खेलेंगे अंतिम विश्व टेबल टेनिस कंटेंडर टूर्नामेंट
- राष्ट्रमंडल खेलों में जीते सात स्वर्ण पदक



एजेंसी ▶▶| चेन्नई

भारत के महान टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंत शरत कमल ने बुधवार को घोषणा की कि चेन्नई में इस महीने के आखिर में डब्लूटीटी कंटेंडर टूर्नामेंट पेशेवर खिलाड़ी के रूप में उनका आखिरी टूर्नामेंट होगा।

विश्व टेबल टेनिस कंटेंडर टूर्नामेंट 25 से 30 मार्च तक खेला जाएगा। 42 वर्ष के शरत कमल ने कहा, 'मैने अपना पहला अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट चेन्नई में खेला था और आखिरी भी चेन्नई में ही खेलूंगा। यह पेशेवर खिलाड़ी के तौर पर मेरा आखिरी टूर्नामेंट होगा।'शरत ने राष्ट्रमंडल खेलों में सात स्वर्ण पदक जीते हैं जबकि एशियाई खेलों में दो कांस्य अपने नाम किए। उन्होंने पिछले साल पेरिस में पांचवां और आखिरी ओलंपिक खेला था जिसमें वह उद्घाटन समारोह में भारत के संयुक्त ध्वजवाहक थे। अपने दो दशक लंबे करियर का अंत करने वाले इस दिग्गज ने कहा, 'मैने राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई खेलों में पदक जीते हैं।

ओलंपिक पदक मैं नहीं जीत सका। उम्मीद है कि मैं आने वाली युवा प्रतिभाओं के जरिए अपना सपना पूरा कर सकूंगा।' शरत वर्तमान में भारतीय ओलंपिक संघ के एथलीट आयोग के उपाध्यक्ष हैं।दुनिया के 42वें नंबर के खिलाड़ी शरत अब भी आईटीटीएफ तालिका में सर्वोच्च रैंकिंग वाले भारतीय हैं।

### यह बड़ी टेबल पर खेलने का अंत

शरत ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर एक लंबा संदेश पोस्ट किया। चेन्नई के इस टेबल टेनिस खिलाड़ी ने उस समय को याद किया जब उन्होंने दो साल की उम्र में पहली बार रैकेट पकड़ा था, तब वह भी नहीं जानते थे कि यह उनका सबसे लंबे समय तक चलने वाला साथी बन जाएगा। शरत ने कहा, 'मैं यह नहीं कह रहा हूं कि मैं पूरी तरह से खेल छोड़ रहा हूं। लेकिन निश्चित रूप से यह दर्शकों की भीड़ के सामने बड़ी टेबल पर खेलने का अंत है। अपने 'बंदाना' और 'रैकेट' को थोड़ा आराम देने का समय है। इस खेल ने मुझे जो खुशी, प्यार, दर्द, सबक दिया है उसके लिए आभारी हूं। हर छोटी चीज हमेशा मेरे साथ रहेगी। यह कल्पना करना कठिन है कि जब मैं टेबल टेनिस नहीं खेल रहा हूंगा तो जीवन कैसा होगा। लेकिन ऐसा होगा ही।'

## खबर संक्षेप



### प्राग मास्टर्स : प्रज्ञानानंदा ने शैंकलैंड से ड्रॉ खेला

**प्राग।** ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा और अराविंद चिदंबरम प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में छठे दौर के बाद संयुक्त बढ़त बनाए हुए हैं। प्रज्ञानानंदा को अमेरिका के सैम शैंकलैंड ने ड्रॉ पर रोका जबकि अराविंद ने वियतनाम के कुआंग लीम ली के साथ अंक बांटे। अब उनके छह में से चार अंक हैं। टूर्नामेंट में पहली बार आज सारे मुकाबले ड्रॉ पर छूटे। चीन के शीर्ष वरीयता प्राप्त वेइ यि, नीदरलैंड के अनीश गिरि, जर्मनी के विंसेंट केमेर और कुआंग लीग तीन अंक लेकर अगले स्थान पर हैं। उनसे आधा अंक पीछे चेक गणराज्य के एंगुयेन थाइ दाइ वान और डेविड नवारा, तुर्किए के गुरेल एडिज और शैंकलैंड हैं। तीन दौर अभी बाकी हैं और अगले दो में प्रज्ञानानंदा को सफेद मोहरों से खेलना है जबकि अराविंद को एक ही मुकाबला सफेद मोहरों से खेलना है। सातवें दौर में प्रज्ञानानंदा का सामना वेइ यि से जबकि अराविंद की टक्कर अनीश से होगी।

### कोनोली के शॉट्स चयन से खफा हीली



**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के पूर्व महान विकेटकीपर इयान हीली ने कूपर कोनोली के तकनीकी कौशल पर सवाल उठाया है। हीली ने कहा, 'मैं बहुत नाराज हूं। ट्रेविस हेड उसे इशारा कर रहा था कि विकेट कितना धीमा है। ऐसी पिच पर आपको जगहें तलाशनी होती है, चौकों का इंतजार नहीं करना होता। वह नौ गेंद खेल गया और एक भी रन नहीं बनाया। पहली आठ गेंदों पर चूका और नौवीं पर विकेट ही दे बैठा। कोनोली ने फुटवर्क दिखाया ही नहीं और शॉट्स भी बहुत खराब थे। वह गेंद को देख ही नहीं रहा था। वह गेंद की लाइन पकड़ ही नहीं पाया।'

### लय वापिस पाने की कोशिश कर रहा हूं



**दुबई।** मोहम्मद शमी ने स्वीकार किया कि भारत के अकेले प्रमुख तेज गेंदबाज होने के नाते उन पर काफी जिम्मेदारी है लेकिन वह अपनी लय हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं ताकि चैंपियंस ट्रॉफी में टीम की जरुरतों पर खरे उतर सकें। चोट से उबरकर वापसी करने वाले शमी ने चोटिल जसप्रीत बुमराह की गैर मौजूदगी में चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान हर्षित राणा या हार्दिक पंड्या के साथ नई गेंद संभाली। राणा अभी नए हैं और पंड्या हरफनमौला है जो आम तौर पर वनडे मैच में दस ओवर नहीं डालते। शमी ने अभी तक टूर्नामेंट में आठ विकेट लिए हैं।

## न्यूजीलैंड का 362 का विशाल स्कोर, अफ्रीका 312 ही बना सकी, मिलर का शतक

# रविंद्र, विलियमसन और सेंटनर ने न्यूजीलैंड को फाइनल में पहुंचाया, भारत से होगी भिड़ंत

एजेंसी ▶▶| लहौर

सलामी बल्लेबाज रचिन रविंद्र और केन विलियमसन के शतक के बाद कप्तान मिचेल सेंटनर के फिरकी के जादू से न्यूजीलैंड ने आईसीसी चैंपियन्स ट्रॉफी के सेमीफाइनल में बुधवार को यहां दक्षिण अफ्रीका को 50 रन से हराकर फाइनल में जगह बनाई जहां उसकी भिड़ंत भारत से होगी। न्यूजीलैंड के 363 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सेंटनर (43 रन पर तीन विकेट) और ग्लेन फिलिप्स (27 रन पर दो विकेट) की बलखाती गेंदों के सामने दक्षिण अफ्रीका की टीम डेविड मिलर (नाबाद 100 रन, 67 गेंद, 10 चौके, चार छक्के) के शतक और रेसी वान डेर डुसेन (69) तथा कप्तान तेंबा बावुमा (56) के अर्धशतक के बावजूद नौ विकेट पर 312 रन ही बना सकी। वान डेर डुसेन और बावुमा ने दूसरे विकेट के लिए 105 रन की साझेदारी भी की। न्यूजीलैंड ने इससे पहले रविंद्र (108 रन, 101 गेंद, 13 चौके, एक छक्का) और विलियमसन (102 रन, 94 गेंद, 10 चौके, दो छक्के) के शतक और दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 164 रन की साझेदारी से छह विकेट पर 362 रन बनाए जो टूर्नामेंट के इतिहास का सर्वोच्च स्कोर है।



### केन के हुए चार शतक

केन विलियमन एक टीम के खिलाफ सर्वाधिक वनडे शतक लगाने वाले न्यूजीलैंड के दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं। इस लिस्ट में टॉप पर संयुक्त रूप से नाथन एस्टल और रॉस टेलर हैं। केवल सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली और डेविड वार्नर के पास दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अधिक वनडे शतक (प्रत्येक 5) हैं।

### सबसे तेज 19,000 रन

| पारी | खिलाड़ी | देश |
|---|---|---|
| 399 | विराट कोहली | भारत |
| 432 | सचिन तेंदुलकर | भारत |
| 433 | ब्रायन लारा | वेस्टइंडीज |
| 440 | केन विलियमसन | न्यूजीलैंड |
| 444 | जो रूट | इंग्लैंड |
| 444 | रिकी पोंटिंग | आस्ट्रेलिया |

### न्यूजीलैंड के 5 शतक

2025 संस्करण में न्यूजीलैंड के 5 बल्लेबाज शतक लगा चुके हैं। यह भी अपने आप में खास रिकॉर्ड है। पाकिस्तान के खिलाफ मैच में विल यंग और टॉम लाथम ने शतक लगाया था। बांग्लादेश के खिलाफ रचिन रवींद्र ने 112 रन बनाए थे। अब सेमीफाइनल में रचिन और केन ने सेंचुरी लगाई।

### रचिन रवींद्र ने जड़ा रिकॉर्ड शतक

न्यूजीलैंड के स्टार बल्लेबाज रचिन रवींद्र ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ नॉकआउट मैच में शतक जड़कर इतिहास रच दिया। वह आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के एक संस्करण में एक से ज्यादा शतक जड़ने वाले पहले कीवी बल्लेबाज बने हैं। चैंपियंस ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल में रचिन रवींद्र ने 108 रन की पारी खेली। रचिन ने विलियमसन के साथ मिलकर दूसरे विकेट लिए रिकॉर्ड 164 रन की साझेदारी की। रचिन और विलियमसन के बीच 164 रन की साझेदारी चैंपियंस ट्रॉफी में न्यूजीलैंड के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है, जो 2004 में द ओवल में यूएसए के खिलाफ नाथन एस्टल और स्कॉट स्टायरिस के बीच 163 रन की साझेदारी को पीछे छोड़ा।



### एक संस्करण में शतक

| शतक | खिलाड़ी | सत्र |
|---|---|---|
| 3 | क्रिस गेल | 2006 |
| 2 | सौरव गांगुली | 2000 |
| 2 | सईद अनवर | 2000 |
| 2 | हर्शल गिब्स | 2002 |
| 2 | उपुल थरंगा | 2006 |
| 2 | शेन वॉटसन | 2009 |
| 2 | शिखर धवन | 2013 |
| 2 | रचिन रवींद्र | 2025 |

### चैलेंज लीग...



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के वीवाईबीके स्टेडियम में बुधवार को गुरबानोव याज्गिलिच, सफेद पोशाक में, भारत के ईस्ट बंगाल एफसी और तुर्कमेनिस्तान के एफसी अर्काडाग के बीच एएफसी चैलेंज लीग 2024-25 फुटबॉल मैच के दौरान गोल करने के लिए शॉट लेते हुए।

## वनडे रैंकिंग

# चौथे स्थान पर पहुंचे कोहली अक्षर-शमी को भी फायदा



एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय स्टार बल्लेबाज विराट कोहली चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 84 रन की विजयी पारी के बाद बुधवार को बल्लेबाजों की आईसीसी वनडे रैंकिंग में एक पायदान के फायदे से चौथे स्थान पर पहुंच गए।

कोहली को जहां फायदा हुआ, वहीं कप्तान रोहित शर्मा दो पायदान नीचे खिसककर पांचवें स्थान पर पहुंच गए जबकि दक्षिण अफ्रीका के हेनरिक क्लासेन भी एक पायदान के लाभ से तीसरे स्थान पर पहुंच गए। भारत के उप कप्तान और सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल शीर्ष स्थान पर बरकरार हैं जबकि पाकिस्तान के बाबर आजम दूसरे स्थान पर हैं। अन्य भारतीयों में स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर अक्षर पटेल और तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी भी क्रमशः ऑलराउंडर और गेंदबाजों की रैंकिंग में सुधार करते हुए आगे बढ़े हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की ताजा ऑलराउंडर रैंकिंग में पटेल करियर के सर्वोच्च 194 रेटिंग अंकों के साथ 13वें स्थान पर पहुंच गए हैं। चैंपियंस ट्रॉफी में अब तक आठ विकेट लेने वाले शमी इस बीच तीन पायदान ऊपर चढ़कर 609 रेटिंग अंकों के साथ गेंदबाजी रैंकिंग में 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

### बेखौफ क्रिकेट खेलने से टी20 में सफलता मिली



**मुंबई।** कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने इंडियन प्रीमियर लीग और घरेलू टी20 में मिली सफलता का श्रेय शांत रहते हुए बेखौफ क्रिकेट खेलने को दिया। रहाणे ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के पिछले सत्र में 164.56 की स्ट्राइक रेट से 469 रन बनाए जिसमें पांच अर्धशतक शामिल थे। रहाणे ने कहा, 'मैं हमेशा पारी के सूत्रधार की भूमिका निभाने की सोचता था। पिछले दो तीन साल से हालांकि मैने आजादी के साथ बेखौफ क्रिकेट खेलने पर जोर दिया।'

### अभी तक परफेक्ट खेल नहीं दिखाया



**दुबई।** आसानी से संतुष्ट नहीं होने वाले भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में पहुंचने के बावजूद उनकी टीम ने अभी तक 'परफेक्ट खेल' नहीं दिखाया है और उन्हें उम्मीद है कि रविवार को फाइनल में यह देखने को मिलेगा। भारत ने पहले सेमीफाइनल में आस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराया। गंभीर ने कहा, 'अंतरराष्ट्रीय खेल में आप लगातार बेहतर प्रदर्शन करना चाहते हैं। आप यह नहीं कहते कि पूरी तरह से परफेक्ट खेल दिखाया। अभी तक हमने परफेक्ट प्रदर्शन नहीं किया है। मैं कभी भी प्रदर्शन से संतुष्ट नहीं होऊंगा।'

# भारत करेगा एशियाई योगासन चैंपियनशिप 2025 की मेजबानी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप की मेजबानी 29 से 31 मार्च तक यहां इंदिरा गांधी स्टेडियम में करेगा जिसमें कुल 16 देश भाग लेंगे। खेल मंत्रालय और योगासन भारत के सहयोग से आयोजित की जा रही इस चैंपियनशिप का उद्देश्य योगासन की समृद्ध विरासत और सांस्कृतिक महत्व को अपनाते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसका प्रदर्शन करना है।

एशियाई ओलंपिक परिषद, विश्व योगासन, एशियाई योगासन और योगासन इंद्रप्रस्थ द्वारा समर्थित यह कार्यक्रम योगासन को ओलंपिक में शामिल करने की दिशा में खाका तैयार करने में मदद करेगा। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, 'योग की जन्मभूमि भारत को दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप की मेजबानी करने का गौरव प्राप्त है। यह आयोजन सिर्फ एक प्रतियोगिता नहीं है। यह हमारे प्राचीन ज्ञान का उत्सव है जो आधुनिक प्रतिस्पर्धी खेल




के रूप में विकसित हो रहा है। हम योगासन को वैश्विक खेल बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह चैंपियनशिप उस लक्ष्य की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। हम इस आयोजन के माध्यम से योगासन की उपयोगिता खेल के संदर्भ में समझ सकेंगे। योगासन में शारीरिक और मानसिक दोनों तरह से जीवन को बदलने की शक्ति भी है।'

### यूपी वारियर्स का मुंबई के खिलाफ मैच आज



**लखनऊ।** खराब फॉर्म से जूझ रही यूपी वारियर्स को महिला प्रीमियर लीग में बृहस्पतिवार को यूपी वारियर्स के खिलाफ हर हालत में जीत दर्ज करनी होगी। लगातार दो मैच हार चुकी यूपी वारियर्स की प्लेआफ में पहुंचने की उम्मीदें इसी मैच पर टिकी है। उसे इकाना स्टेडियम पर पिछले मैच में गुजरात जाइंट्स ने बड़े अंतर से हराया। 81 रन से मिली हार ने उन्हें तालिका में सबसे नीचे धकेल दिया और रनरेट भी गिरा दिया। अब दो ही मैच बचे हैं और उन्हें लगातार तीसरी हार से बचना होगा।

## 16 रन से 52वें वनडे शतक से चूके 36 वर्षीय विराट

# नई ऊंचाइयों को छूने को तत्पर हैं किंग कोहली

एजेंसी ▶▶| दुबई

मैदान पर हर प्रतिद्वंद्वी के साथ साथ पिछले कुछ अर्से से चली आ रही अपनी निजी कमजोरियों को भी चैंपियंस ट्रॉफी में मीलों पीछे छोड़ देने वाले विराट कोहली क्रिकेट की रिकॉर्ड पुस्तिका में अपना नाम कई बार दर्ज कराने के बाद भी नई ऊंचाइयों को छूने को आतुर लग रहे हैं।

आस्ट्रेलिया के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में अगर वह शतक से 16 रन से चूके नहीं होते तो यह उनका 52वां वनडे शतक होता। वैसे उन्हें मायूसी नहीं होगी क्योंकि उन्होंने इस पारी से कई उपलब्धियां हासिल की है। पहली तो यह कि लंबे समय से स्पिनरों ने उन्हें परेशान कर रखा था जिससे वह उबर गए हैं। दूसरी उनका अर्धशतक ऐसे प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ था जिसने अतीत में कई बार भारत का दिल तोड़ा है। यह चमत्कार हालांकि रातोंरात नहीं हुआ है बल्कि इसके पीछे उनकी कड़ी मेहनत है।



### सर्वश्रेष्ठ चेसमास्टर

आस्ट्रेलिया के दिग्गज बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने कहा, 'वह लक्ष्य का पीछा करने वाला सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज है। हमारे खिलाफ वह कई बार ऐसा कर चुका है। वह अपनी ताकत पर खेलकर मैच को आखिर तक ले जाता है।'

### हालात के अनुकूल ढलने में माहिर

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कोहली की तारीफ करते हुए कहा, 'वह वनडे क्रिकेट में जबर्दस्त खिलाड़ी है। उसे पता है कि पहले बल्लेबाजी करने या लक्ष्य का पीछा करते हुए कैसे रणनीति बनानी है। वह हालात के अनुकूल तेजी से ढल जाता है और यही वजह है कि आला दर्जे के खिलाड़ी और अनुभव क्यों महत्वपूर्ण है। यही वजह है कि वनडे क्रिकेट में उसका इतना जबर्दस्त रिकॉर्ड है। उम्मीद है कि वह भविष्य में भी ऐसे ही खेलते रहेगा।'

### एक एक रन दे रहे थे सबसे ज्यादा खुशी

छत्तीस वर्ष के कोहली ने लक्ष्य का पीछा करते हुए जीते हुए 106 मैचों में 5999 रन बनाए हैं। लक्ष्य का पीछा करते हुए उन्होंने 166 मैचों में 8063 रन बनाए जो सचिन तेंदुलकर के बाद सबसे ज्यादा है।कोहली ने कल कहा था, 'मेरी टाइमिंग और पिच पर रवैया यही था कि हड़बड़ी नहीं करनी है। जितने एक एक रन मैने लिए हैं, वह मुझे सबसे ज्यादा खुशी दे रहे हैं। यह खेल दबाव के बारे में है। आपको जज्बात पर काबू पाना होता है। जब रनरेट छह रन प्रति ओवर था, मैं तब भी विचलित नहीं हुआ।'

खबर संक्षेप

### सुनीता विलियम्स को आई लैब्राडोर की याद



**वॉशिंगटन।** भारतीय मूल की अमेरिकी एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स और उनके अंतरिक्ष के साथी विल्मोर बुच की अब धरती पर वापसी होने वाली है। इसी महीने 19 मार्च को दोनों पृथ्वी पर लौट आएंगे। अब तक दोनों अंतरिक्ष में नौ महीने गुजार चुके हैं। अंतरिक्ष में रहने के दौरान सुनीता को अपने लैब्राडोर डॉगी की याद आ रही है। उन्होंने कहा कि अब उससे मिलने के लिए और इंतजार नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि मैं अपने लैब्राडोर रिट्रीवर्स से फिर से मिलने का और इंतजार नहीं कर सकती।

### अमेरिका को पाक सौंपेगा आईएसकेपी आतंकी



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने इस्लामिक स्टेट खोरासान (आईएसकेपी) के आतंकी मोहम्मद शरीफुल्लाह उर्फ जफर को गिरफ्तार किया है। शरीफुल्लाह पर 20 से ज्यादा आतंकी हमलों में शामिल होने का आरोप है। उसे अफगानिस्तान के हामिद करजई एयरपोर्ट पर 2021 में हुई बमबारी का मास्टरमाइंड माना जाता है। इस हमले में 13 अमेरिकी सैनिकों और 170 अफगान नागरिकों की जान गई थी। इसके चलते वह अमेरिका की मोस्ट वॉन्टेड लिस्ट में शामिल है।

## ट्रंप का टैरिफ लागू: अमेरिका की चीन, कनाडा व मेक्सिको से आर्थिक जंग शुरू

# ट्रूडो का जवाब- अमेरिकी वस्तुओं पर लगाया 25% टैरिफ, पुतिन को खुश करने में लगे हैं

### कनाडा डब्ल्यूटीओ में ट्रेड एग्रीमेंट उल्लंघन को चुनौती देगा

एजेंसी ▶▶ ओटावा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से कनाडा, मेक्सिको और चीन पर लगाया गया आयात शुल्क मंगलवार से लागू होने के साथ ही दुनिया में नया व्यापार युद्ध शुरू हो गया है। ट्रंप ने जहां कनाडा और मेक्सिको पर 25 फीसदी आयात शुल्क लगाया, वहीं चीन के उत्पादों पर यह 20 फीसदी है।
बता दें कि ट्रंप ने अमेरिका के तीन सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों के खिलाफ टैरिफ लगाए, जिसके बाद मैक्सिको, कनाडा और चीन ने तुरंत जवाबी कार्रवाई की और वित्तीय बाजारों में उथल-पुथल मचा दी। ट्रंप ने मैक्सिकन और कनाडाई आयातों पर 25 फीसदी टैरिफ लगा दिया, हालांकि उन्होंने कनाडाई ऊर्जा पर शुल्क को 10 फीसदी तक सीमित कर दिया।

कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से कहा कि कनाडा पर लगाया गया आयात शुल्क एक बेहद मूर्खतापूर्ण काम है और उनका देश तत्काल इसका जवाब देगा। उन्होंने कहा कि ट्रंप कनाडा के खिलाफ व्यापार युद्ध छेड़ते हुए रूस को खुश कर रहे हैं। अपने कार्यकाल के अंतिम दिनों में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए ट्रूडो ने कहा कि हम अमेरिका से होने वाले 30 अरब कनाडाई डॉलर के आयात पर तत्काल 25 फीसदी टैरिफ लगा रह हैं और जरूरत पड़ने पर अगले 21 दिन में 125 अरब कनाडाई डॉलर के अन्य आयात पर भी टैरिफ लगाएंगे। हालांकि इन सभी टैरिफ के लिए निश्चित रूप से कोई न्यायोचित वजह नहीं बताई जा सकती। उन्होंने कहा कि कनाडा डब्ल्यूटीओ में अमेरिका-मैक्सिको-कनाडा ट्रेड एग्रीमेंट के उल्लंघन को चुनौती देगा।

**इस व्यापार युद्ध से दुनिया में महंगाई तेजी से बढ़ने की आशंका**



### हम कभी अमेरिका के 51वें राज्य नहीं बनेंगे

ट्रूडो ने कहा कि ट्रंप ने कई बार कहा है कि उनका लक्ष्य कनाडा की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाना है, ताकि वे कनाडा को अपने अधीन कर सकें। यही वह चाहते हैं। ट्रूडो ने कहा कि हम कभी भी अमेरिका के 51वें राज्य नहीं बनेंगे। वहीं, ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया ट्रुथ सोशल पोस्ट में कहा कि कनाडा के गवर्नर ट्रूडो को समझाएं कि जब कनाडा अमेरिका पर प्रतिशोधी टैरिफ लगाएगा, तो हमारा पारस्परिक टैरिफ भी तुरंत उसी राशि से बढ़ जाएगा।

#### पुतिन को खुश कर रहा अमेरिका

ट्रूडो ने कहा कि अमेरिका ने कनाडा, अपने सबसे करीबी साथी के खिलाफ व्यापार युद्ध छेड़ दिया है और साथ ही रूस के तानाशाह व्लादिमीर पुतिन को खुश करने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि कनाडा यह व्यापार युद्ध नहीं चाहता, लेकिन ट्रंप ने यह विकल्प चुना है। ट्रूडो ने रूस के बारे में कहा कि अमेरिकी अपने दोस्तों को ऐसे देश के पक्ष में छोड़ने के बारे में कैसा महसूस करते हैं, जिसने कभी अमेरिकियों की भलाई के लिए काम नहीं किया?

#### कनाडाई आहत और नाराज

ट्रूडो ने कहा कि ट्रंप ने कनाडा की संप्रभुता को खतरे में डाल दिया है, जिससे देश में गुस्सा बढ़ रहा है। कनाडाई आहत और नाराज हैं। हम अमेरिकी उत्पादों के बजाय कनाडाई उत्पाद खरीदने की कोशिश करेंगे। कनाडा के सबसे अधिक आबादी वाले प्रांत ओंटारियो के प्रीमियर डग फोर्ड ने कहा कि वे अमेरिका को बिजली का निर्यात 25 फीसदी कर देंगे और अगर टैरिफ जारी रहे तो इसे पूरी तरह से बंद कर सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि वे अमेरिका को निकल और दुर्लभ खनिजों की बिक्री भी रोक सकते हैं। इसके अलावा, ओंटारियो और अन्य प्रांतों ने अमेरिकी शराब के ब्रांड हटाने शुरू कर दिए हैं। बता दें कि ओंटारियो ने 2023 में मिशिगन, न्यूयॉर्क और मिनेसोटा में अमेरिका के 1.5 मिलियन घरों को बिजली दी।

#### हमारे पास सर्वाधिक 'लिक्विड गोल्ड': ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कांग्रेस (अमेरिकी संसद) के संयुक्त सत्र को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अमेरिका के पास दुनिया के किसी भी देश से ज्यादा 'लिक्विड गोल्ड' यानी पेट्रोलियम है। इसके लिए हम अलास्का में बहुत बड़ी प्राकृतिक गैस पाइपलाइन बिछाएंगे। इसमें कई देश अरबों रुपए निवेश करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे पैरों के नीचे धरती के अंदर किसी भी देश से ज्यादा मात्रा में लिक्विड गोल्ड है। और अब, मैं पूरी तरह से अब तक की सबसे प्रतिभाशाली टीम को इसे इकट्ठा करने के लिए अधिकृत करता हूँ।

राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने की घोषणा

## अमेरिका की कई वस्तुओं पर अब जवाबी टैरिफ लगाएगा मैक्सिको



एजेंसी ▶▶ मैक्सिको सिटी

मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने मंगलवार को घोषणा की कि उनका देश अमेरिका के 25 फीसदी टैरिफ के कदम का जवाब अमेरिकी वस्तुओं पर कर लगाकर देगा। शीनबाम ने कहा कि वह रविवार को मैक्सिको सिटी के सेंट्रल प्लाजा में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में उन उत्पादों की घोषणा करेंगी, जिन पर मैक्सिको टैरिफ लगाएगा। उन्होंने कहा कि मैक्सिको ने जनवरी से ही कहा है कि उसके पास इस स्थिति का सामना करने के लिए एक योजना तैयार है। शीनबाम ने कहा कि अमेरिका के कुछ सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों पर दंड लगाने का कोई कारण नहीं है, जो हमारे लोगों और देश को प्रभावित करेगा।

#### व्हाइट हाउस के तथ्य अपमानजनक

*शीनबाम ने सोमवार को व्हाइट हाउस की ओर से प्रकाशित तथ्य पत्र को खारिज किया, जिसमें आरोप लगाया गया था कि मैक्सिको के नशीली दवाओं के तस्कर सरकार के संबंध बनाए रखते हैं। शीनबाम ने इसे अपमानजनक और मानहानिकारक बताया और अपने प्रशासन की उपलब्धियों को गिनाया, जिसमें एक टन से अधिक के फेंटेनाइनाइल को जब्त करना और 329 मेथामफेटाइन प्रयोगशालाओं को नष्ट करना शामिल है। मैक्सिको की राष्ट्रपति ने कहा, हम नशीली दवाओं की अवैध तस्करी को रोकने के लिए सहयोग करते हैं। हमने कई मौकों पर कहा है कि उस देश की सरकार को भी उस संकट की जिम्मेदारी लेनी चाहिए, जिसने अमेरिका में इतनी जानें ली हैं।*

#### पूरी दुनिया पर असर, महंगाई बढ़ेगी

अमेरिका के साथ तीन देशों के इस टैरिफ युद्ध का असर पूरी दुनिया पर पड़ना तय है। वैश्विक जीडीपी में इन चार देशों की हिस्सेदारी कुल 48.1 फीसदी है। अकेले अमेरिका की हिस्सेदारी विश्व जीडीपी में 26 फीसदी, जबकि चीन की 19 फीसदी है। इन दोनों के मुकाबले मेक्सिको (1.9 फीसदी) व कनाडा (1.2 फीसदी) की स्थिति कमजोर है। इस व्यापार युद्ध से दुनिया में महंगाई तेजी से बढ़ने की आशंका गहरा गई है। मुद्रास्फीति बढ़ने और विकास में बाधा पैदा होने के संकेत पहले ही मिलने शुरू हो चुके हैं।

चीन ने भारी भरकम रक्षा बजट का किया ऐलान

## 249 अरब अमेरिकी डॉलर का हो जाएगा पिछले साल की तुलना में 7.2% अधिक

एजेंसी ▶▶ बीजिंग



चीन ने 2025-26 के लिए भारी भरकम रक्षा बजट का ऐलान किया है। इससे चीन के खतरनाक इरादों को समझा जा सकता है। चीन अपनी सेना को दुनिया की सबसे ताकतवर सेना बनाने के लक्ष्य को लेकर चल रहा है। वह इस मामले में अमेरिका को भी पीछे छोड़ना चाहता है। लिहाजा चीन अपने रक्षा बजट को हर साल बढ़ाता जा रहा है।

#### अमेरिका के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा रक्षा बजट

*चीन के पीएम ली क्विंग द्वारा चीन की संसद में प्रस्तुत मसौदा बजट रिपोर्ट के अनुसार इस वर्ष देश का नियोजित रक्षा व्यय लगभग 249 अरब अमेरिकी डॉलर है। पिछले साल चीन ने अपना रक्षा बजट 7.2 प्रतिशत बढ़ाकर लगभग 232 अरब अमेरिकी डॉलर कर दिया था। अमेरिका के बाद चीन के पास दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा रक्षा बजट है।*

#### भारत से 3 गुना ज्यादा रक्षा बजट



चीन का यह रक्षा बजट भारत के रक्षा बजट से करीब 3 गुना ज्यादा है। वहीं अमेरिका के रक्षा बजट का करीब एक चौथाई है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा प्रस्तावित देश का नवीनतम रक्षा बजट 890 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक है।


### पाक में 12 की मौत, 6 आतंकी ढेर, 30 घायल

**पेशावर।** पाकिस्तान के उत्तर पश्चिम में बन्नू में दो विस्फोटक लदे वाहनों ने सैन्य छावनी की चारदीवारी में टक्कर मार दी। मंगलवार को इस आत्मघाती हमले में 12 लोगों की मौत हो गई, जबकि 30 अन्य घायल हो गए। सेना के जवानों ने कम से कम छह आतंकवादियों को मार गिराया। पुलिस ने बताया कि आत्मघाती हमलावरों ने मंगलवार को सूर्यास्त के समय खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पेशावर से लगभग 200 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में बन्नू छावनी की दीवार पर हमला किया। हाफिज गुल बहादुर से जुड़े कम चर्चित जैश अल फुरसान ने बन्नू आत्मघाती हमले की जिम्मेदारी ली।

## बातचीत के लिए तैयार जेलेंस्की, पुतिन ने कहा अच्छे संकेत

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

रूस ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की के उस बयान को 'अच्छा संकेत' बताया है जिसमें उन्होंने कहा था कि वह रूस के साथ तीन साल से चल रहे संघर्ष को समाप्त करने के लिए बातचीत की मेज पर आने को तैयार हैं।




राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया था कि उन्हें यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने एक पत्र भेजा है। ट्रंप ने कहा कि पत्र कहता है, टिकने वाली शांति के करीब पहुंचने के लिए यूक्रेन जल्द से जल्द समझौते की मेज पर आने को तैयार है।

#### यूक्रेन के लोगों को शांति की चाहत

क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने मीडिया से कहा कि यूक्रेन के लोगों से ज्यादा शांति की चाहत किसी को नहीं है। यह दृष्टिकोण आम तौर पर सकारात्मक है। क्रेमलिन बार-बार इस बात पर संदेह जताता रहा है कि जेलेंस्की उसके साथ बातचीत करेंगे। बुधवार को, पेसकोव ने जेलेंस्की द्वारा पारित एक डिक्री का हवाला दिया।

### बर्फबारी का लुत्फ उठाया



**पहलगाम।** दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम में बुधवार को ताजी बर्फबारी हुई है। इस दौरान बड़ी संख्या में पर्यटक पहलगाम पहुंचे। वहां पहुंचकर पर्यटकों ने ताजा बर्फबारी का लुत्फ उठाया।




हादसे के बाद औली फिर पर्यटकों से गुलजार

## सेना के अस्पताल से 36 और श्रमिकों को मिली छुट्टी

### तीन दिनों तक रेस्क्यू अभियान चलाकर 46 श्रमिकों को सुरक्षित बाहर निकाला

एजेंसी ▶▶ जोशीमठ

उत्तराखंड के माणा हिमस्खलन से रेस्क्यू कर अस्पताल लाए गए 36 श्रमिकों को मंगलवार को सेना के अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। ये सभी श्रमिक अपने घर चले गए हैं। 28 फरवरी की सुबह माणा के पास हुए हिमस्खलन में बीआरओ की कार्यदायी संस्था के 54 श्रमिक चपेट में आ गए थे। सेना, आईटीबीपी और एनडीआरएफ की टीम ने तीन दिनों तक रेस्क्यू अभियान चलाकर 46 श्रमिकों को सुरक्षित बाहर निकाला जबकि 8 की बर्फ में दबने से मौत हो गई थी। सभी 46 घायलों को हेलिकॉप्टर से सेना के जोशीमठ स्थित अस्पताल में भर्ती किया गया। गंभीर घायल दो श्रमिकों को एम्स ऋषिकेश भेजा गया जबकि 44 श्रमिक सेना के अस्पताल में ही भर्ती थे।



#### अब सात श्रमिक ही अस्पताल में भर्ती

एक श्रमिक को अस्पताल से सोमवार को छुट्टी दे दी गई थी, वहीं मंगलवार को 36 अन्य श्रमिकों को भी छुट्टी दे दी गई। अब सात श्रमिक ही अस्पताल में भर्ती हैं। सेना अस्पताल के विशेषज्ञ डॉ. अंकित कुमार मिश्रा ने बताया कि इन श्रमिकों को मामूली चोटें आई थीं जिनका स्वास्थ्य सामान्य होने लगा है। उन्हें अस्पताल से छुट्टी दी जा रही है।

#### 150 पर्यटकों ने चेयर लिफ्ट का लुत्फ उठाया

दो दिन औली में पर्यटकों की आवाजाही बंद रहने के बाद मंगलवार को यहां आवाजाही शुरू कर दी गई। रविवार और सोमवार को औली में पर्यटक नहीं पहुंच पाए, जिससे औली की वादियों में सन्नाटा पसरा रहा। मंगलवार सुबह बारिश हुई, लेकिन बाद में मौसम सामान्य होने पर पर्यटकों को औली जाने की अनुमति दे दी गई। वहीं औली में 105 पर्यटकों ने गढ़वाल मंडल विकास निगम की चेयर लिफ्ट का लुत्फ उठाया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109